I MAX by classklap

# TEACHER COMPANION BOOK

## LEVEL 3

Enhanced Edition




हिंदी

IMAX™

**Because no two students are the same.**

IMAX Program is India's only customised content and educational assessment program.

### 530 Published Books

IMAX Program has authored about 530 publications which are used by more than 4,50,000 students.

### Team of IITians & PhDs

Content development and automation are led by a team of IITians, data scientists and education experts from TISS and TFI.

### Workshops

IMAX Program has conducted teacher training workshops for more than 12,500 teachers.

### 85 Lakh Assessments

IMAX Program has conducted more than 85,00,000 assessments across 11 states in the last 9 years.

**Copyright © 2019 CLASSKLAP PVT. LTD. (Formerly BGM Policy Innovations Pvt. Ltd.)**

This book is sold subject to the condition that it shall not, by way of trade or otherwise, be lent, resold, hired out or circulated in any form, without the publisher's prior, written consent.

All rights reserved. No part of this publication, including but not limited to, the content, the presentation layout, session plans, themes, key type of sums, mind maps and illustrations, may be reproduced, stored in a retrieval system or transmitted, in any form or by any means (electronic, mechanical, photocopying, recording or otherwise), without the prior, written permission of the copyright owner of this book.

This book is meant for educational and learning purposes. The author(s) of the book has/have taken all reasonable care to ensure that the contents of the book do not violate any copyright or other intellectual property rights of any person in any manner whatsoever. In the event the author(s) has/have been unable to track any source and if any copyright has been inadvertently infringed, please notify the publisher in writing for any corrective action.

**Some of the images used in the books have been taken from the following sources:**
www.freepik.com, www.vecteezy.com, www.clipartpanda.com, Creative Commons Attribution

Published by: CLASSKLAP PVT. LTD.
(Formerly BGM Policy Innovations Pvt. Ltd.)
Plot No. 2/5, S.S.S Nagar, West Marredpally, behind West
Marredpally Police Station, Secunderabad, Hyderabad 500026

**This book is part of a package of books and is not meant to be sold separately. For MRP, please refer to the package price.**

# विषय सूची


| क्र.सं. | नाम | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| 1. | वार्षिक पाठ्यक्रम योजना | 1-4 |
| 2. | FA और SA परीक्षा का नमूना | 5-7 |
| 3. | हिंदी पाठ योजना | 8-64 |
| 4. | उत्तर पुस्तिका | 65-83 |
| 5. | अभ्यास पत्र | 84-93 |

# वार्षिक पाठ्यक्रम योजना

**स्तर - 3**

## दो सत्रीय वार्षिक योजना सार:

| वार्षिक योजना | | |
|---|---|---|
| **सत्र** | **कालांश संख्या** | |
| 1 | कालांश | 60 |
| 2 | कालांश | 60 |
| | कुल कालांश | 120 |

| सत्र 1 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| **मूल्यांकन** | **कालांश** | **कुल कालांशों के बाद** | **अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें)** |
| FA 1 | 16 | 16 | |
| FA 2 | 18 | 34 | |
| SA 1 | 26 | 60 | |

| सत्र 2 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| **मूल्यांकन** | **कालांश** | **कुल कालांशों के बाद** | **अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें)** |
| FA 3 | 17 | 17 | |
| FA 4 | 17 | 34 | |
| SA 2 | 26 | 60 | |

## सत्र 1: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | सूरज | 7 | FA 1 | SA1 |
| | 2 | फूलों का राजा | 9 | FA 1 | |
| | 3 | सही जगह | 8 | FA 2 | |
| | पठन हेतु | पहेलियाँ | 1 | FA 2 | |
| | 4 | बिल्ली की घंटी | 9 | FA 2 | |
| | 5 | कौन था भूत | 9 | | |
| | 6 | बीरबल की चतुराई | 9 | | |
| | 7 | डरपोक रेलगाड़ी | 8 | | |

## सत्र 2: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | पठन हेतु | गोली की समझदारी | 1 | FA 3 | SA 2 |
| | 8 | हम बालक हैं नादान | 7 | FA 3 | |
| | 9 | ज्ञान का दीपक | 9 | FA 3 | |
| | 10 | नाम से बड़ा काम | 9 | FA 4 | |
| | पठन हेतु | रंगा सियार | 1 | FA 4 | |
| | 11 | कोयल | 7 | FA 4 | |
| | 12 | रमन बदल गया | 9 | | |
| | 13 | घड़े का घमंड | 9 | | |
| | 14 | गिनती | 6 | | |
| | पठन हेतु | नानी की कहानी | 1 | | |
| | गतिविधि | व्यंजन सीढ़ी | 1 | | |

## तीन सत्रीय वार्षिक योजना सार:

| वार्षिक योजना | | |
|---|---|---|
| सत्र | कालांश संख्या | |
| 1 | कालांश | 52 |
| 2 | कालांश | 34 |
| 3 | कालांश | 34 |
| | कुल कालांश | 120 |

| सत्र 1 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| मूल्यांकन | कालांश | कुल कालांशों के बाद | अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें) |
| FA 1 | 16 | 16 | |
| FA 2 | 18 | 34 | |
| SA 1 | 18 | 52 | |

| सत्र 2 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| मूल्यांकन | कालांश | कुल कालांशों के बाद | अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें) |
| FA 3 | 16 | 16 | |
| SA 2 | 18 | 34 | |

| सत्र 3 मूल्यांकन योजना | | | |
|---|---|---|---|
| मूल्यांकन | कालांश | कुल कालांशों के बाद | अनुमानित तिथि (अध्यापिका भरें) |
| FA 4 | 17 | 17 | |
| SA 3 | 17 | 34 | |

## सत्र 1: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | सूरज | 7 | FA 1 | SA1 |
| | 2 | फूलों का राजा | 9 | FA 1 | |
| | 3 | सही जगह | 8 | FA 2 | |
| | पठन हेतु | पहेलियाँ | 1 | FA 2 | |
| | 4 | बिल्ली की घंटी | 9 | FA 2 | |
| | 5 | कौन था भूत | 9 | | |
| | 6 | बीरबल की चतुराई | 9 | | |

## सत्र 2: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | डरपोक रेलगाड़ी | 8 | FA 3 | SA 2 |
| | पठन हेतु | गोली की समझदारी | 1 | FA 3 | |
| | 8 | हम बालक हैं नादान | 7 | FA 3 | |
| | 9 | ज्ञान का दीपक | 9 | | |
| | 10 | नाम से बड़ा काम | 9 | | |

## सत्र 3: मूल्यांकन अनुसार पाठ्यक्रम योजना

| सत्र | पाठ सं. | पाठ का नाम | निर्धारित कालांश | रचनात्मक मूल्यांकन (FA) | योगात्मक मूल्यांकन (SA) |
|---|---|---|---|---|---|
| | पठन हेतु | रंगा सियार | 1 | FA 4 | SA 3 |
| 3 | 11 | कोयल | 7 | FA 4 | |
| | 12 | रमन बदल गया | 9 | FA 4 | |
| | 13 | घड़े का घमंड | 9 | | |
| | 14 | गिनती | 6 | | |
| | पठन हेतु | नानी की कहानी | 1 | | |
| | गतिविधि | व्यंजन सीढ़ी | 1 | | |

## LEVEL - 3 FA प्रश्न पत्र का नमूना

| भाग | कौशल | प्रश्न का प्रकार | कुल अंक |
|---|---|---|---|
| I | पठन | पठित गद्यांश/पद्यांश<br>पाठ्य पुस्तक से संबंधित<br>5 प्रश्न × 1 अंक<br>(2 MCQ प्रश्न) | **5** अंक |
| II | लेखन | 3 प्रश्न × 2 अंक<br>पाठ्य पुस्तक से संबंधित | **6** अंक |
| III | शब्द भंडार | 3 प्रश्न × 1 अंक<br>पढ़ो, समझो लिखो से | **3** अंक |
| IV | व्याकरण | 3 प्रश्न × 2 अंक<br>भाषा की बात से | **6** अंक |
| **कुल** | | | **20** अंक |
| **भाग V- आश्चर्यजनक प्रश्न (5 अंक)**<br>*(3 से5 अंक के प्रश्न परिवर्तित **(Modified)** हो सकते हैं।)* | | | |

## LEVEL -3 SA प्रश्न पत्र का नमूना ( 50 अंक)

| भाग | कौशल | प्रश्न का प्रकार | प्रश्न और अंक विभाजन | भागवार अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | **पठित गद्यांश** | प्रश्नोत्तर | 3 प्रश्न × 1 अंक | 3 अंक | 5 अंक |
| | | व्याकरण | 2 प्रश्न × 1 अंक | 2 अंक | |
| | **पठित पद्यांश** | प्रश्नोत्तर | 3 प्रश्न × 1 अंक | 3 अंक | 5 अंक |
| | | व्याकरण | 2 प्रश्न × 1 अंक | 2 अंक | |
| 2. | **लेखन कौशल** | 1. पाठ्य पुस्तक के लिखित अभ्यास से संबंधित प्रश्न<br>(विकल्प के साथ-सात में से पाँच प्रश्न)<br>2. पाठ्य पुस्तक पर आधारित MCQs | 5 प्रश्न × 2 अंक<br>5 प्रश्न × 1 अंक | 10 अंक<br>5 अंक | 15 अंक |
| 3. | **रचनात्मक लेखन** | पाठ्य पुस्तक से संबंधित रचनात्मक प्रश्न<br>(विकल्प के साथ-दो में से एक प्रश्न) | 1 प्रश्न × 5 अंक | 5 अंक | 5 अंक |
| 4. | **क) शब्द भंडार** | शब्दार्थ, पढ़ो, समझो, लिखो से संबंधित प्रश्न | 5 प्रश्न × 2 अंक | 10 अंक | 20 अंक |
| | **ख) व्याकरण** | व्याकरण से संबंधित प्रश्न | 5 प्रश्न × 2 अंक | 10 अंक | |
| | **कुल अंक** | | | | **50** |
| | **आश्चर्यजनक प्रश्न** | | | | **5** |

***नोट - 5 से 8 अंक के प्रश्न परिवर्तित (Modified) हो सकते हैं।***

## LEVEL - 3 SAपरीक्षा का नमूना (80 अंक)

| भाग | कौशल | प्रश्न का प्रकार | प्रश्न और अंक विभाजन | भागवार अंक | कुल अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | पठित गद्यांश | प्रश्नोत्तर | 3 प्रश्न × 1 अंक | 3 अंक | 5 अंक |
| | | व्याकरण | 2 प्रश्न × 1 अंक | 2 अंक | |
| | पठित पद्यांश | प्रश्नोत्तर | 3 प्रश्न × 1 अंक | 3 अंक | 5 अंक |
| | | व्याकरण | 2 प्रश्न × 1 अंक | 2 अंक | |
| | अपठित गद्यांश | प्रश्नोत्तर (2MCQ) | 5 प्रश्न × 1 अंक | 5 अंक | 5 अंक |
| | अपठित पद्यांश | प्रश्नोत्तर (2MCQ) | 5 प्रश्न × 1 अंक | 5 अंक | 5 अंक |
| 2. | लेखन कौशल | पाठ्य पुस्तक के लिखित अभ्यास से संबंधित प्रश्न<br>विकल्प के साथ (सात में से पाँच प्रश्न) | 5 प्रश्न × 5 अंक | 25 अंक | 25 अंक |
| 3. | रचनात्मक लेखन | पाठ्य पुस्तक से रचनात्मक संबंधित प्रश्न<br>विकल्प के साथ (चार में से दो प्रश्न) | 2 प्रश्न × 5 अंक | 10 अंक | 10 अंक |
| 4 | क) शब्द भंडार | शब्दार्थ, पढ़ो, समझो, लिखो से संबंधित प्रश्न | 5 प्रश्न × 2 अंक | 10 अंक | 25 अंक |
| | ख) व्याकरण | व्याकरण से संबंधित प्रश्न | 5 प्रश्न × 3 अंक | 15 अंक | |
| | **कुल अंक** | | | | **80 अंक** |
| | **आश्चर्यजनक प्रश्न** | | | | **5 अंक** |

***नोट – 10 से 15 अंक के प्रश्न परिवर्तित (Modified) हो सकते हैं।***

# हिंदी पाठ योजना

**पाठ 1 – सूरज** **निर्धारित कालांश – 7**

पूर्वज्ञान - काव्य-रूप से परिचित होना, सूरज, चाँद, तारों की सामान्य जानकारी होना, कविता को लय के साथ पढ़ना जानना

शब्द भंडार - रोज़, सुबह, शाम, ढलना, सदा, जगाता, खुद, गर्मी, रोशनी, अनाज, बारिश, जीना, फैलाना

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ० सं०1 - सूरज | - कविता के बारे में जानना<br>- कविता को शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- गति तथा लय के साथ गाकर पढ़ना<br>- कठिन शब्दों के अर्थ जानना | एकल या जोड़ों में पठन कौशल<br>सहायक सामग्री - पाठ्यपुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक तथा चाँद-सितारों और सूरज के कुछ चित्र | कक्षाकार्य- कविता का पठन, कठिन शब्दों के अर्थ जानना, कविता का अर्थ जानना<br>गृहकार्य - कविता को सही उच्चारण के साथ पढ़ना और कविता याद करना |
| 2 | पृ० सं० 2 - शब्द, शब्दार्थ, सोचो समझो और बोलो | - नए शब्दों का सही उच्चारण करना<br>- शब्दों के अर्थ जानना<br>- शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना | सहायक सामग्री- पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड | कक्षाकार्य- पृ ० 4<br>गृहकार्य - नए शब्द और शब्दार्थ को उत्तर-पुस्तिका में लिखने को कहना |
| 3 | पृ० सं० 2- आओ जानें | - समतुकांत शब्दों के बारे में जानना<br>- समतुकांत शब्द पहचानना<br>- उनका वाक्यों में प्रयोग सीखना | सहायक सामग्री- पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड | कक्षाकार्य- पृ० 4<br>गृहकार्य – 5 समतुकांत शब्द याद करना |
| 4 | पृ ० सं० 49 - लिखित अभ्यास | - कविता की पंक्तियाँ पूरी करना<br>- दिए गए चित्रों को पहचानना<br>- लिखते समय शुद्ध वर्तनी का प्रयोग करना | सहायक सामग्री- पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य - प्र० 1, 2<br>गृहकार्य – छात्रों को प्रश्नों के उत्तर याद करने के लिए कहना |
| 5 | पृ ० सं ० 49- पढ़ो, समझो और लिखो | - दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखना<br>- सूरज से संबंधित शब्दों से परिचित होना<br>- छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | सहायक सामग्री- पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य - प्र० 1, 2<br>गृहकार्य - छात्रों को सूरज से संबंधित कोई कविता या कहानी याद करके आने के लिए कहना |
| 6 | पृ० सं० 50 - भाषा की बात | - समतुकांत शब्दों की सही जोड़ी मिलाना<br>- मात्रा पहचानकर उन्हें सही स्थान पर लिखना<br>- कविता या कहानी सुनाने में सक्षम होना | सहायक सामग्री-पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य - प्र० 1, 2<br>गृहकार्य - मात्रा तथा उनके सही चिह्नों को सीखना, दी गई मात्राओं से नए शब्द बनाना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | पृ० सं० 50 –<br>श्रुतलेख,<br>आओ खेल खेलें,<br>परियोजना कार्य | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- पाठ से संबंधित कठिन शब्दों की शुद्ध वर्तनी से परिचित होना<br>- निर्देशों के अनुसार कार्य करने में सक्षम होना<br>- कहानी या कविता सुनाने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड, पेंसिल, रबड़, चार्ट पेपर से बने फ़्लैशकार्ड | कक्षाकार्य - पृ० सं० 50 -<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को पाँच-पाँच बार सुधारकर लिखना |

| दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट | दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण**: **(Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को सूरज का चित्र दिखाकर पहचानने को कहना और उनसे पूछना कि 'यदि सूरज न होता तो क्या होता?'<br>- छात्रों को प्रकरण तक लेकर जाना और उन्हें पाठ्यपुस्तक में पाठ 1 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण**: **(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- कविता को स्वयं सही उच्चारण गति और लय के साथ पढ़ना<br>- कविता के कठिन शब्दोंके अर्थ बताना, कविता की अर्थग्राह्यता पर बल देना<br>- छात्रों को समूह में कक्षा के सामने कविता पढ़ने के लिए कहना<br>- छात्रों की समझ जाँचने के लिए उचित प्रश्न पूछना, जैसे- सूरज हमें क्या-क्या देता है?<br>**अंतिम चरण**: **(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के समूहों को एक-दूसरे से शब्दों के अर्थ पूछने को कहना<br>**मूल्यांकन**: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कविता पठन की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण**: **(Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- नए शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ के बारे में पूछना<br>**मुख्य चरण**: **(Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- सोचो, समझो तथा बोलो अनुभाग में दिए प्रश्नों के उत्तर पूछना<br>- मौखिक कौशल जाँचने के लिए हर छात्र से प्रश्न पूछना<br>- छात्रों को एक मात्रा देना और उसे उस मात्रा से संबंधित शब्द बोर्ड पर लिखने के लिए कहना। इस प्रकार मात्राएँ दोहराना। (यह कार्य समूह में भी किया जा सकता है।)<br>**अंतिम चरण**: **(Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में गति और लय के साथ कविता-पठन करने को कहना<br>**मूल्यांकन**: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के आत्मविश्वास, मौखिक कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 3** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण**: **(Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को लघु कविता सुनाना – 'कुछ तो बोल, कुछ तो बोल, कल थे आधे, आज हो गोल, कभी गायब तो कभी गोल-मटोल, अब खोल भी दो अपनी पोल'<br>- छात्रों का ध्यान बोल-गोल-पोल शब्दों पर आकर्षित कराना<br>**मुख्य चरण**: **(Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को समतुकांत शब्दों का से परिचित कराना और अर्थ समझाना | **प्रस्तावना चरण**: **(Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से उनके गृहकार्य के बारे में पूछना और कुछ बच्चों से समतुकांत शब्द पूछना<br>- छात्रों को अभ्यास पुस्तिका का 49 पृष्ठ निकालने के लिए कहना<br>- **मुख्य चरण**:**(Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों से लिखित अभ्यास का प्रश्न 1 और 2 करने के लिए कहना<br>- छात्रों को लिखते समय शुद्ध वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना |

<table>
<tr><td>- फिर छात्रों को समतुकांत शब्दों वाले कुछ वाक्य देना और उन्हें समतुकांत शब्द पहचानने के लिए कहना<br>- छात्रों को पृष्ठ सं. 50 का प्रश्न.1 करने के लिए कहना<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 10 मिनट<br>- छात्रों को जोड़ों में एक शब्द बोलना है और दूसरा छात्र उसका समतुकांत बोलेगा।<br>मूल्यांकन: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के अर्थग्रहण की जाँच करना</td><td>- कार्य समाप्त करने के बाद छात्रों को अपना कक्षाकार्य दोहराने के लिए कहना<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 10 मिनट<br>- छात्रों को गोल घेरे में बैठाकर शब्द-अंत्याक्षरी खिलवाना।<br>मूल्यांकन: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कार्य की जाँच करना</td></tr>
<tr><td>दिवस 5 कालांश अवधि: 30 मिनट</td><td>दिवस 6 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- सूरज से जुड़े विशेष गुणों के बारे में पूछना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 15 मिनट<br>- छात्रों से उत्तर-पुस्तिका पृ. 49 पर प्रश्नों के सही उत्तर लिखने को कहना<br>- सूरज से जुड़े सही शब्दों को चुनने के लिए कहना<br>- कार्य की समय पर सफल समाप्ति का ध्यान रखना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 10 मिनट<br>- छात्र जोड़ों में बैठना। एक-दूसरे को सूरज से संबंधित एक शब्द बोलना और दूसरा छात्र उस शब्द से वाक्य बनाएगा।<br>मूल्यांकन: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच</td><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- ब्लैकबोर्ड पर कुछ शब्द लिखना और छात्रों से उसमें लगी मात्राओं के बारे में पूछना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 15 मिनट<br>- छात्रों को उदाहरण के माध्यम से भाषा की बात के प्रश्नों को समझाना, मात्राओं की जानकारी देना और उत्तर-पुस्तिका पर संबंधित कार्य करवाना<br>- छात्रों से अपने लेखन कार्य को दोहराने के लिए कहना और सही उत्तरों की पुष्टि करना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 10 मिनट<br>- छात्रों से उनके गृहकार्य के बारे में पूछना और उन्हें सूरज से संबंधित कोई कविता या कहानी सुनाने के लिए प्रोत्साहित करना<br><br>मूल्यांकन: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों भाषा कौशल की जाँच करना</td></tr>
<tr><td colspan="2">दिवस 7 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td colspan="2">प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को पाठ के कठिन शब्दों को दोहराने के लिए कहना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 15 मिनट<br>- श्रुतलेख के लिए कविता से उचित शब्द चुनना जैसे- खुद, रोशनी, अनाज, गरमी, फैलाता<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना और छात्रों को शब्दों को ध्यान से सुनने के लिए कहना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 10 मिनट</td></tr>
</table>

- अध्यापक द्वारा ब्लैकबोर्ड पर श्रुतलेख में दिए गए शब्दों को ब्लैकबोर्ड पर शुद्ध वर्तनी के साथ समझाना
- छात्रों से एक-दूसरे के कार्य को परखने के लिए कहना और सभी छात्रों की भागीदारी का निश्चय करना

**मूल्यांकन: -** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की शुद्ध वर्तनी की जाँच करना और श्रेष्ठ कार्य की कक्षा में प्रशंसा करना

## पाठ 2 - फूलों का राजा — निर्धारित कालांश – 9

पूर्वज्ञान - विभिन्न फूलों के नाम, फूलों के पौधों की पहचान होना, फूलों के उपयोग की सामान्य जानकारी होना

शब्द भंडार - गाँव, खूबसूरत, खुशबू, आँगन, गेंदा, तकलीफ, खाँसी, दवा, काँटे, चुभाना, खून, अहंकार, गुलाब, राजा

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृष्ठ सं०3- फूलों का राजा | - विभिन्न फूलों के बारे में जानना<br>- गुलाब के बारे में जानना<br>- पाठ को शुद्ध और स्पष्ट उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- पाठ में आए कठिन शब्दों के उच्चारण और अर्थ को जानना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना | शिक्षण-नीति - पठन कौशल, अर्थ-ग्रहण<br>सहायक सामग्री - पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, फूलों के कुछ चित्र, एक बड़ा-सा गुलाब का चित्र | कक्षाकार्य - पृष्ठ सं०5<br>गृहकार्य - नए शब्दों के शुद्ध उच्चारण और अर्थ जानने के लिए कहना, शब्द-अर्थ याद करने के लिए कहना |
| 2 | पृष्ठ सं० 4 - नए शब्द, शब्दार्थ, सोचो, समझो और बोलो | - पाठ में आए नए और कठिन शब्दों को ध्यान से सुनना और उनके अर्थ जानना<br>- नए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना<br>- 'क वर्ग' से संबंधित ध्वनियों व शब्दों की पहचान करना | सहायक सामग्री - पाठ्य पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य - पृष्ठ सं० 6<br>गृहकार्य - नए शब्द और शब्दार्थ को उत्तर-पुस्तिका में लिखने के लिए कहना |
| 3 | पृ० सं० - 5<br>आओ जानें | - उलटे अर्थ बताने वाले शब्दों का ज्ञान होना<br>- उलटे अर्थ बताने वाले शब्दों की जोड़ियाँ बनाना<br>- शब्दों को उनके उचित उलटे अर्थ से जोड़ना | सहायक सामग्री – विलोम शब्दों के फ़्लैशकार्ड, पाठ्य पुस्तक, छात्रों की संख्या अनुसार पर्चियों पर लिखे विलोम शब्द, कटोरा | कक्षाकार्य -पृष्ठ सं० 7<br>गृहकार्य – उलटे अर्थ वाले शब्दों को याद करने के लिए कहना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | पृ०सं०51- लिखित अभ्यास | - पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- अपने प्रिय फूल के बारे में तीन वाक्य लिखना | सहायक सामग्री -अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- प्र०1,2<br>गृहकार्य- प्रश्नों के उत्तर याद करने को कहना |
| 5 | पृ०सं०52- पढ़ो, समझो और लिखो | - पढ़कर अर्थ समझना और सही उत्तर देने में सक्षम होना<br>- वर्णों को सही क्रम में लगाकर अर्थपूर्ण शब्द बनाना<br>- शब्दों की सही वर्तनी पहचानना<br>- कहानी के अंशों को क्रमानुसार व्यवस्थित करना | सहायक सामग्री - अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०52<br>गृहकार्य – अपने आस-पास ख वर्ग से संबंधित वस्तुओं की पहचान करना और उनके नाम याद करके आना |
| 6 | पृ०सं०53- भाषा की बात | - अर्थ के आधार पर सही शब्द पहचानना<br>- फूलों के नाम पहचानना<br>- मात्रा-प्रयोग से नए शब्द बनाना<br>- बिंदु, चंद्र-बिंदु और विसर्ग के बारे में जानना | सहायक सामग्री - अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़, विभिन्न फूलों के चित्र | कक्षाकार्य- पृ०सं०53<br>गृहकार्य – भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दोहराना |
| 7 | पृ०सं०54- श्रुतलेख | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- पाठ से संबंधित शब्दों की शुद्ध वर्तनी से परिचित होना<br>- निर्देशों के अनुसार कार्य करने में सक्षम होना<br>- मात्रा और बिंदु आदि से परिचित होना | सहायक सामग्री - अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य – पृ.54<br>गृहकार्य – छात्रों को फूलों से संबंधित कोई कहानी या कविता को याद करने के लिए कहना |
| 8 | पृ०सं०54- परियोजना कार्य | - परियोजना कार्य का महत्व समझना<br>- हाव-भाव के साथ कहानी या कविता प्रस्तुत करना<br>- आत्मविश्वास के साथ अपना कार्य प्रस्तुत करना | सहायक सामग्री - अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य – फूलों से संबंधित कोई कहानी या कविता सुनाना |
| 9 | पृ०सं०54- आओ खेल खेलें | - चिंतन कौशल का विकास करना<br>- वर्ग पहेली से शब्दों को ढूँढ़ने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य-<br>- दी गई वर्ग पहेली में से फूलों के नाम चुनना |

| **दिवस 1** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को विभिन्न फूलों तथा गुलाब के फूल दिखाकर पहचानने को कहना<br>- पाठ्य-पुस्तक में से पाठ 2 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में बारी-बारी से पाठ पढ़ने को कहना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना। फिर उनसे नए शब्द और शब्दार्थ के बारे में पूछना और कुछ शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- सभी छात्रों को सोचो, समझो, बोलो से प्रश्नों के मौखिक उत्तर देने का अवसर देना |

| | |
|---|---|
| - पाठ पढ़ते समय शुद्ध उच्चारण पर ध्यान देने को कहना<br>- गलत या अशुद्ध उच्चारण को ठीक करना<br>- छात्रों की समझ को जाँचने के लिए प्रश्न पूछना, जैसे - फूलों के नाम, गुलाब के विशेष गुण<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में एक-दूसरे से शब्दों के अर्थ पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:**<br>- अध्यापक निरीक्षण द्वारा पठन कौशल की जाँच करना | - छात्रों को 'क वर्ग' के व्यंजनों से परिचित कराना और उनकी ध्वनि में अंतर से परिचित कराना<br>- फिर उन्हें 'क वर्ग' से शुरू वाले शब्दों को रेखांकित करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों जोड़ों में बैठेंगे और एक-दूसरे को 'क वर्ग' से संबंधित शब्द देंगे। दूसरा छात्र उस शब्द से वाक्य बनाएगा।<br>**मूल्यांकन:**<br>- अध्यापक निरीक्षण द्वारा मौखिक कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 3** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को उलटे अर्थ वाले शब्दों के फ़्लैशकार्ड दिखाना और उनके नाम पूछना<br>- छात्रों द्वारा बताए गए नामों को ब्लैकबोर्ड पर लिखना और उन शब्दों की विशेषता पूछना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को उलटे अर्थ वाले शब्दों के बारे में बताना और समझाना<br>- छात्रों की अर्थग्राह्यता को जाँच हेतु बच्चों को कुछ शब्द देना और फिर उन्हें शब्दों का उलटा अर्थ बताने के लिए कहना। छात्रों को पेज न. 53 का पहला प्रश्न करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों को कटोरे में से एक-एक पर्ची उठाने के लिए कहना और उन्हें पर्ची अपने आगे लगाना या इस तरह पकड़ना कि अन्य छात्र पर्ची पर लिखा शब्द पढ़ पाएँ। फिर उन्हें अपने उलटे अर्थ वाले शब्द की जोड़ी ढूँढ़ने के लिए कहना। अंत में छात्र अपने-अपने शब्द बोलेंगे।<br>**मूल्यांकन: -** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के उत्तरों की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और उलटे अर्थ वाले शब्दों को दोहराना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से अभ्यास-पुस्तिका में लिखित अभ्यास में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना<br>- उन्हें निर्धारित समय के भीतर अपना लेखन कार्य समाप्त करने के लिए कहना और साथ ही यह देखना कि छात्र सही उत्तर लिख रहे हैं।<br>- शुद्ध वर्तनी लिखने पर बल देना<br>**अंतिम चरण:** (Closure) **समय- 5 मिनट**<br>- उत्तरों की पुष्टि करने के लिए कुछ छात्रों से प्रश्न पूछना देना और कार्य समाप्त होने पर उन्हें अपना कार्य दोहराने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ियों में बाँटना और प्रत्येक जोड़ी को बारी-बारी 'क वर्ग' से संबंधित एक शब्द बोलना और उसकी प्रथम ध्वनि बताने के लिए कहना और उसी ध्वनि से अन्य शब्द | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को फूलों के चित्र दिखाकर उनके नाम दोहराना और उनके रंग भी पूछना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट** |

| | |
|---|---|
| बताने के लिए भी प्रोत्साहित करना। इस प्रकार छात्रों को क-ख, ग-घ की ध्वनियों में अंतर को स्पष्ट करना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को अभ्यास पुस्तिका के पढ़ो, समझो और लिखो भाग के प्रश्नों को समझाना और प्रश्न 1, 2, 3, 4 करने के लिए कहना<br>- छात्रों को यह कार्य निर्धारित समय में समाप्त करने के लिए कहना।<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को अपना लिखित कार्य दोहराने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | - अभ्यास-पुस्तिका में भाषा की बात का प्रश्न 2, 3, 4 समझा ना और पृ.53 पर प्र. 2, 3 और 4 निर्धारित समय में समाप्त करने के लिए कहना<br>- अध्यापिका छात्रों को समय पर अपना कार्य समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना<br>- छात्रों के पास जाकर देखना कि छात्र अपना कार्य ठीक प्रकार से कर रहे हैं या नहीं।<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में अपने पाठ से संबंधित शब्दों के अर्थ पूछना और वाक्य में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के व्याकरण और शब्द भंडार की जाँच करना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को पाठ्य पुस्तिका से कठिन शब्द दोहराने के लिए कहना<br>- सही वर्तनी का महत्व समझाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए पाठ से उचित शब्द चुनना- जैसे- आँगन, गेंदा, खुशबू , काँटे, खाँसी<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना और उन्हें अपना कार्य दोहराने के लिए अवश्य कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- अध्यापक द्वारा ब्लैकबोर्ड पर श्रुतलेख के शब्द लिखवाना और समझाना<br>- छात्रों को श्रुतलेख में गलत लिखे गए शब्दों को तीन बार लिखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा की छात्रों शुद्ध वर्तनी की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और फूलों से संबंधित कोई कविता या कहानी सुनाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को फूलों के बारे में कोई कहानी या कविता सुनाने को कहना<br>- छात्रों को बताना कि वे कहानी या कविता बोलते समय अपनी आवाज़ को श्रवणीय स्वर में रखेंगे और कहानी या कविता को आत्मविश्वास व हाव-भाव के साथ सुनाएँगे।<br>- सभी छात्रों को कहानी या कविता सुनाने का अवसर प्रदान करें।<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्र सभी बच्चों के लिए तालियाँ बजवाएँ और जिस बच्चे ने कहानी या कविता का आदर्श वाचन किया हो, उसकी प्रशंसा करें।<br>**मूल्यांकन:** – अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के प्रस्तुतिकरण कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 9** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को वर्ग पहेली के बारे में बताना और समझाना। पाठ से संबंधित प्रश्नों को दोहराना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 15 मिनट** | |

- छात्रों को अभ्यास-पुस्तिका की पृ. स. 54 निकालने को कहना और वर्ग पहेली को ध्यान से देखकर फूलों के नाम चुनने को कहना तथा समय-सीमा के भीतर कार्य समाप्ति की घोषणा करना
- छात्रों को ब्लैकबोर्ड पर प्रश्नों के उत्तर बताना

**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**

- छात्रों को चार-चार के समूह में बाँटना और प्रत्येक समूह को क, ख, ग, घ अक्षरों के नाम देना। फिर छात्रों को समूह में 5 मिनट के भीतर दिए गए अक्षर से संबंधित अधिक-से-अधिक शब्द लिखने के लिए कहना। समय समाप्त होने पर बारी-बारी समूह से कक्षा के सामने आकर दिए गए अक्षर से संबंधित शब्द बोलने के लिए कहना। छात्रों द्वारा शब्दों के गलत उच्चारण या शब्द पर त्रुटि का निवारण करना और समझाना

**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की मौखिक व चिंतन कौशल की जाँच करना और उनकी समझ को जाँचना

## पाठ – 3 सही जगह　　निर्धारित कालांश – 8

**पूर्वज्ञान** – आकाश में चाँद और सितारों के होने का ज्ञान, चाँद के घटने- बढ़ने को दिखाते चित्र, सरल वाक्यों को समझना

**शब्द भंडार -** आकाश, सितारे, आधा, घटना, बढ़ना, अँधेरा, चाँद, गाँव, चंचल, सतरंगी

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं० 6-7<br>सही जगह, नए शब्द, शब्दार्थ | - पाठ के सरल वाक्यों को समझना<br>- नए और कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- पाठ को ध्यान से सुनना और पाठ के अर्थ तथा भाव को समझना<br>- जोड़ों में पठन कौशल का विकास करना | शिक्षण- जोड़ों में शुद्ध उच्चारण के साथ पाठ का पठन<br>सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं० 6-7<br>गृहकार्य- छात्रों को नए शब्द और कठिन शब्दों के अर्थ याद करने को कहना |
| 2 | पृ०सं०-7<br>सोचो समझो और बोलो | - च वर्ग से संबंधित ध्वनियों व शब्दों की पहचान करना<br>- च वर्ग से संबंधित शब्दों को सरल वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर देना<br>- ध्वनि के आधार पर शब्दों में अंतर करना, उच्चारण समझना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, अभ्यास-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-7, 8<br>गृहकार्य- छात्रों को अपने आस-पास ट वर्ग से संबंधित शब्द याद करने के लिए कहना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | पृ०सं०-8<br>आओ जानें | - वचन के भेद की पहचान होना<br>- एकवचन और बहुवचन में अंतर जानना<br>- वचन के आधार पर शब्दों की जोड़ी बनाना<br>- वचन परिवर्तन करने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- कक्षा में प्रस्तुत सामग्री जैसे कलमें, पुस्तक, दरवाज़ा, खिड़कियाँ आदि, पाठ्य पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-8<br>गृहकार्य- एकवचन तथा बहुवचन का अभ्यास करना और शब्द याद करना |
| 4 | पृ०सं०-55<br>लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- शुद्ध वर्तनी के साथ सही उत्तर लिखना | सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, | कक्षाकार्य- पृ०सं०-55<br>गृहकार्य- प्रश्नों के उत्तर याद करने के लिए कहना |
| 5 | पृ०सं० 55-56<br>पढ़ो, समझो और लिखो | - पढ़कर ध्वनि के आधार पर शब्दों में अंतर कर सकना<br>- पुनरावृत्ति वाले शब्दों का सही प्रयोग सीखना<br>- चित्र पहचानकर उचित मिलान करने में सक्षम होना<br>- वाक्य पढ़कर सही मिलान करने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०55-56<br>गृहकार्य- पाठ – 3 पढ़ना |
| 6 | पृ०सं०-57<br>भाषा की बात | - वचन बदलना<br>- अक्षरों से नए शब्द बनाना<br>- वचन पहचानना<br>- दिए गए वर्ग के अक्षरों से नए शब्द बनाना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-57 - 58<br>गृहकार्य- छात्रों को पाठ में प्रयुक्त कठिन शब्दों को दोहराने के लिए कहना |
| 7 | पृ०सं०-58<br>श्रुतलेख | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- नए और कठिन शब्दों की वर्तनी से परिचित होना और लिखना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-58<br>गृहकार्य- छात्रों द्वारा पुराने समाचार पत्र, पत्रिकाओं से वचन से संबंधित चित्र लाना |
| 8 | पृ०सं०-58<br>परियोजना कार्य | चार्ट पेपर पर वचन का चार्ट बनाने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- चार्ट पेपर, रंगीन कलम | कक्षाकार्य- चार्ट पेपर पर रंगीन कलम से वचन का चार्ट बनाना |

| **दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के साथ रात के बारे में चर्चा करना और उनसे पूछना कि यदि चाँद गायब हो जाए तो क्या होगा?<br>- छात्रों को आकाश, चाँद और सितारों के बारे में कुछ वाक्य कहने के लिए प्रोत्साहित करना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट** | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना। फिर नए शब्द और शब्दार्थ के बारे में पूछना और कुछ शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से सोचो, समझो और बोलो से मौखिक प्रश्न पूछना (आप स्वयं भी प्रश्न बनाकर पूछ |

<table>
<tr><td>- छात्रों को जोड़ों में बैठकर बारी-बारी से पाठ पढ़ने के लिए कहना<br>- छात्रों को पठन क्रिया के दौरान नए शब्द व अर्थ से परिचित कराना<br>- गलत उच्चारण पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना और अंत में पाठ का आदर्श वाचन करके छात्रों को बताना<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को एक-दूसरे से शब्दार्थ पूछने को कहना<br>मूल्यांकन:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा पठन कौशल की जाँच करना</td><td>सकती हैं।)<br>- फिर छात्रों को 'च वर्ग' से संबंधित वर्णों की ध्वनियों से परिचित कराना और ब्लैकबोर्ड पर इन ध्वनियों से संबंधित शब्दों को लिखकर पृ. सं. 8 पर प्र. 2 - ध्वनियों में अंतर समझाना<br>- छात्रों को पाठ में आए 'च वर्ग' से संबंधित शब्दों को रेखांकित करने के लिए कहना<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट<br>- प्रत्येक छात्र के पास जाकर उनके कार्य की जाँच करना और जोड़ों में छात्रों को 'ट वर्ग' से संबंधित एक शब्द देना और जोड़ों से उस शब्द की प्रथम ध्वनि पूछना<br>मूल्यांकन:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा मौखिक अभिव्यक्ति और शुद्ध उच्चारण की जाँच</td></tr>
<tr><td>दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट</td><td>दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को कक्षा में प्रस्तुत वस्तुएँ दिखाना जैसे – किताबें, पेंसिलें, ब्लैकबोर्ड, दरवाज़ा, अलमारी, कुर्सियाँ आदि और इन शब्दों को ब्लैकबोर्ड पर लिखना<br>- छात्रों से पूछना कि इनमें से हमारे पास कौन-सी एक वस्तु है और कौन-सी अनेक वस्तुएँ हैं? इस प्रकार छात्रों को प्रकरण पर लेकर जाना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- वचन से परिचित कराना और वचन के भेद बताकर वचन बदलना सिखाना<br>- ब्लैकबोर्ड पर लिखे एकवचन और बहुवचन के शब्द पहचानना<br>- वचन बदलने के सरल उदाहरण देना, जैसे – केला – केले, तारा – तारे, घोड़ा – घोड़े आदि।<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को चार-चार के समूह में बाँटना और फिर उन्हें आपस में एक-दूसरे से एकवचन और बहुवचन पूछने के लिए कहना<br>मूल्यांकन: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा अर्थग्राह्यता और छात्रों के उत्तरों की जाँच करना</td><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों से गृहकार्यके बारे में चर्चा करना और वचन दोहराना (अध्यापिका कक्षा में वचन का चार्ट तैयार करके लगाए।)<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 15 मिनट<br>- छात्रों से अभ्यास-पुस्तिका में 'लिखित अभ्यास' भाग से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना और निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>- छात्रोंक सही उत्तरों की पुष्टि करना और उन्हें शुद्ध वर्तनी लिखने पर बल देना<br>- कार्य समाप्ति के बाद छात्रों को अपना कार्य दोहराने के लिए कहना<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 10 मिनट<br>- छात्र जोड़ों में एक-दूसरे ो बारी-बारी 'क, च वर्ग' से संबंधित शब्द बोलेंगे और छात्र उस शब्द की प्रथम ध्वनि बताएगा।<br>मूल्यांकन:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कौशल की जाँच करना</td></tr>
<tr><td>दिवस 5 कालांश अवधि: 30 मिनट</td><td>दिवस 6 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को वचन से संबंधित शब्द देना और छात्र उसका भेद बताएँगे - एकचन या बहुवचन</td><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और छात्रों से पूछना कि उन्होंने इस पाठ से क्या सीखा और उन्हें</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| **मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को अभ्यास पुस्तिका का पृ. 55 पर प्र. 1, 2, 3, 4 करने के लिए कहना<br>- छात्रों को पढ़ो, समझो और लिखो से संबंधित प्रश्नों को समझाना और निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों के साथ पढ़ो, समझो और लिखो का प्र. 1 और 2 दोहराना और अन्य शब्दों के साथ अभ्यास करना<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | क्या कठिन लगा?<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को अभ्यास पुस्तिका का पृ. 56 भाषा की बात निकालने के लिए कहना<br>- छात्रों को भाषा की बात के सभी प्रश्न समझाना और उन्हें प्र. 1, 2, 3, 4, 5 करने के लिए कहना तथा छात्रों के पास जाकर देखना कि वे ठीक प्रकार काम कर रहे हैं या नहीं।<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से उनके लिखे उत्तर बताने को कहना<br>**मूल्यांकन:**-अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के उत्तरों की जाँच करना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- पाठ में आए नए और कठिन शब्दों को दोहराना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए पाठ से उचित शब्द चुनना- अँधेरा, चाँद, सतरंगी, चंचल, आकाश<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना और उन्हें अपना कार्य दोहराने के लिए अवश्य कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- अध्यापक द्वारा ब्लैकबोर्ड पर श्रुतलेख के शब्द लिखवाना और समझाना<br>- छात्रों को श्रुतलेख में गलत लिखे गए शब्दों को तीन बार लिखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की शुद्ध वर्तनी की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को 'आओ खेल खेलें' में दिया गया खेल खिलाएँ।<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को चार-चार के समूह में बाँटना और उन्हें एक चार्ट पर अपने चित्र चिपकाकर वचन का चार्ट बनाने के लिए कहना<br>- छात्रों को समूह में कार्य करने के लिए प्रेरित करना और सुनिश्चित करना कि सभी छात्रों ने कार्य में भाग लिया हो<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- समूह को अपने चार्ट पेपर बारी-बारी कक्षा के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** -श्रेष्ठ कार्य की प्रशंसा कर उसे प्रदर्शित करना |

## पठन हेतु – पहेलियाँ निर्धारित कालांश – 1

**पूर्वज्ञान -** पहेलियाँ शब्द से परिचित होना

**शब्द भंडार -** ताज़े, चोंच, मालिक, बीमार, गोली, भरोसे, पछताता

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-9<br>पहेलियाँ | - चिंतन कौशल का विकास करना<br>- पहेलियाँ पढ़ने में सक्षम होना और पहेलियों के अर्थ समझना | शिक्षण नीति- समूह में पढ़ाना, अध्यापक द्वारा छात्रों की सोचने की योग्यता बढ़ाने का प्रयत्न | कक्षाकार्य- पृ०सं०-9 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | - चित्रों की सहायता से उत्तर खोजने की कला बताना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, कुछ पहेलियाँ | गृहकार्य- अन्य पहेलियाँ ढूँढ़कर कक्षा में पूछना |

**दिवस 1** **कालांश अवधि: 30 मिनट**

**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**

- कक्षा में छात्रों को एक पहेली देना और छात्रों से उसका उत्तर पूछना। फिर छात्रों को पाठ्य पुस्तक की पृ. सं. 9 निकालने के लिए कहना।

**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**

- छात्रों से पहेलियाँ पूछना और उत्तर सोचने को प्रोत्साहित करना तथा छात्रों का ध्यान दिए गए चित्रों की ओर खींचना
- छात्रों को चार-चार के समूह में बाँटना और समूह को कक्षा में मौजूद एक-एक वस्तु देना जैसे – कलम, रबड़, चॉक, किताब आदि। फिर उन्हें दी गई वस्तु पर आधारित एक पहेली का निर्माण करने के लिए कहना, इस कार्य को करने के लिए उन्हें 10 मिनट का समय देना

**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**

- 10 मिनट के पश्चात समूहों को बारी-बारी कक्षा के सामने अपनी पहेली बूझने के लिए कहना

**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के चिंतन कौशल की जाँच करना

## पाठ – 4 बिल्ली की घंटी — निर्धारित कालांश – 9

**पूर्वज्ञान** – काव्य-रूप से परिचित होना, कविता को लय के साथ पढ़ना जानना, बिल्ली-चूहों और एक घंटी का चित्र

**शब्द भंडार-** रोज़, खोज, जुगत, रौनक, सभा, उपाय, घंटी, अचानक, बूढ़ा, होश, जोश, जान

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-10, 11<br>बिल्ली की घंटी | - कविता का भाव जानना<br>- कविता को शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- गति तथा लय के साथ गाकर पढ़ना<br>- कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- ट वर्ग से संबंधित ध्वनियों को सुनना | एकल या जोड़ों में पठन कौशल<br>सहायक सामग्री - पाठ्यपुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, बिल्ली का एक चित्र | कक्षाकार्य- पृ०सं० 10, 11<br>गृहकार्य- कविता को सही उच्चारण के साथ पढ़ना और कविता को याद करना |
| 2 | पृ०सं०-11<br>नए शब्द, शब्दार्थ, | - नए शब्दों का सही उच्चारण और शब्दों के अर्थ को जानना<br>- नए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने में सक्षम होना | सहायक सामग्री-पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड | कक्षाकार्य- पृ०सं०11<br>गृहकार्य- नए शब्द और शब्दार्थ को याद |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | सोचो समझो और बोलो | - अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना<br>- ट वर्ग से संबंधित ध्वनियों में अंतर पहचानना | | करना |
| 3 | पृ०सं०-12<br>आओ जानें | - द्वित्व वर्ण वाले शब्द समझना, पहचानना<br>- अभ्यास में दिए चित्रों को देखकर द्वित्व वर्ण वाले शब्द पहचाने में समर्थ होना | सहायक सामग्री-पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड | कक्षाकार्य- पृ०सं०12<br>गृहकार्य- द्वित्व वर्ण वाले शब्दों के शुद्ध उच्चारण का अभ्यास करना और 5 अन्य द्वित्व वर्ण वाले शब्द याद करना |
| 4 | पृ०सं०-59<br>लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर अभ्यास-पुस्तिका में लिखना<br>- चित्रों पर आधारित दो-दो वाक्य लिखना<br>- चित्र में से सभी जानवरों के नाम पहचान कर लिखना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०60<br>गृहकार्य- दिए गए प्रश्नों के उत्तर याद करना<br>विभिन्न जानवरों के नाम जानना |
| 5 | पृ०सं०-60,61<br>पढ़ो, समझो और लिखो | - कविता की पंक्तियाँ पूरी करने की समर्थता<br>- दिए गए शब्दों को उनकी सही ध्वनि से जोड़ना<br>- चित्र देखकर रिक्त स्थान की पूर्ति करना<br>- द्वित्व वर्ण वाले शब्दों की ध्वनि पहचानना<br>- समतुकांत शब्दों के जोड़े बनाना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-61,62<br>गृहकार्य- पढ़ो, समझो और लिखो में दिए गए प्रश्नों के उत्तर याद करना और ट वर्ग से संबंधित ध्वनियों को दोहराना |
| 6 | पृ०सं०-61, 62<br>भाषा की बात | - अभ्यास में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- द्वित्व वर्ण वाले शब्द पूरे करना<br>- दिए गए शब्दों के वचन पहचानकर लिखना<br>- 'ट' वर्ग से जुड़े पाँच शब्द लिखना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-61,62<br>गृहकार्य- द्वित्व वर्ण वाले शब्द पहचानने का अभ्यास करना |
| 7 | पृ०सं०-63<br>श्रुतलेख | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- पाठ से संबंधित कठिन शब्दों की शुद्ध वर्तनी से परिचित होना<br>- निर्देशो के अनुसार कार्य करने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०63<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को पाँच-पाँच बार सुधारना |
| 8 | पृ०सं०-63<br>परियोजना कार्य | - शब्दों को पहचान कर दो चित्र बनाने में समर्थ होना<br>- द्वित्व वर्ण वाले शब्दों को पढ़ने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- अभ्यास पुस्तिका, रंगीन कलम | कक्षाकार्य- परियोजना कार्य |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9 | पृ०सं०-63<br>आओ खेल खेलें | - छात्रों को द्वित्व अक्षरों की पहचान होना<br>- द्वित्वाक्षरों का प्रयोग कर नए शब्द बनाने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- आवश्यक संख्या में द्वित्वाक्षरों की पर्चियाँ, एक कटोरा, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- छात्रों को द्वित्व अक्षरों का अभ्यास कराना |

| दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट | दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को बिल्ली, चूहों और घंटी का चित्र दिखाकर पहचानने को कहना और पूछना कि उन्हें इस चित्र को देखकर क्या याद आ रहा है? छात्रों को बारी-बारी अपनी प्रतिक्रिया दर्शाने दें और सही उत्तर के साथ छात्रों को पाठ 4 कविता निकालने के लिए कहना।<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को कविता को स्वयं सही उच्चारण गति और लय के साथ पढ़कर सुनाना और कविता का भाव स्पष्ट करवाते हुए पढ़ाना<br>- छात्रों को चार-चार के समूह में बैठाकर बारी-बारी कविता का आदर्श वाचन करने के लिए प्रोत्साहित करना<br>- कविता की अर्थग्राह्यता की जाँच करने के लिए पाठ से संबंधित प्रश्न पूछना जैसे – बिल्ली का क्या नाम था? बिल्ली कहाँ रहती थी? मिट्ठू चूहे ने क्या किया? आदि।<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के समूहों को एक-दूसरे से शब्दों के अर्थ पूछने को कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कविता पठन की जाँच करना<br>- छात्रों की समझ जानने के लिए उचित प्रश्न पूछना जैसे- बिल्ली का क्या नाम था? वह किस शहर में रहती थी? | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और कुछ छात्रों से कविता सुनना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 15 मिनट**<br>- सोचो, समझो तथा बोलो अनुभाग में दिए प्रश्नों के उत्तर पूछना<br>- मौखिक कौशल का विकास जाँचने के लिए हर छात्र से प्रश्न पूछना (अध्यापिका स्वयं भी पाठ से संबंधित अन्य प्रश्न पूछ सकती है।)<br>- सही उच्चारण पर ध्यान देना और शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करने के लिए कहना<br>- फिर छात्रों को ट वर्ण से संबंधित ध्वनियों के बारे में बताना और ट वर्ग वाले व्यंजनों को बोर्ड पर लिखना<br>-छात्रों को पाठ में प्रयुक्त ट वर्ग से संबंधित शब्दों के बारे में बताना और शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करवाना (पृ. 12 प्र.2)<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों को ट वर्ग से संबंधित अन्य शब्द बताने के लिए कहना<br>- गलत उत्तर मिलने पर छात्रों को बोर्ड पर अन्य उदाहरणों के साथ ध्वनि में अंतर समझाना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के आत्मविश्वास, मौखिक कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- बोर्ड पर बिल्ली, किट्टी, मिट्ठू, सिट्टू, छज्जा शब्द लिखना और छात्रों से पूछना कि इन शब्दों में क्या समानता है? (छात्र प्रतिक्रिया)<br>- छात्रों से सही उत्तर मिलने पर उन्हें बताना कि इन शब्दों में एक अक्षर दो बार आ रहा है। | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उन्हें चार-चार के समूह में बैठने के लिए कहना<br>- छात्रों को बताना कि वह एक खेल खेलेंगे जिसमें उन्हें 5 मिनट में अधिक-से-अधिक द्वित्व वर्ण वाले शब्द लिखने हैं। |

| | |
|---|---|
| **मुख्य चरणः (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को बोर्ड पर द्वित्व वर्ण वाले शब्दों के बारे में समझाना और उसकी ध्वनि से परिचित कराना<br>- छात्रों को बताना कि आधे अक्षर में अ की ध्वनि नहीं होती, फिर उनका शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण कराना<br>- कविता में प्रयुक्त द्वित्व वर्ण वाले शब्दों को रेखांकित करने के लिए कहना<br>- छात्रों को भाषा की बात का प्र.1, 2 करने के लिए कहना (पृ. 61-62)<br>**अंतिम चरणः (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- अर्थग्राह्यता हेतु छात्रों को एक शब्द बोलना और छात्र बताएँगे कि वह द्वित्व वर्ण वाला शब्द है या नहीं। गलत उत्तर पर छात्रों की त्रुटियों का निवारण करना<br>**मूल्यांकनः** - अध्यापक निरीक्षण और प्र. 1-2 द्वारा छात्रों के शब्द भंडार की जाँच करना | - 5 मिनट के बाद प्रत्येक समूह को बारी-बारी कक्षा के सामने आकर अपने शब्द बोलने को कहें। अन्य समूह बताएँगे कि शब्द सही है या नहीं। (किसी भी समूह को 5 मिनट के बाद लिखने का मौका नहीं दिया जाएगा।)<br>- अध्यापिका गलत शब्द के बारे में बोर्ड पर समझाए और सही शब्द के लिए प्रशंसा करें।<br>- **मुख्य चरणः(Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को उत्तर पुस्तिका में लिखित अभ्यास में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना<br>- प्र.2 में दिए गए चित्रों की पहचान करवाना और दो वाक्य लिखने के लिए प्रोत्साहित करना<br>- छात्रों को लिखते समय शुद्ध व स्पष्ट वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरणः (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को लेखन कार्य दोहराने के लिए कहना<br>**मूल्यांकनः-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कार्य की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधिः 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधिः 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरणः (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से उनके गृहकार्यके बारे में पूछना<br>- ट वर्ग से संबंधित शब्दों को बोर्ड पर लिखना और कुछ छात्रों से शब्द पढ़ने के लिए कहना<br>**मुख्य चरणः (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से पढ़ो, समझो और लिखो में दिए गए प्रश्नों को अभ्यास पुस्तिका में करने के लिए कहना<br>- छात्रों को अपना कार्य समय-सीमा के भीतर समाप्त करने के लिए कहना और अपने कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>- छात्रों के पास जाकर देखना कि छात्र ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं।<br>**अंतिम चरणः(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में एक-दूसरे को ट वर्ग से संबंधित शब्द बोलने के लिए कहना। जो छात्र जितने अधित शब्द बोलेगा, वह खेल का विजेता होगा।<br>- **मूल्यांकनः-** पढ़ो, समझो, लिखो में दिए गए प्रश्नों के माध्यम से छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | **प्रस्तावना चरणः (Anticipatory Set)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्यके बारे में पूछना और छात्रों को चार-चार के समूह में बैठने के लिए कहना<br>- बोर्ड पर समूहों की संख्यानुसार कॉलम बनाना फिर बारी-बारी प्रत्येक समूह के एक सदस्य को बोर्ड पर द्वित्व वर्ण वाला शब्द लिखने के लिए कहना (यदि छात्र गलत शब्द लिखता है तो आप उसको शब्द वर्तनी के बारे में बताएँ और समझाएँ। समूह के प्रत्येक सदस्य को बोर्ड पर लिखने का मौका दें।)<br>**मुख्य चरणः (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- अभ्यास पुस्तिका में भाषा की बात में प्र. 3, 4, 5 करने के लिए कहना<br>- छात्रों को अपना कार्य समय-सीमा के भीतर समाप्त करने के लिए कहना और अपने कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>**अंतिम चरणः(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को लेखन कार्य दोहराने के लिए कहना और प्रश्न पूछकर सही उत्तरों की पुष्टि करना<br>**मूल्यांकनः-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के भाषा कौशल की जाँच करना |

| दिवस 7 कालांश अवधि: 30 मिनट | दिवस 8 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- पाठ में आए नए और कठिन शब्दों को दोहराना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए पाठ से उचित शब्द चुनना<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना और उन्हें अपना कार्य दोहराने के लिए अवश्य कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- अध्यापक द्वारा ब्लैकबोर्ड पर श्रुतलेखके शब्द लिखना और समझाना<br>- छात्रों को श्रुतलेख में गलत लिखे गए शब्दों को तीन बार लिखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के शब्द भंडार और शुद्ध वर्तनी की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में चर्चा करना<br>- परियोजना कार्य का महत्व समझाना और छात्रों को परियोजना कार्य करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- सभी छात्रों को अभ्यास पुस्तिका में परियोजना कार्य करने के लिए कहना<br>- उन्हें परियोजना कार्य में दिए गए शब्दों में से किन्हीं दो के चित्र बनाने के लिए कहना<br>- इस कार्य के लिए उन्हें 10 मिनट का समय देना और निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को बारी-बारी अपना कार्य कक्षा के सामने प्रस्तुत करने के लिए कहना और कार्य के लिए तालियाँ बजवाना<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के रचनात्मक कौशल की जाँच करना |

| दिवस 9 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को चार-चार के समूह में बैठने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को चार-चार के समूहों में बाँटना फिर अध्यापिका एक कटोरे में से छात्रों को एक-एक परची उठाने को कहें। हर समूह परची पर लिखे द्वित्व अक्षरों से शब्द बनाए। जो समूह जितने अधिक शब्द बनाएगा, वह खेल का विजेता होगा।<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- अध्यापिका हर समूह को बारी-बारी कक्षा के सामने बुलाए और सही उत्तर को ब्लैक बोर्ड पर लिखे तथा गलत उत्तर को ब्लैकबोर्ड पर लिखकर समझाए कि यह गलत क्यों है?<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के शब्द भंडार की जाँच करना |

| पाठ 5 – कौन था भूत? | | निर्धारित कालांश – 9 | | |
|---|---|---|---|---|
| **पूर्वज्ञान** – अंध-विश्वास का खंडन करना, डर को दूर भगाना, साहस का महत्व समझना, सरल वाक्यों को समझना<br>**शब्द भंडार-** साल, नटखट, परीक्षा, गाँव, समाप्त, पत्थर, डरावनी, तरकीब, भूत, धुँधली, हमला, पगडंडी | | | | |
| **दिवस** | **पृष्ठ सं. और अनुभाग** | **उद्देश्य** | **शिक्षण नीति और सहायक सामग्री** | **कक्षाकार्य / गृहकार्य** |
| 1 | पृ०सं०-13- कौन था भूत? पठन | - पाठ को जोड़ों में पढ़ने में सक्षम होना<br>- नए और कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- पाठ को ध्यान से सुनना<br>- पाठ के अर्थ तथा भाव को समझाना | शिक्षण नीति- पठन कौशल,<br>सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक | कक्षाकार्य- पृ०सं०13-14<br>गृहकार्य- पाठ पढ़ना और कठिन शब्दों को याद करना |
| 2 | पृ०सं०-14 नए शब्द, शब्दार्थ,सोचो समझो और बोलो | - नए शब्दों और उनके अर्थ को ध्यान से सुनना<br>- उनका सरल वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर देना<br>- ध्वनि के आधार पर शब्दों में अंतर करना, उच्चारण समझना | सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, | कक्षाकार्य- पृ०सं०14<br>गृहकार्य- छात्रों को नए शब्द और कठिन शब्दों के अर्थ याद करने को कहना |
| 3 | पृ०सं०-15- आओ जानें | - संयुक्ताक्षर पहचान पाना<br>- संयुक्त व्यंजनों से बने शब्द सीखना<br>- शुद्ध वर्तनी के साथ इन्हें लिखना | सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, संयुक्त वर्ण वाले शब्दों के फ़्लैशकार्ड | कक्षाकार्य- पृ०सं०17<br>गृहकार्य- संयुक्ताक्षरों के उदाहरणों को पढ़ना और याद करना (पृ. 15) |
| 4 | पृ०सं०-64- लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- शुद्ध वर्तनी के साथ सही उत्तर लिखना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल,रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०64<br>गृहकार्य- प्रश्नों के उत्तर याद करने के लिए कहना |
| 5 | पृ०सं०-64-65 पढ़ो, समझो और लिखो | - ड, ड़, ढ, ढ ध्वनियों में अंतर का ज्ञान होना<br>- संयुक्त व्यंजनों से नए शब्द बना पाना<br>- सही शब्दों का मिलान करने में समर्थ होना<br>- शुद्ध वर्तनी वाले शब्द पहचानना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०65<br>गृहकार्य- पढ़ो, समझो और लिखो में दिए गए प्रश्नों को याद करना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | पृ०सं०-66- भाषा की बात | - चित्रों को देखकर उनके नाम लिखना<br>- संयुक्ताक्षरों वाले शब्दों से सरल वाक्य बनाने में समर्थ होना<br>- संयुक्ताक्षरों तथा व्यंजनों से नए शब्द बनाना<br>- है और हैं के उचित प्रयोग का ज्ञान होना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०66<br>गृहकार्य- संयुक्ताक्षरों के उदाहरण याद करना |
| 7 | पृ०सं०-67- श्रुतलेख | - पाठ से कठिन और नए शब्दों का श्रुतलेख लिख पाना<br>- शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखने में समर्थ होना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०67<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को 5-5 बार सुधारना और हिंदी समाचार पत्र लाना |
| 8 | पृ०सं०-67- परियोजना कार्य | - स्वयं परियोजना कार्य करने में समर्थ होना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, पुरानी मैगज़ीन तथा समाचार पत्र, कैंची, गोंद | कक्षाकार्य- पृ०सं०67 परियोजना कार्य |
| 9 | पृ०सं०-67- आओ खेल खेलें | - छात्रों को समूह में कार्य करने के लिए सक्रिय करना | सहायक सामग्री- आवश्यक संख्या में परचियाँ, एक कटोरा, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०67 |

| **दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से पूछना कि क्या उन्होंने भूत देखा है? भूत की कहानियाँ सुनी हैं? आपको क्या लगता है कि भूत होता है? (सभी छात्रों को अपनी प्रतिक्रिया दर्शाने का मौका दें।)<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में बैठकर बारी-बारी से पाठ पढ़ने के लिए कहना<br>- छात्रों को पठन क्रिया के दौरान नए शब्द व अर्थ से परिचित कराना<br>- गलत उच्चारण पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को एक-दूसरे से शब्दार्थ पूछने को कहना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा पठन कौशल की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और उनसे नए शब्द और शब्दार्थ के बारे में पूछना और कुछ शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- मौखिक कौशल का विकास जाँचने के लिए हर छात्र से प्रश्न पूछना (अध्यापिका स्वयं भी पाठ से संबंधित अन्य प्रश्न पूछ सकती है।)<br>- सही उच्चारण पर ध्यान देना और शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करने के लिए कहना<br>- छात्रों को त वर्ग से संबंधित ध्वनियों के बारे में बताना और व्यंजनों को बोर्ड पर लिखना<br>- छात्रों को पाठ में प्रयुक्त त वर्ग से संबंधित शब्दों के बारे में बताना और शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करवाना (पृ. 15 प्र.2)<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट** |

| | |
|---|---|
| | - छात्रों को पाठ में प्रयुक्त त वर्ग से संबंधित शब्दों को रेखांकित करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा शुद्ध उच्चारण और मौखिक कौशल की जाँच करना करना |
| **दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उन्हें संयुक्त अक्षरों से संबंधित शब्दों के फ़्लैशकार्ड दिखाना (फ़्लैशकार्ड बनाने के लिए आप पाठ्यपुस्तक का पृ. 15 देखें।)<br>- छात्रों द्वारा बताये गए नामों को ब्लैकबोर्ड पर लिखना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से पूछना कि इन शब्दों में क्या समानता है? छात्रों के सही उत्तर का अनुसरण करते हुए छात्रों को संयुक्ताक्षर के बारे में बताना और समझाना<br>- छात्रों से संयुक्ताक्षरों के उदाहरण बताने के लिए प्रोत्साहित करना और उनका यही उच्चारण सिखाना<br>- छात्रों को भाषा की बात का प्र. 1, 2 करने के लिए कहना और कुछ छात्रों से प्रश्न पूछकर उत्तरों की पुष्टि करना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को संयुक्ताक्षर और द्वित्वाक्षर वाले शब्द बोलना और छात्र बताएँगे कि वह संयुक्ताक्षर है या द्वित्वाक्षर है।<br>**मूल्यांकन**: अध्यापक निरीक्षण और भाषा की बात के प्र. 1 और 3 द्वारा छात्रों के उत्तरों की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उन्हें चार-चार के समूह में बैठने के लिए कहना<br>- छात्रों को बताना कि वह एक खेल खेलेंगे जिसमें उन्हें 5 मिनट में अधिक-से-अधिक संयुक्त वर्ण वाले शब्द लिखने हैं।<br>- 5 मिनट के बाद प्रत्येक समूह को बारी-बारी कक्षा के सामने आकर अपने शब्द बोलने को कहें। अन्य समूह बताएँगे कि शब्द सही है या नहीं। (किसी भी समूह को 5 मिनट के बाद लिखने का मौका नहीं दिया जाएगा।)<br>- अध्यापिका गलत शब्द के बारे में बोर्ड पर समझाए और सही शब्द के लिए प्रशंसा करें।<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को उत्तर पुस्तिका में लिखित अभ्यास में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों को लिखते समय शुद्ध व स्पष्ट वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना और समय पर अपना कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्र जोड़ों में एक-दूसरे को संयुक्ताक्षर और द्वित्वाक्षर से संबंधित शब्द बोलेंगे और छात्र बताएगा कि वह संयुक्ताक्षर है या द्वित्वाक्षर।<br>**मूल्यांकन**: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और बोर्ड पर त वर्ग से संबंधित अक्षरों को बोर्ड पर लिखना तथा छात्रों से उस अक्षर से संबंधित शब्द बताने के लिए प्रोत्साहित करना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट** | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उनसे पाठ से संबंधित प्रश्न पूछना<br>- भाषा की बात के प्रश्नों को समझाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट** |

<table>
<tr><td>- छात्रों को पाठ 5 के पढ़ो, लिखो, समझो से संबंधित प्रश्नों को समझाना और अभ्यास पुस्तिका में करने के लिए कहना<br>- छात्रों को अपना कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर समाप्त करने के लिए कहना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को एक-दूसरे को त वर्ग से संबंधित शब्द बताने के लिए कहना (यह कार्य समूह में भी किया जा सकता है।)<br>मूल्यांकन: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन और लेखन कौशल की जाँच करना</td><td>- छात्रों को है और हैं के उचित प्रयोग के बारे में समझाना और बोर्ड पर बताना कि है का प्रयोग एकवचन के साथ किया जाता है और हैं का प्रयोग बहुवचन के साथ किया जाता है। जैसे – वह जाता है। वे जाते हैं। यह मेरी पेंसिल है। ये मेरी पेंसिलें हैं। उन्हें यह भी बताना कि सम्मानजनक व्यक्ति के लिए भी हम हैं का प्रयोग करते हैं। मेरे पिताजी बहुत अच्छे हैं। आदि<br>- अर्थग्राह्यता को जाँचने के लिए छात्रों को अन्य उदाहरण देने के लिए प्रोत्साहित करें।<br>- छात्रों को भाषा की बात का प्रश्न 3 और 4 निर्धारित समय-सीमा के भीतर करने के लिए कहना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>-छात्रों को अपने कार्य को दोहराने के लिए कहना (आप शब्द-अंताक्षरी भी खिला सकते हैं।)<br>मूल्यांकन: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के शब्द भंडार और भाषा कौशल की जाँच करना</td></tr>
<tr><td>दिवस 7 कालांश अवधि: 30 मिनट</td><td>दिवस 8 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- पाठ में आए नए और कठिन शब्दों को दोहरना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 15 मिनट<br>- श्रुतलेख के लिए पाठ से उचित शब्द चुनना<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना और उन्हें अपना कार्य दोहराने के लिए अवश्य कहना<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 10 मिनट<br>- अध्यापक द्वारा ब्लैकबोर्ड पर श्रुतलेख के शब्द लिखवाना और समझाना<br>- छात्रों को श्रुतलेख में गलत लिखे गए शब्दों को तीन बार लिखने के लिए कहना<br>मूल्यांकन: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की शुद्ध वर्तनी की जाँच करना</td><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- परियोजना कार्य का महत्व समझाना और संयुक्ताक्षर से संबंधित प्रश्न पूछना जैसे – च्छ से तीन शब्द बताओ। क्ष, त्र से कोई दो शब्द बताओ। इस पंक्ति में संयुक्ताक्षर पहचानो आदि।<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- प्रत्येक छात्र को हिंदी का समाचार पत्र या मैगज़ीन, गोंद, छोटी कैंची देना और उन्हें समाचार पत्र से संयुक्त वर्ण वाले शब्द काटकर अभ्यास पुस्तिका में चिपकाने के लिए कहना<br>- उन्हें यह कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर करने के लिए कहना और छात्रों के पास जाकर देखना कि छात्र ठीक प्रकार से कैंची का प्रयोग कर रहे हैं या नहीं। इस कार्य के लिए आप भी छात्रों की सहायता कर सकती हैं। (सुनिश्चित करना कि सभी छात्रों ने इस कार्य में भाग लिया।)<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>- सभी छात्रों को अपना कार्य बारी-बारी कक्षा के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहना<br>मूल्यांकन: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना</td></tr>
<tr><td colspan="2">दिवस 9 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td colspan="2">प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उन्हें चार-चार के समूह में बैठने के लिए कहना</td></tr>
</table>

**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**

- अध्यापिका एक कटोरे में से छात्रों को एक-एक परची उठाने को कहे और हर समूह परची पर लिखे संयुक्ताक्षरों से निर्धारित समय-सीमा के भीतर शब्द बनाए। जो समूह अधिक-से-अधिक शब्द बनाएगा, वह खेल का विजेता होगा। गलत उत्तर मिलने पर छात्रों को बोर्ड पर समझाना।

**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**

- प्रत्येक समूह बारी-बारी कक्षा के सामने आकर अपने शब्दों को प्रस्तुत करेगा और अध्यापिका शब्दों को बोर्ड पर लिखेंगी और गलत शब्द पर अपना स्पष्टीकरण देंगी।

**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के शब्द-भंडार की जाँच करना

## पाठ 6 – बीरबल की चतुराई — निर्धारित कालांश – 9

**पूर्वज्ञान** – सरल वाक्यों से परिचित होना, अकबर बीरबल की कहानियों से परिचित होना, बीरबल की बुद्धिमत्ता को पहचानना

**शब्द भंडार -** बादशाह, जार, चतुराई, काँच, रेत, चीनी, मिश्रण, परखना, घोलना, बिखेरना, बटोरना, चींटी का बिल, भीड़, भावना, पंक्ति, फुसफुसाना, ठहाका, गुणगान

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ. 16-17, बीरबल की चतुराई पाठ का पठन | - अकबर और बीरबल के किस्सों से परिचित होना<br>- एकाग्रचित्त होकर पाठ को ध्यान से सुनना<br>- कठिन शब्दों के अर्थ समझना<br>- आत्मविश्वास के साथ उचित गति और लय के साथ पाठ का शुद्ध और स्पष्ट पठन करना | शिक्षण नीति- पठन कौशल, सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, अकबर के दरबार में बीरबल को दर्शाता हुआ चित्र | कक्षाकार्य- पृ० 16-17<br>गृहकार्य- पाठ का पठन करना, नए और कठिन शब्दों के अर्थ जानना और याद करना |
| 2 | पृष्ठ संख्या-18 सोचो समझो और बोलो, नए शब्द, शब्दार्थ | - अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने में सक्षम होना<br>- शब्दार्थ जानना तथा कठिन शब्दों का सही उच्चारण करना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ 18<br>गृहकार्य - प्रश्न 1 और 2 के उत्तर दोहराना, सूची में दिए गए शब्दों के सही उच्चारण का अभ्यास करना |
| 3 | पृष्ठ संख्या- 19 आओ जानें | - लिंग की परिभाषा तथा पहचान<br>- स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग का अंतर समझना<br>- लिंग परिवर्तन के बारे में जानना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, लिंग के फ़्लैशकार्ड | कक्षाकार्य-पृ- 19<br>गृहकार्य- उत्तर-पुस्तिका में अध्यापक द्वारा दिए शब्दों का लिंग परिवर्तन कर लिखना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | पृ०सं०-68<br>लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- अन्य राजाओं के बारे में जानना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-70- प्रश्न 1 से 5<br>गृहकार्य- प्रश्नों के उत्तर याद करने के लिए कहना |
| 5 | पृ०सं०-69-70<br>पढ़ो, समझो और लिखो | - अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर सही उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- पढ़कर प्रश्नों का सही विकल्प चुनने में सक्षम होना<br>- स्त्रीलिंग तथा पुल्लिंग शब्दों की पहचान करना<br>- नुक्ता की ध्वनि से परिचित होना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-69-70- प्रश्न 1 से 4<br>गृहकार्य - अपठित गद्यांश में आये नए शब्द तथा उनके अर्थ याद करना |
| 6 | पृ०सं०-71<br>भाषा की बात | - चंद्र बिंदु वाले शब्द जानना और लिखना<br>- लिंग पहचानना<br>- नए वर्णों से नए शब्द बनाना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़, बिंदु और चंद्रबिंदु वाले शब्द | कक्षाकार्य- पृ०सं०-71-प्रश्न 1 से 4<br>गृहकार्य - लिंग और चन्द्रबिन्दु वाले शब्दों के सही उच्चारण का अभ्यास करना |
| 7 | पृ०सं०-72 श्रुतलेख | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- पाठ में आए कठिन शब्दों की वर्तनी सीखना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य-पृ०सं०-72<br>गृहकार्य - श्रुतलेख में हुई गलतियों सही अभ्यास करना |
| 8 | पृ०सं०-72<br>परियोजना कार्य | - समूह में आपसी सहयोग के साथ काम करने में सक्षम होना<br>- आत्मविश्वास के साथ अपने कार्य को प्रदर्शित करने में समर्थ होना | चार्ट पेपर, रंगीन पेंसिल, कैंची, गोंद, आइसक्रीम स्टिक्स | कक्षाकार्य- पृ०सं०-72 |
| 9 | पृ०सं०-72- आओ खेल खेलें | - छात्रों को लिंग परिवर्तन करने में निपुण बनाना।<br>- स्त्रीलिंग तथा पुलिंग में अन्तर समझने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- आवश्यक संख्या में परचियाँ, एक कटोरा, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-72<br>स्त्रीलिंग तथा पुलिंग शब्दों की परचियाँ |

| दिवस 1 कालांश अवधिः 30 मिनट | दिवस 2 कालांश अवधिः 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरणः (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को अकबर- बीरबल के दरबार का चित्र दिखाकर पहचानने के लिए कहना<br>- बीरबल की कहानियों के बारे में छात्रों की जानकारी के बारे में जानना<br>- छात्रों को पाठ्य-पुस्तक का पाठ 6 निकालने को कहना<br>**मुख्य चरणः(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में बैठकर बारी-बारी से पाठ पढ़ने के लिए कहना | **प्रस्तावना चरणः (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- छात्रों से शब्दार्थ और कुछ शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरणः(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से सोचो, समझो और बोलो वाले अनुभाग से प्रश्न पूछें। सभी छात्रों को बोलने का अवसर प्रदान करें। ( प्रश्न केवल मौखिक कौशल का विकास करने हेतु) |

| | |
|---|---|
| - छात्रों को पठन क्रिया के दौरान नए शब्द व अर्थ से परिचित कराना<br>- गलत उच्चारण पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में एक-दूसरे से शब्दार्थ पूछने को कहना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा पठन कौशल की जाँच करना<br>- छात्रों की समझ को जाँचने के लिए प्रश्न पूछना, जैसे - अकबर के दरबारी ने दरबार में कौन-सी चीज़ लाई थी? बीरबल मिश्रण को लेकर कहाँ गए? इत्यादि | - छात्रों को प वर्ग से संबंधित ध्वनियों के बारे में बताना और व्यंजनों को बोर्ड पर लिखना<br>-छात्रों को पाठ में प्रयुक्त प वर्ग से संबंधित शब्दों के बारे में बताना और शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करवाना (पृ. 18 प्र.3)<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को पाठ में प्रयुक्त प वर्ग से संबंधित शब्दों को रेखांकित करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों से शब्दार्थ तथा सही उच्चारण की जाँच करना |
| **दिवस 3** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को लिंग से संबंधित चित्र दिखाना और उनके नाम पूछना<br>- छात्रों से दोनों लिंगों के कुछ उदाहरण पूछकर ब्लैकबोर्ड पर लिखना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- लिंग की परिभाषा समझाना और छात्रों को लिंग के अन्य उदाहरण देने के लिए प्रोत्साहित करना फिर छात्रों द्वारा बताए गए शब्दों को बोर्ड पर लिखना<br>- गलती होने पर छात्रों को लिंग में अंतर समझाना और लिंग परिवर्तन बताना और उनकी पहचान करवाना (पृ. 19)<br>- छात्रों को पृ. 71 पर प्र. 2 करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- समूह में बैठाकर छात्रों को एक-दूसरे से लिंग बताने के लिए कहना<br>- इस खेल में एक जोड़ा लिंग से संबंधित शब्द बोलेगा और दूसरा छात्र उसका लिंग परिवर्तन करेगा।<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण और प्र.2 के द्वारा छात्रों की समझ को जाँचना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछना<br>- **मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को अभ्यास पुस्तिका से लिखित अभ्यास में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने के लिए कहना (कक्षाकार्य)<br>- छात्रों को बताएँ कि यह कार्य वह जोड़ों में आपसी सहयोग के साथ भी कर सकते हैं। यह देखना कि वे प्रश्नों के सही उत्तर लिख रहे हैं या नहीं। छात्रों द्वारा की गई गलतियों को दूर करना और उन्हें अपना कार्य समय पर समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना<br>- छात्रों को अपने लेखन कार्य को ध्यानपूर्वक दोहराने के लिए कहना और उत्तरों के पुष्टिकरण के लिए कुछ छात्रों से प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में एक-एक करके प वर्ग से संबंधित शब्द बोलने के लिए कहना<br>- अधिक शब्द बोलने वाला छात्र खेल का विजेता होगा।<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट** | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 10 मिनट** |

<table>
<tr><td>- छात्रों को अपठित गद्यांश का महत्व और आवश्यकता समझाना<br>- छात्रों को अपठित गद्यांश के बारे में बताना, समझाना और उन्हें अपठित गद्यांश करने का सही तरीका बताना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- छात्रों के पढ़ो, समझो और लिखो के प्र.1, 2, 3, 4 करने के लिए कहना<br>- छात्रों को पढ़ो, समझो और लिखो के प्र. 3 समझाते हुए नुक्ता की ध्वनि से परिचित कराना और समझाना<br>- इस कार्य को करने के लिए छात्रों को निर्धारित समय में अपना कार्य समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को अपने लेखन कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>मूल्यांकन:-अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन और लेखन कौशल की जाँच करना</td>
<td>- बोर्ड पर कुछ शब्द लिखना जैसे – काच, चाद, बदर, गाव और छात्रों को इन शब्दों को पढ़ने के लिए कहना<br>- फिर इन शब्दों पर बिंदु और चंद्रबिंदु लगाते हुए इन शब्दों का सही उच्चारण तथा वर्तनी बताना और अंतर भी समझाना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 15 मिनट<br>- छात्रों को भाषा की बात का प्र.1, 3, 4 निर्धारित समय सीमा में करने के लिए कहना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>छात्रों से मौखिक रूप से लिंग परिवर्तन और चंद्रबिंदु वाले प्रश्न पूछना जैसे – राजा का क्या लिंग है- स्त्रीलिंग या पुल्लिंग? गाय का लिंग परिवर्तन करो। चंद्रबिंदु वाले दो शब्द बताओ। चित्र का नाम बोर्ड पर लिखो आदि।<br>मूल्यांकन:अध्यापक निरीक्षण और प्र.1, 2, 3 द्वारा छात्रों के शब्द भंडार और भाषा कौशल की जाँच करना</td></tr>
<tr><td>दिवस 7 कालांश अवधि: 30 मिनट</td><td>दिवस 8 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को अपनी पाठ्यपुस्तक से कठिन शब्द दोहराने के लिए कहना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- श्रुतलेख में ध्यान से सही उच्चारण सुनकर सही वर्तनी की कला सिखाना<br>- पाठ में आए शब्दों से मिलते-जुलते शब्द लिखवाना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>- श्रुतलेख के शब्दों का सही उत्तर ब्लैकबोर्ड पर लिखना, छात्रों को एक-दूसरे की उत्तर पुस्तिका जाँचने का अवसर देना<br>मूल्यांकन:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के सही उत्तर की जाँच करना</td>
<td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- परियोजना कार्य के महत्व को समझाना तथा विषय पर चर्चा करना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- परियोजना कार्य के लिए छात्रों को सामूहिक संगठन करने का अभ्यास करवाना<br>- परियोजना के लिए लाई सामग्रियों का सही उपयोग बताना<br>- विधिवत कार्य करने का तरीका बताना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों के किए गए कार्य का कक्षा में प्रदर्शन करना<br>मूल्यांकन:- श्रेष्ठ कार्य का निरीक्षण कर कक्षा में उसकी प्रशंसा करना</td></tr>
<tr><td colspan="2">दिवस 9 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td colspan="2">प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को पाठ्यपुस्तक से लिंग दोहराने के लिए कहें। अध्यापिका छात्रों को खेल के बारे में बताएँ और समझाएँ।</td></tr>
</table>

**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 10 मिनट**

- अध्यापिका कटोरे में से छात्रों को एक-एक परची उठाने को कहें। छात्र परची पर दिए लिंग शब्द को पढ़ेंगे और कक्षा में बिना पर्ची पर लिखे लिंग की जोड़ी ढूँढ़ेंगे। (अध्यापिका सभी छात्रों को अपनी पर्ची का मुँह अन्य छात्रों की तरफ रखने को करें ताकि अन्य छात्र शब्द पढ़ पाएँ और उन्हें बिना शोर किए यह कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करें।)
- छात्रों को बताएँ कि जिनका जोड़ा बनता जाएगा, वे कक्षा के सामने आकर खड़े हो जाएँगे।
- छात्रों को यह कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर खोजने को कहें।

**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**

- अध्यापिका समय समाप्ति की घोषणा करे। छात्रों के कार्य की समाप्ति का निरीक्षण करे।

**मूल्यांकन:**- अध्यापिका परची में दिए शब्दों के सही उत्तर छात्रों को बताएँ

## पाठ 7 - डरपोक रेलगाड़ी — निर्धारित कालांश – 8

**पूर्वज्ञान** – रेलगाड़ी के बारे में छात्रों से पूछना, रेलगाड़ी का एक चित्र, सरल वाक्यों में रेलगाड़ी का परिचय

**शब्द भंडार-** इंजन, आधुनिक, यात्रा, सुसज्जित, यंत्र, झंडी, सराहा, बलवान, पहाड़

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-20- डरपोक रेलगाड़ी | - पाठ के सरल वाक्यों को समझना<br>- नए और कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- पाठ को ध्यान से सुनकर उसका अर्थ तथा भाव समझना | शिक्षण नीति- पठन कौशल,<br>सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक | कक्षाकार्य- पृ०सं०-20<br>गृहकार्य- छात्रों को नए शब्द और कठिन शब्दों के अर्थ याद करने को कहना |
| 2 | पृ०सं०-21- नए शब्द, शब्दार्थ, सोचो समझो और बोलो | - नए शब्दों और उनके अर्थ को ध्यान से सुनना<br>- उनका सरल वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर देना<br>- ध्वनि के आधार पर शब्दों में अंतर करना | सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक | कक्षाकार्य- पृ०सं०-21<br>गृहकार्य- नए शब्द और शब्दार्थ को उत्तर पुस्तिका में लिखने के लिए कहना |
| 3 | पृ०सं०-22- आओ जानें | - संज्ञा की सरल परिभाषा जानना<br>- चित्रों को देखकर उनके नाम बताना<br>- कुछ संज्ञा शब्दों के उदाहरण की जानकारी होना | सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, बगीचे या पार्क का चित्र | कक्षाकार्य- पृ०सं०-22<br>गृहकार्य-संज्ञा की परिभाषा याद करना और अपने आस-पास से पाँच उदाहरण याद करके आना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | को कहना |
| 4 | पृ०सं०-73 - लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- शुद्ध वर्तनी के साथ सही उत्तर लिखना<br>- चित्र पहचान कर उसके बारे में दो वाक्य लिखना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका,पेंसिल,रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-73<br>गृहकार्य- प्रश्नों के उत्तर याद करने के लिए कहना |
| 5 | पृ०सं०-74- पढ़ो, समझो और लिखो | - प्रश्न पढ़कर सही विकल्प चुनने में सक्षम होना<br>- कारक चिह्नों द्वारा खाली स्थान भरना<br>- शब्दों को उनकी ध्वनि वाले शब्दों से जोड़ना<br>- लिंग के आधार पर शुद्ध वाक्य पहचानना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका,पेंसिल,रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-**74**<br>गृहकार्य**-** पाठ का पठन करना और लिंग की पहचान करना सीखना |
| 6 | पृ०सं०75- भाषा की बात | - दिए गए चित्रों के नाम पहचान कर लिखना<br>- शब्दों के जोड़े बनाना<br>- दिए गए शब्दों से वाक्य बनाना<br>- संयुक्त व्यंजन पहचान कर शब्द सही स्थान पर लिखना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका,पेंसिल,रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-75<br>गृहकार्य- शब्दों के जोड़े बनाना सीखकर याद करना और 4 अन्य जोड़े वाले शब्द याद करके लाना |
| 7 | पृ०सं०-76- श्रुतलेख | - शब्दों को ध्यान से सुनने का अभ्यास कराना<br>- सही उच्चारण पर ध्यान देना<br>- पाठ में से नए और कठिन शब्दों का श्रुतलेख देना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका,पेंसिल,रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-76<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को 5-5 बार लिखकर सुधारना |
| 8 | पृ०सं०-76- परियोजना कार्य, आओ खेल खेलें | - प्रत्येक छात्र से परियोजना कार्य करवाना<br>- समूह में अपना कार्य करने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- उत्तर-पुस्तिका | गृहकार्य**-** परियोजना कार्य करना |

| दिवस 1     **कालांश अवधि: 30 मिनट** | दिवस 2     **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)     समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से रेलगाड़ी के बारे में जानकारी लेना<br>- उन्हें देश की रेलगाड़ी व्यवस्था के बारे में बताना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)     समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में बैठकर बारी-बारी से पाठ पढ़ने के लिए कहना<br>- छात्रों को पठन क्रिया के दौरान नए शब्द व अर्थ से परिचित कराना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)     समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- छात्रों से नए शब्द और शब्दार्थ पूछकर कुछ शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)     समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से सोचो, समझो और बोलो वाले अनुभाग से प्रश्न पूछें। सभी छात्रों को बोलने का अवसर प्रदान करें। ( प्रश्न केवल मौखिक कौशल का विकास करने हेतु) |

| | |
|---|---|
| - गलत उच्चारण पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से उनके रेलगाड़ी के बारे में सामान्य ज्ञान को परखना<br>- छात्रों को एक-दूसरे से शब्दार्थ पूछने को कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा पठन कौशल की जाँच करना | - छात्रों को य, र, ल, व से संबंधित ध्वनियों के बारे में बताना और व्यंजनों को बोर्ड पर लिखना<br>- छात्रों को पाठ में प्रयुक्त य, र, ल, व ध्वनियों से संबंधित शब्द पहचानना और शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करवाना (पृ. 22 प्र.2)<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को पाठ में प्रयुक्त प वर्ग से संबंधित शब्दों को रेखांकित करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा मौखिक अभिव्यक्ति की जाँच करना |
| **दिवस 3** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से उनके गृहकार्यक बारे में पूछना<br>- छात्रों को चित्र दिखाकर पूछना कि चित्र में उन्हें क्या-क्या दिखाई दे रहा है? छात्रों द्वारा प्राप्त उत्तर बोर्ड पर लिखना और उन्हें विषय तक लेकर जाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को संज्ञा की जानकारी देना<br>- संज्ञा की परिभाषा बताना और समझाना<br>- छात्रों को अभ्यासपुस्तिका के पृ. 75, भाषा की बात का पहला प्रश्न करने के लिए कहना<br>- अर्थग्राह्यता के लिए छात्रों से संज्ञा से संबंधित प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को संज्ञा शब्द से संबंधित शब्द अंताक्षरी खिलवाना<br>**मूल्यांकन**: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के उत्तरों की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछना<br>- **मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से अभ्यास-पुस्तिका में लिखित अभ्यास में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के सही उत्तरों की पुष्टि करना और निर्धारित समय में अपना काम समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना<br>- शुद्ध वर्तनी लिखने पर बल देना और कार्य समाप्ति के बाद अपने कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- समय पर अपना कार्य समाप्त करने वाले छात्रों के लिए तालियाँ बजवाकर उनका प्रोत्साहन बढ़ाना और कुछ छात्रों से उनके द्वारा लिखे उत्तरों की पुष्टि करना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उन्हें पढ़ो, समझो और लिखो से संबंधित प्रश्नों के बारे में समझाना<br>- छात्रों को तीसरा प्रश्न समझाते हुए पाठ से भिन्न भी कुछ ध्वनि वाले शब्दों के उदाहरण देना जैसे - कल-कल, टिप-टिप, खट-खट आदि। | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और भाषा की बात से संबंधित प्रश्नों के बारे में बताना और समझाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को भाषा की बात का प्र. 2, 3, 4 निर्धारित समय सीमा में करने के लिए कहना |

| | |
|---|---|
| - छात्रों को लिंग के आधार पर शुद्ध-अशुद्ध वाक्यों की पहचान करवाना और समझाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को दी गई समय-सीमा के भीतर अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>- छात्रों के पास जाकर देखना कि वे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं।<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से मौखिक रूप में लिंग से संबंधित वाक्य तथा ध्वनि वाले शब्दों के उदाहरण पूछना जैसे – पापा बाज़ार जाती है। मछली पानी में तैरता है। (सही या गलत वाक्य पहचानना)<br>**मूल्यांकन:**-अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | - छात्रों को लिखते समय शुद्ध वर्तनी पर ध्यान देने के लिए कहना<br>- छात्रों के पास जाकर देखना कि वे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं। आवश्यकता करने पर उनकी शंका का निवारण करना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ो में बैठाना और उन्हें एक-दूसरे से पाठ से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए कहना<br>- जो छात्र सबसे अधिक सही उत्तर देगा, वह खेल का विजेता होगा।<br><br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के शब्द भंडार और भाषा कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- पाठ में आए नए और कठिन शब्दों को दोहरना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए पाठ से उचित शब्द चुनना- अँधेरा, चाँद, सतरंगी, चंचल, आकाश<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना और उन्हें अपना कार्य दोहराने के लिए अवश्य कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- अध्यापक द्वारा ब्लैकबोर्ड पर श्रुतलेख के शब्द लिखवाना और समझाना<br>- छात्रों को श्रुतलेख में गलत लिखे गए शब्दों को तीन बार लिखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों शुद्ध वर्तनी की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- परियोजना कार्य के बारे में बताना और समझाना<br>- छात्रों से पूछना क्या उन्हें याद है कि जब वे विद्यालय से घर जाते हैं उन्हें रास्ते में क्या-क्या दिखाई देता है?<br>(छात्र प्रतिक्रिया) उन्हें यह कार्य घर से करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को पाँच-पाँच के समूह में बाँटना और प्रत्येक समूह को एक-एक हिंदी का समाचार पत्र, कैंची, गोंद, चार्ट दें। उन्हें समाचार पत्र में प्रयुक्त अधिक-से-अधिक नाम वाले शब्द चार्ट पर चिपकाने के लिए कहें।<br>- प्रत्येक समूह को अपना कार्य निर्धारित समय-सीमा में समाप्त करने के लिए कहें और समूहों के पास जाकर देखें कि वे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं।<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- समूहों को बारी-बारी अपना कार्य कक्षा के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना |

## पठन हेतु – गोलू की समझदारी | निर्धारित कालांश – 1

**पूर्वज्ञान** – सही उच्चारण और पठन-कला, पाठ का भाव , चित्रों को देखकर अर्थ लगाना

**शब्द भंडार -** कारोबार, हिम्मत, काफ़िला, लायक, ज़िद्द, आदेश, परेशानी, चीखा, शौक, पाप, मौज-मस्ती

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०- 23-24 गोलू की समझदारी - पठन-हेतु | - पाठ को चित्रों की सहायता से सही उच्चारण के साथ पढ़ाना<br>- नए शब्दों का अर्थ बताना और पाठ का भाव समझाना<br>- पर्यावरण का महत्त्व बताना<br>- छात्रों से सही उच्चारण के साथ पाठ पढ़वाना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक | कक्षाकार्य- पृ०सं०- 23-24<br>गृहकार्य- सही उच्चारण के साथ पाठ पढ़ने का अभ्यास करना<br>नए शब्दों के अर्थ समझना |

**दिवस 1** — **कालांश अवधि: 30 मिनट**

**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** — **समय- 5 मिनट**

- चित्रों को जोड़कर पाठ का पठन करना, पाठ का भाव समझाना

**मुख्य चरण:(Transactional Process)** — **समय- 20 मिनट**

- छात्रों से शुद्ध पठन करवाना, चित्रों के साथ पढ़वाना। पाठ का भाव समझने को कहना और छात्रों को पर्यावरण और जंगलों की रक्षा का महत्त्व बताना

**अंतिम चरण: (Closure)** — **समय- 5 मिनट**

- छात्रों को दिए गए चित्रों के बारे में बातचीत करने का अवसर देना

**मूल्यांकन:** अध्यापक-निरीक्षण से छात्रों के पठन-कौशल और अर्थग्राह्यता की जाँच करना

## पाठ 8 - हम बालक हैं नादान | निर्धारित कालांश – 7

**पूर्वज्ञान -** काव्य-रूप से परिचित होना, कविता को लय के साथ पढ़ना जानना, नन्हें बालक-बालिकाओं का एक चित्र

**शब्द भंडार -** खुशबू, नादान, उपवन, महान, भेदभाव, मेघधनुष, शान, अम्बर, सजा, फैलाना

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-25-<br>‘हम बालक हैं नादान’ | - कविता के बारे में जानना<br>- कविता को शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- गति तथा लय के साथ गाकर पढ़ना<br>- कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना | एकल या जोड़ों में पठन कौशल<br>सहायक सामग्री - पाठ्यपुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक | कक्षाकार्य- पृ०सं०-25<br>गृहकार्य- कविता को सही उच्चारण के साथ पढ़ना और कविता को याद करना |
| 2 | पृ०सं०-26-नए शब्द, शब्दार्थ,सोचो समझो और बोलो | - नए शब्दों का सही उच्चारण<br>- शब्दों के अर्थ और उनका वाक्यों में प्रयोग जानना<br>- शब्दों की ध्वनि में अंतर पहचानना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना | सहायक सामग्री-पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड | कक्षाकार्य- पृ०सं०-26<br>गृहकार्य- नए शब्द और शब्दार्थ याद करने के लिए कहना |
| 3 | पृ०सं०-26-आओ जानें | - समानार्थी शब्द समझना<br>- समानार्थी शब्दों के उदाहरण जानना<br>- समानार्थी शब्दों का वाक्यों में उचित प्रयोग सीखना | सहायक सामग्री-पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड | कक्षाकार्य- पृ०सं०-26<br>गृहकार्य- समानार्थी शब्दों को याद कर उनका वाक्यों में प्रयोग करना |
| 4 | पृ०सं०-77-लिखित अभ्यास | - दिए गए प्रश्नों के उत्तर अभ्यास-पुस्तिका में लिखना<br>- अपने बारे में पाँच वाक्य लिखना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-79<br>गृहकार्य- दिए गए प्रश्नों के उत्तर याद करना |
| 5 | पृ०सं०-78-पढ़ो, समझो और लिखो | - कविता की पंक्तियाँ पूरी करना<br>- प्रश्न पढ़कर सही उत्तर का विकल्प चुनने में सक्षम होना<br>- शुद्ध वर्तनी की पहचान करना<br>- ध्वनि के आधार पर सही उच्चारण करना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-80<br>गृहकार्य- कविता याद करना |
| 6 | पृ०सं०-78-79-भाषा की बात | - समानार्थी शब्दों की जोड़ी बनाना<br>- समतुकांत शब्द पहचानना, वाक्य बनाना<br>- सही अक्षर चुनकर शब्द पूरे करना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-80-81<br>गृहकार्य- कविता से मिलते-जुलते गीत या कविता याद करना |
| 7 | पृ०सं०-79- श्रुतलेख, परियोजना कार्य, आओ खेल खेलें | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- पाठ से संबंधित कठिन शब्दों की शुद्ध वर्तनी से परिचित होना<br>- निर्देशों के अनुसार कार्य करने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-81<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को पाँच-पाँच बार सुधारना |

<table>
<tr><td colspan="2">- कविता से मिलते-जुलते गीत या कविता याद करना</td></tr>
<tr><td>दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट</td><td>दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को देश के प्रति भक्ति के लिए प्रेरित करना<br>- उनमें एक दूसरे के प्रति भेदभाव दूर करने की भावना जगाना<br>मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- कविता को स्वयं सही उच्चारण गति और लय के साथ पढ़ना<br>- छात्रों को समूह में बिठाकर उनसे कविता पढ़वाना<br>- कविता के कठिन शब्दों के अर्थ बताना<br>- कविता की अर्थग्राह्यता पर बल देना<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों से कविता का भाव एक-दसरे से साझा करने को कहना<br>मूल्यांकन:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रोंके कविता पठन की जाँच करना<br>- छात्रों की समझ जानने के लिए उचित प्रश्न पूछना जैसे-बालक किस देश की शान हैं? उपवन के फूल क्या करते हैं? मेघधनुष में कितने रंग होते हैं?</td><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- छात्रों को समानार्थी शब्दों के बारे में बताना कुछ सरल उदहारण देना<br>मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- सोचो, समझो तथा बोलो अनुभाग में दिए प्रश्नों के उत्तर पूछना<br>- मौखिक कौशल का विकास जाँचने के लिए हर छात्र से प्रश्न पूछना<br>- छात्रों को श, ष, स, ह से संबंधित ध्वनियों के बारे में बताना और व्यंजनों को बोर्ड पर लिखना<br>- छात्रों द्वारा पाठ में प्रयुक्त श, ष, स, ह ध्वनियों से संबंधित शब्द पहचानना और शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करवाना (पृ. 26 प्र.2)<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को चार-चार के समूह में गति और लय के साथ कविता-पाठ करने को कहना<br>मूल्यांकन: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की मौखिक अभिव्यक्ति की जाँच करना</td></tr>
<tr><td>दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट</td><td>दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों से उनके गृहकार्यके बारे में पूछना और बोर्ड पर दो वाक्य लिखना – मेरी माँ बहुत अच्छी है। मेरी मम्मी बहुत अच्छी है। (माँ और मम्मी शब्द को रंगीन चॉक से रेखांकित करना) उनसे पूछना कि माँ और मम्मी के अर्थ में कुछ अंतर होता है? (छात्र प्रतिक्रिया)<br>मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- छात्रों को उदाहरण देते हुए विषय तक लेकर जाएँ और समानार्थी शब्द के बारे में बताएँ व समझाएँ।<br>- अर्थग्राह्यता के लिए छात्रों से प्रश्न पूछना और उन्हें भाषा की बात का प्र.1 करने के लिए कहना</td><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उनसे समानार्थी शब्द पूछना तथा कुछ छात्रों को समानार्थी शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए भी कहना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- छात्रों से अभ्यास-पुस्तिका में लिखित अभ्यास में दिए प्रश्नों को करने के लिए कहना<br>- छात्रों को अपना कार्य निर्धारित समय-सीमा में समाप्त करने के लिए कहना<br>- सही उत्तर की पुष्टि करने के लिए कुछ छात्रों से प्रश्न पूछना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को अपना लेखन कार्य दोहराने के लिए कहना</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| **अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- जोड़ों में छात्रों को समानार्थी शब्द बताने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के शब्द भंडार और भाषा की जाँच करना | **मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- कुछ छात्रों को बारी-बारी बोर्ड के सामने बुलाना और श, ष, स की ध्वनि से संबंधित शब्द बोर्ड पर लिखने के लिए देना जैसेविशेष, सपना, भाषा, शेष, शरबत, सूती आदि।<br>- छात्रों से श, ष, स, ह से संबंधित ध्वनियाँ दोहराना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को पढ़ो, समझो, लिखो वाले अनुभाग के प्रश्न समझाना और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>- छात्रों को लिखते समय शुद्ध वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से अपने लेखन कार्य को दोहराने के लिए कहना और सही उत्तरों की पुष्टि करना<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण और पढ़ो, समझो और लिखो वाले अनुभाग द्वारा छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों के बारे में बताना और समझाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से अभ्यास-पुस्तिका में भाषा की बात में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के सही उत्तरों की पुष्टि करना और निर्धारित समय में अपना काम समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना<br>- शुद्ध वर्तनी लिखने पर बल देना और कार्य समाप्ति पर कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- जोड़ों में बारी-बारी एक-दूसरे को शब्द देना और वाक्य में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण और भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों के द्वारा छात्रों के शब्द-भंडार और भाषा कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उनके द्वारा याद की गई कविता या गीत कक्षा में सुनाने को कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए कविता से उचित शब्द चुनना जैसे- भेदभाव, मेघधनुष, उद्देश्य, खुशबू, नन्हे सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना और उन्हें अपना कार्य दोहराने के लिए अवश्य कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों को कक्षा में 'आओ खेल खेलें' में दिया गया खेल खिलवाना<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण और श्रुतलेख द्वारा छात्रों की अर्थग्राह्यता और शुद्ध वर्तनी की जाँच करना | |

## पाठ 9 - ज्ञान का दीपक  निर्धारित कालांश – 9

**पूर्वज्ञान** – सरल वाक्यों को समझना, महात्मा बुद्ध के बारे में जानना, महात्मा बुद्ध का एक चित्र

**शब्द भंडार -** यात्री, विश्राम, श्रमिक, ज्ञानी, क्षमा, महत्त्व, कोसना, उजाला, महात्मा

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-27- ज्ञान का दीपक | - एकाग्रचित्त होकर पठन को ध्यान से सुनना<br>- पाठ से सम्बंधित कठिन शब्दों को ध्यान से सुनकर उनके अर्थ समझना<br>- आत्मविश्वास उचित गति और लयके साथ शुद्ध और स्पष्ट उच्चारण करना<br>- पठन करते समय शब्दों का भाव समझना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देना | शिक्षण नीति- पठन कौशल, सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, | कक्षाकार्य- पृ०सं०-27<br>गृहकार्य- पाठ का उच्चस्वर में पठन |
| 2 | पृ०सं०-28- नए शब्द, शब्दार्थ,सोचो समझो और बोलो | - नए शब्दों और उनके अर्थ को ध्यान से सुनना व सरल वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर देना<br>- ध्वनि के आधार पर शब्दों में अंतर समझना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०28<br>गृहकार्य- नए और कठिन शब्दों के अर्थ जानना और याद करना |
| 3 | पृ०सं०-29- आओ जानें | - काम वाले शब्दों के बारे में जानना<br>- सरल वाक्यों में क्रिया शब्द पहचानना<br>- सरल वाक्यों में क्रिया का प्रयोग सीखना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़, क्रिया की पर्चियाँ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-29<br>गृहकार्य-क्रिया की परिभाषा और क्रिया के प्रयोग का अभ्यास करना |
| 4 | पृ०सं०-80- लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- शुद्ध वर्तनी के साथ सही उत्तर लिखना<br>- महात्मा बुद्ध के कोई दो उपदेश पता करके लिखना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-80<br>गृहकार्य-प्रश्नों के उत्तर याद करने के लिए कहना |
| 5 | पृ०सं०-81-82- पढ़ो, समझो और लिखो | - अपठित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखना<br>- प्रश्न पढ़कर सही विकल्प चुनना<br>- वाक्य निर्माण के लिए उचित मिलान करना<br>- उचित शब्दों से रिक्त स्थान भरना<br>- शब्द पढ़कर सही वर्तनी की पहचान करना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-81-82<br>गृहकार्य-शब्दों की सही वर्तनी का अभ्यास करने को कहना<br>कठिन शब्दों को उनके अर्थ के साथ लिखने को कहना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | पृ०सं०-83- भाषा की बात | - चित्रों को देखकर उनके नाम लिखना<br>- वाक्यों में क्रिया शब्द पहचानना<br>- विलोम शब्द पहचानना<br>- पाठ में से संयुक्त अक्षरों वाले शब्द चुनकर लिखना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-83<br>गृहकार्य- भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों को याद करना और पाठ में प्रयुक्त कठिन शब्द याद करना |
| 7 | पृ०सं०-84- श्रुतलेख | - पाठ से कठिन और नए शब्दों की पहचान होना<br>- शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- लिखते समय शुद्ध व स्पष्ट वर्तनी का प्रयोग करना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-84<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को 5-5 बार सुधारना |
| 8 | पृ०सं०-84- परियोजना कार्य | - क्ष, त्र, ज्ञ, श्र से शब्द बनाकर एक चार्ट पर लिखना<br>- आत्मविश्वास के साथ अपने कार्य को कक्षा में प्रस्तुत करना | सहायक सामग्री- चार्ट पेपर , रंगीन कलम | कक्षाकार्य- पृ०सं०-84 |
| 9 | पृ०सं०-84- आओ खेल खेलें | - समूह में कार्य करने में सक्षम होना<br>- नए शब्द सीखने में सक्षम बनाना<br>- क्ष, त्र, ज्ञ, श्र की ध्वनियों में अंतर का ज्ञान होना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक | कक्षाकार्य- पृ०सं०- 84<br>अध्यापिका संयुक्त अक्षरों से शब्द छात्रों को दें। |

| दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट | दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- कक्षा में महात्मा बुद्ध का चित्र दिखाना बुद्ध के कुछ उपदेश बताना<br>- छात्रों को पाठ का भाव बताना<br>- कठिन तथा नए शब्दों से परिचय कराना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में बैठकर बारी-बारी से पाठ पढ़ने के लिए कहना<br>- छात्रों को पठन क्रिया के दौरान नए शब्दों व अर्थ से परिचित कराना<br>- गलत उच्चारण पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>- छात्रों को महात्मा बुद्ध से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को शब्दार्थ एक-दूसरे से पूछने का अवसर देना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- छात्रों से नए शब्द और शब्दार्थ के बारे में पूछना और कुछ शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से सोचो, समझो तथा बोलो अनुभाग में दिए प्रेश्नोंक उत्तर पूछना<br>- छात्रों को क्ष, त्र, ज्ञ, श्र से संबंधित ध्वनियों के बारे में बताना और व्यंजनों को बोर्ड पर लिखना<br>- छात्रों द्वारा पाठ में प्रयुक्त क्ष, त्र, ज्ञ, श्र ध्वनियों से संबंधित शब्द पहचानना और शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करना (पृ. 29 प्र.3)<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में एक-दूसरे से पाठ से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए कहना और जो छात्र |

| | |
|---|---|
| **मूल्यांकनः-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा पठन कौशल की जाँच करना | सबसे अधिक सही उत्तर देगा, वह खेल का विजेता होगा।<br>**मूल्यांकनः-**अध्यापक निरीक्षण द्वारा शुद्ध उच्चारण व मौखिक अभिव्यक्ति की जाँच करना |
| **दिवस 3** **कालांश अवधिः 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधिः 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरणः (Anticipatory Set)** **समय- 7 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और छात्रों को बारी-बारी कटोरे में से क्रिया शब्द से संबंधित पर्ची उठाने के लिए कहना<br>- छात्रों को पर्ची पर लिखा शब्द पढ़कर उसका अभिनय करने के लिए कहना<br>- छात्रों द्वारा बताए गए शब्दों को बोर्ड पर लिखना<br>**मुख्य चरणः (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- बोर्ड पर लिखे शब्दों के माध्यम से छात्रों को विषय तक लेकर जाना<br>- छात्रों को क्रिया शब्द बताना और अभ्यासपुस्तिका में भाषा की बात का प्र. 2 करने के लिए कहना<br>- क्रिया शब्दों से सरल वाक्य बनवाना<br>- वाक्यों में क्रिया शब्द की पहचान करने को कहना<br>**अंतिम चरणः (Closure)** **समय- 3 मिनट**<br>- कुछ छात्रों को वाक्य बोलना और क्रिया शब्द की पहचान करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकनः** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की समझ को जाँचना | **प्रस्तावना चरणः (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और कुछ छात्रों को क्रिया शब्द देते हुए वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरणः(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से अभ्यास-पुस्तिका में लिखित अभ्यास में दिए प्रश्नों को करने के लिए कहना<br>- छात्रों को अपना कार्य निर्धारित समय-सीमा में समाप्त करने के लिए कहना<br>- सही उत्तर की पुष्टि करने के लिए कुछ छात्रों से प्रश्न पूछना<br>- शुद्ध वर्तनी लिखने पर बल देना<br>**अंतिम चरणः (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- समय पर अपना कार्य समाप्त करने वाले छात्रों के लिए तालियाँ बजवाना<br>- छात्रों को शब्द अंताक्षरी खिलवाना<br>**मूल्यांकनः** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधिः 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधिः 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरणः (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- कुछ छात्रों को बारी-बारी बोर्ड के सामने बुलाना और क्ष, त्र, ज्ञ, श्र की ध्वनि से संबंधित शब्द बोर्ड पर लिखने के लिए देना (यह कार्य समूह में भी किया जा सकता है।)<br>- छात्रों से क्ष, त्र, ज्ञ, श्र से संबंधित ध्वनियाँ दोहराना<br>**मुख्य चरणः (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को पढ़ो, समझो, लिखो वाले अनुभाग के प्रश्न समझाना और उन्हें निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना | **प्रस्तावना चरणः (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और भाषा की बात के प्रश्नों को बताना और समझाना<br>**मुख्य चरणः (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों से भाषा की बात का प्र.1, 3, 4 करने के लिए कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के सही उत्तरों की पुष्टि करना और निर्धारित समय में अपना काम समाप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना |

| | |
|---|---|
| - छात्रों को लिखते समय शुद्ध वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से अपने लेखन कार्य को दोहराने के लिए कहना और सही उत्तरों की पुष्टि करना<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण और पढ़ो, समझो और लिखो वाले अनुभाग द्वारा छात्रों के पठन कौशल की जाँच | - शुद्ध वर्तनी लिखने पर बल देना और कार्य समाप्ति पर कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- पाठ का अभिनय कक्षा में करना<br>**मूल्यांकन:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के भाषा कौशल और अभिनय कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में चर्चा करना<br>- छात्रों को पाठ से कठिन शब्दों की वर्तनी दोहराने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 10 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए पाठ से उचित शब्द चुनना जैसे-यात्री, क्षत्रिय , आश्रम , विश्राम, श्रमिक<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना<br>- छात्रों को ध्यान से शब्द सुनकर लिखने के लिए कहना और उन्हें बताना कि वह प्रत्येक शब्द तीन बार दोहराएँगी और जो छात्र शब्द लिख लेंगे , वे अपना हाथ ऊपर करेंगे।<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को अपना पुस्तिका अपने सहपाठी से बदलने के लिए कहना<br>- अध्यापिका छात्रों को बोर्ड पर सभी शब्द लिखकर बताएँगी और छात्र अपने सहपाठी की पुस्तिका को जाँचेगे।<br>**मूल्यांकन:** श्रुतलेख द्वारा छात्रों की शुद्ध वर्तनी की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को परियोजना कार्य के बारे में बताना और समझाना और छात्रों को चार-चार के समूह में बाँटना तथा प्रत्येक समूह को एक चार्ट पेपर या किसी फूल के आकार का कटआउट छात्रों को देना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- समूहों को योजना-बद्ध तरीके से बैठाकर चार्ट पर आपसी सहायता से क्ष, त्र, ज्ञ, श्र से संबंधित शब्द लिखने के लिए कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर अधिक से अधिक शब्द लिखने के लिए प्रोत्साहित करना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- प्रत्येक समूह को बारी-बारी कक्षा के सामने आकर अपना चार्ट प्रस्तुत करने के लिए कहना और समूह का प्रत्येक सदस्य चार्ट पर लिखे शब्द बोलेगा<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना |
| **दिवस 9** **कालांश अवधि: 30 मिनट**<br>**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और कक्षा को चार के समूह में बाँटना<br>- प्रत्येक समूह का नाम क्ष, त्र, ज्ञ, श्र रखना और बोर्ड को भी चार कॉलम में बाँटना और चारों कॉलमों के नाम देना – क्ष त्र, ज्ञ, श्र<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट** | - छात्रों को दिए गए वर्ण के अनुसार शब्द बताने के लिए कहें। (छात्र शब्द बोर्ड पर भी लिख सकते हैं।) गलत उत्तर मिलने पर छात्रों की शंका का निवारण करना<br>-जो समूह सबसे अधिक शब्द बताए वह खेल का विजेता होगा।<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- यह देखें कि सभी समूहों ने इस खेल में भाग लिया या नहीं<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की अर्थग्राह्यता की जाँच करना |

## पाठ 10 - नाम से बड़ा काम — निर्धारित कालांश – 9

**पूर्वज्ञान** – नाम और काम के अंतर का ज्ञान होना, आश्रम के अर्थ की ज्ञान होना

**शब्द भंडार -** विश्वविद्यालय, विद्यार्थी, सहपाठी, दरिद्र, आश्चर्य, प्रार्थना, प्रसन्न, सर्वत्र, मृत्यु, मूर्खता

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-30-31- नाम से बड़ा काम | - पाठ के सरल वाक्यों को समझना<br>- नए और कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- पाठ को ध्यान से सुनना<br>- पाठ के अर्थ तथा भाव को समझना | पाठ का भाव समझाना<br>सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-30-31-<br>गृहकार्य- छात्रों को पाठ पढ़ने का अभ्यास करने के लिए कहना |
| 2 | पृ०सं०-32- नए शब्द, शब्दार्थ, सोचो समझो और बोलो | - नए शब्दों और उनके अर्थ को ध्यान से सुनना<br>- शब्दों का सरल वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर देना<br>- अर्थ के आधार पर शब्दों में अंतर करना, उच्चारण समझना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-32-<br>गृहकार्य- छात्रों को नए शब्द और कठिन शब्दों के अर्थ याद करने को कहना |
| 3 | पृ०सं०-33-आओ जानें | - 'र' के विभिन्न रूप समझना<br>- 'रेफ़', पदेन का अर्थ समझना<br>- 'ट' वर्ग के शब्दों में 'र' का पदेन रूप समझना<br>- रेफ़, पदेन से संबंधित शब्द लिखने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-33-<br>गृहकार्य- र के भिन्न रूपों वाले शब्दों को याद करना और तीन-तीन अन्य शब्द खोजकर लाना |
| 4 | पृ०सं०-85-लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- शुद्ध वर्तनी के साथ सही उत्तर लिखना<br>- अपने नाम के बारे में दो वाक्य लिखना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़, र के विभिन्न रूप वाला चार्ट | गकक्षाकार्य- पृ०सं०-85<br>गृहकार्य- प्रश्नों के उत्तर याद करने के लिए कहना |
| 5 | पृ०सं०-86-87-पढ़ो, समझो और लिखो | - दिए गए वाक्यों में सही वाक्य पहचानना<br>- रु और रू की पहचान करना<br>- र के विभिन्न रूप वाले शब्दों को पहचानना<br>- पढ़कर शब्दों की शुद्ध वर्तनी का चयन करना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल,रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-86-87<br>गृहकार्य- रेक विभिन्न रूप वाले शब्द पहचान कर लिखना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | पृ०सं०-88- भाषा की बात | - चित्र पहचान कर नाम लिखना<br>- रु और रू का अंतर समझना<br>- रेफ़ और पदेन के शब्द पहचानना, याद करना और लिखना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका,पेंसिल,रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-88-<br>गृहकार्य- रेफ़, पदेन और र के प्रयोग वाले शब्दों से वाक्य बनाना |
| 7 | पृ०सं०-89- श्रुतलेख | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- लिखते समय शुद्ध वर्तनी का प्रयोग करना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, अभ्यास-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-89<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को 5-5 बार सुधारना |
| 8 | पृ०सं०-89- परियोजना कार्य | - छात्रों में स्वयं कार्य करने की क्षमता बढ़ाना<br>- समूह में कार्य करने के लिए प्रेरित करना<br>- संवाद याद करने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- पुराने समाचार पत्र, पत्रिका, कैंची, गोंद, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़, | कक्षाकार्य- परियोजना कार्य (पृ. 89) |
| 9 | पृ०सं०-89- आओ खेल खेलें | छात्रों को दो समूहों में बाँटकर इस नाटक का कक्षा में अभिनय करना | सहायक सामग्री- पाठ्य -पुस्तक | कक्षाकार्य- पृ०सं०-89 |

| **दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से उनके नाम और उनका अर्थ पूछना<br>- सरल वाक्य और उनका अर्थ समझाना और विषय तक लेकर जाना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में बैठकर बारी-बारी से पाठ पढ़ने के लिए कहना<br>- छात्रों को पठन क्रिया के दौरान नए शब्द व अर्थ से परिचित कराना<br>- गलत उच्चारण पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को एक-दूसरे से शब्दार्थ पूछने को कहना<br>- पाठ में आए नाम दोहराने को कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- छात्रों से नए शब्द और शब्दार्थ के बारे में पूछना और कुछ शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से सोचो, समझो और बोलो अनुभाग से प्रश्न 1 और 2 पूछना (यह कार्य समूह में भी किया जा सकता है।)<br>- अर्थ के आधार पर शब्दों में अंतर समझाना (पृ.32 प्र.3) और ऐसे अन्य शब्द बताने के लिए प्रोत्साहित करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में पाठ से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा शुद्ध उच्चारण व मौखिक अभिव्यक्ति की जाँच करना |
| **दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट** |

| | |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- बोर्ड पर कम, चक, डम, वषा, सूय शब्द लिखना और छात्रों को पढ़ने के लिए कहना<br>- यदि कोई छात्र कर्म/क्रम, ड्रम, वर्षा, सूर्य शब्द पढ़ता है तो छात्रों की प्रतिक्रिया का अनुसरण करते हुए छात्रों से इनकी ध्वनियों के बारे में पूछना और की ध्वनि से परिचित कराना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- र के रूपों वाले शब्दों के बारे में बताना और समझाना (पृ.33)<br>- रेफ़ और पदेन से शब्द बताने के लिए प्रोत्साहित करना<br>- 'ट' वर्ग में पदेन का प्रयोग समझाना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- अध्यापिका बोर्ड पर र के विभिन्न रूप वाले शब्द लिखे और छात्रों को पढ़ने के लिए कहें।<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के उत्तरों की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और र के विभिन्न रूप वाले शब्दों को दोहराना<br>- अध्यापिक स्वयं र के विभिन्न रूप वाला चार्ट बनाकर कक्षा में लगाएँ।<br>- **मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से लिखित अभ्यास में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के सही उत्तरों की पुष्टि करना और शुद्ध वर्तनी लिखने पर बल देना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- जोड़ों में एक-दूसरे से र के विभिन्न रूप वाले शब्द पूछना<br>- अधिक से अधिक सही उत्तर देने वाला छात्र खेल का विजेता होगा<br><br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- र के रूपों को दोहराना और छात्रों से प्रश्न पूछना – कर्म में र का क्या रूप है? क्रम में र का क्या रूप है? रेफ़ से संबंधित कोई दो शब्द बताओ।<br>- रु और रू की ध्वनियों में अंतर बताना और समझाना कि र में उ या ऊ की मात्रा उसके पीछे लगती है।<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को पढ़ो, लिखो, समझो से संबंधित प्रश्न 1 - 4 के बारे में बताना और समझाना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को चार-चार के समूह में बाँटना और प्रत्येक समूह को बारी-बारी एक शब्द बोलने के लिए कहना जिसमें रु, रू का प्रयोग हुआ हो। अधिक शब्द बोलने वाला समूह खेल का विजेता होगा। | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 10 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और र रूपों का अंतर दोहराना<br>- अध्यापिका बोर्ड पर बिना र का प्रयोग किए शब्द लिखे जैसे – कम, गव, मूखता, दरिदता आदि। फिर कुछ छात्रों को बारी-बारी बोर्ड के पास बुलाएँ और उन्हें दी गई मात्रा में र के उचित रूप का प्रयोग करने के लिए कहें।<br>- यदि कोई छात्र र के रूप का गलत प्रयोग करता है तो उन्हें फिर से र के रूपों के बारे में बताएँ।<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को भाषा की बात से संबंधित प्रश्न 1 - 6 के बारे में बताना और समझाना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>- छात्रों को संज्ञा या सर्वनाम के साथ लिंग का उचित प्रयोग समझाना (प्र.5)<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट** |

| | |
|---|---|
| **मूल्यांकन**:- पढ़ो, समझो, लिखो अनुभाग से द्वारा छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | - छात्रों को अपने उत्तर की पुष्टि करने के लिए अपने कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:-अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के उत्तरों की जाँच करना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- पाठ में आए नए और कठिन शब्दों को दोहराना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए पाठ से उचित शब्द छात्रों को देना - विश्वविद्यालय, विद्यार्थी, यात्री, पथिक, मृत्यु, प्रसन्न, मूर्खता<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना और उन्हें अपना कार्य दोहराने के लिए अवश्य कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- अध्यापक द्वारा ब्लैकबोर्ड पर श्रुतलेख के शब्द लिखवाना और समझाना<br>- छात्रों को श्रुतलेख में गलत लिखे गए शब्दों को तीन बार लिखने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**: - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की शुद्ध वर्तनी की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- परियोजना कार्य के बारे में बताना और समझाना<br>- छात्रों को परियोजना कार्य को करने का तरीका बताना और समझाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- प्रत्येक छात्र को एक-एक हिंदी का समाचार पत्र, कैंची, गोंद, चार्ट दें। उन्हें समाचार पत्र में प्रयुक्त अधिक-से-अधिक र के विभिन्न रूप वाले शब्द चार्ट/नोटबुक पर चिपकाने के लिए कहें।<br>- प्रत्येक छात्र को अपना कार्य निर्धारित समय-सीमा में समाप्त करने के लिए कहें और छात्रों के पास जाकर देखें कि वे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं।<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को बारी-बारी अपना कार्य कक्षा के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना |
| **दिवस 9** **कालांश अवधि: 30 मिनट**<br>**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों को नाटक के बारे में बताना<br>- समूहों में बाँटकर छात्रों को नाटक के अभिनय के बारे में बताना और समझाना<br>- छात्रों को अपने-अपने संवाद याद करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को अभिनय के बारे में बताना और समझाना | - संवादों को सही तरीके तथा भाव के साथ बुलवाना<br>- पाठ को नाटक के रूप में छात्रों से प्रस्तुत करवाना<br>- समूहों को बारी-बारी कक्षा के सामने अभिनय करने के लिए कहना<br>- आवश्यकता पड़ने पर या संवाद भूल जाने पर छात्रों की सहायता करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- अच्छे अभिनय की सराहना करना और नाटक का मूल भाव पूछना<br>**मूल्यांकन**: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के अभिनय की जाँच करना |

| **पठन हेतु – रंगा सियार** | **निर्धारित कालांश – 1** |
|---|---|
| **पूर्वज्ञान** – सही उच्चारण और पठन-कला, पाठ का भाव, चित्रों को देखकर कहानी का अनुमान लगाने में सक्षम होना<br>**शब्द भंडार** – खरगोश, हिरण, गलियाँ, जानवर, चाँदनी, आवाज़ | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | पृ०सं०-34-रंगा सियार | - चित्रों द्वारा पाठ पठन में रुचि बढ़ाना<br>- स्पष्ट और शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- पाठ का भाव समझना और नए शब्दों के अर्थ जानकर पाठ समझना<br>- पठन-कला को श्रेष्ठ बनाना<br>- पाठ में चित्रों का महत्त्व समझना | सहायक सामग्री- पाठ्य -पुस्तक | कक्षाकार्य- पृ०सं०-34<br>गृहकार्य- पठन का अभ्यास करना, नए शब्द सीखना |

**दिवस 1 रंगा सियार (पठन-हेतु)** **कालांश अवधि: 30 मिनट**

**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**

- पाठ से संबंधित प्रश्न पूछकर छात्रों को पाठ की ओर आकर्षित करना
- चित्र-पठन का महत्त्व समझना

**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**

- चित्रों पर ध्यान देना, नए शब्द सीखना और छात्रों को चित्र के माध्यम से आगे की कहानी का अनुमान लगाने के लिए कहना
- सभी छात्रों को अनुमान लगाने का अवसर देना और कुछ छात्रों को चित्रों के माध्यम से कहानी सुनाने के लिए प्रेरित करना
- अंत में अध्यापिका स्वयं ही छात्रों को चित्रों के माध्यम से कहानी सुनाएँ।

**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**

- छात्रों को चित्रों के बारे में एक-दसरे से प्रश्न पूछने का अवसर देना

**मूल्यांकन:** अध्यापक-निरीक्षण से छात्रों के पठन-कौशल की जाँच करना

## पाठ 11 - कोयल निर्धारित कालांश – 7

**पूर्वज्ञान** – कविता-रूप को समझना, कोयल पक्षी से परिचित होना, कोयल के गुणों से परिचित होना

**शब्द भंडार -** संदेशा, धरती, मिठास, मेघ, डाली, प्यासी, मिसरी

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-35-36<br>कोयल | - कविता के बारे में जानना<br>- कविता को शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- गति तथा लय के साथ गाकर पढ़ना<br>- कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना | एकल या जोड़ों में पठन कौशल<br>सहायक सामग्री - पाठ्यपुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक | कक्षाकार्य- पृ०सं०-35-36<br>गृहकार्य- कविता को सही उच्चारण के साथ पढ़ना और कविता याद करना |
| 2 | पृ०सं०-37-नए शब्द, शब्दार्थ,सोचो समझो और बोलो | - नए शब्दों का सही उच्चारण करना<br>- शब्दों के अर्थ को जानना<br>- उनका वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना | सहायक सामग्री-पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड | कक्षाकार्य- पृ०सं०-39<br>गृहकार्य- नए शब्द और शब्दार्थ याद करना |
| 3 | पृ०सं०-37-आओ जानें | - पर्यायवाची/समानार्थी शब्द जानना<br>- चित्र देखकर समानार्थी बताना | सहायक सामग्री-पाठ्यपुस्तक, चॉक, ब्लैकबोर्ड | कक्षाकार्य- पृ०सं०-37<br>गृहकार्य- पर्यायवाची/समानार्थी शब्द पहचानना और याद करना |
| 4 | पृ०सं०-90-लिखित अभ्यास | - दिए गए प्रश्नों के उत्तर अभ्यास-पुस्तिका में लिखना<br>- दिए गए चित्रों के बारे में दो-दो वाक्य लिखना<br>- लिखते समय शुद्ध वर्तनी का प्रयोग करना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-90<br>गृहकार्य- दिए गए प्रश्नों के उत्तर याद करना और विभिन्न पक्षियों के नाम |
| 5 | पृ०सं०-91-92-पढ़ो, समझो और लिखो | - अपठित कविता पढ़कर प्रश्नों के उत्तर देना<br>- सही शब्द चुनकर पंक्तियाँ पूरी करना<br>- ध्वनि में अंतर पहचान कर शब्द लिखना<br>- भिन्न शब्द पहचानना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-91-92<br>गृहकार्य- पर्यायवाची शब्द याद करना |
| 6 | पृ०सं०-93-भाषा की बात | - संकेतों के आधार पर वाक्य बनाने में सक्षम होना<br>- समतुकांत शब्द लिखना<br>- चित्रों को पहचानकर पर्यायवाची शब्द लिखने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-93<br>गृहकार्य- 2 पर्यायवाची शब्द के फ़्लैशकार्ड बनाकर लाना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | पृ०सं०-94-श्रुतलेख<br>परियोजना कार्य<br>आओ खेल खेलें | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- पाठ से संबंधित कठिन शब्दों की शुद्ध वर्तनी से परिचित होना<br>- सुनी हुई आवाजों को सोचकर बताने के लिए प्रेरित करना<br>- तालिका पूरी करने के लिए बुद्धि का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-94<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को पाँच-पाँच बार सुधारना |

| **दिवस 1** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- कोयल का चित्र दिखाकर पहचान करवाना<br>मीठा बोलने का महत्त्व समझाना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- कविता को स्वयं सही उच्चारण गति और लय के साथ पढ़ना<br>- छात्रों को समूह में बैठाकर उनसे कविता पढ़वाना<br>- कविता के कठिन शब्दों के अर्थ बताना<br>- कविता की अर्थग्राह्यता पर बल देना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के समूहों को एक-दूसरे से शब्दों के अर्थ पूछने को कहना<br>**मूल्यांकन:**<br>- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कविता पठन की जाँच करना करना<br>- छात्रों की समझ जानने के लिए उचित प्रश्न पूछना जैसे-कोयल की बोली को क्या कहते हैं? कोयल मेघों से क्या  माँग रही है? | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- नए शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ के बारे में पूछना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- सोचो, समझो तथा बोलो अनुभाग में दिए प्रश्नों के उत्तर पूछना<br>- मौखिक कौशल के विकास की जाँच करने के लिए हर छात्र से प्रश्न पूछना<br>- छात्रों को चार-चार के समूह में एक-दूसरे से पाठ से संबंधित प्रश्न पूछने को कहना जैसे कोयल कैसा गाना गाती है? कोयल की माँ ने उसे क्या सिखाया है? कोयल का रंग कैसा होता है? इस पंक्ति का क्या अर्थ है? आदि।<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को पहले से बने समूह में ही उचित गति व लय के साथ कविता-पाठ करने को कहना<br>**मूल्यांकन:**<br>- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के वाचन कौशल और कविता-पठन कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 3** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- बोर्ड पर एक बड़ा-सा फूल बनाना जिसमें एक गोला और तीन पंखुड़ियाँ होंगी। गोले के अंदर लिखें – फूल और छात्रों से पूछें क्या आपको फूल का कोई अन्य नाम पता है? (छात्र प्रतिक्रिया) छात्रों द्वारा बताए गए सही उत्तर पुष्प, कुसुम, सुमन को पंखुड़ियों के अंदर | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से उनके गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और कुछ छात्रों से पर्यायवाची शब्दों के बारे में पूछना (अध्यापिका कक्षा में पर्यायवाची शब्द का चार्ट लगाएँ।)<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट** |

| | |
|---|---|
| लिखें। इस प्रकार छात्रों को विषय तक लेकर जाएँ।<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को पर्यायवाची शब्दों के बारे में बताना और समझाना<br>- कविता में आए शब्दों के समानार्थी शब्द जानना और उनके उदाहरण लिखवाना<br>- कुछ अन्य उदाहरणों से परिचित करवाना और भाषा की बात का प्र. 1 पृ.96 पर करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से जोड़ों में एक-दूसरे से पर्यायवाची शब्द पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की अर्थग्राह्यता जाँच करना | - छात्रों को लिखित अभ्यास में दिए गए प्रश्नों के बारे में समझाना और उनके उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना और सही वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के उत्तर की पुष्टि करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को त्रुटि निवारण हेतु अपना लेखन कार्य दोहराने के लिए कहना<br><br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कार्य की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 8 मिनट**<br>- छात्रों से उनके गृहकार्य से संबंधित प्रश्न पूछना जैसे – पाँच पक्षियों के नाम बताओ। कोयल आमों में मिसरी कैसे घोलती है? क्या कोयल का रंग भूरा है? आदि।<br>- छात्रों को बोर्ड पर शब्द लिखाना – डाल – सडक। छात्रों को इन दोनों शब्दों को पढ़ने के लिए कहना और पूछा कि क्या इन शब्दों की वर्तनी सही है? (छात्र प्रतिक्रिया) फिर छात्रों को सडक में ड के नीचे बिंदु लगाकर उसका उच्चारण करने के लिए कहना। छात्रों को ड़ का शुद्ध उच्चारण करवाना और ड और ड़ में अंतर समझाना। इसी प्रकार ढ और ढ़ के उच्चारण में अंतर समझाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 17 मिनट**<br>- छात्रों को पढ़ो, समझो, लिखो, में दिए गए प्रश्नों (1-4) के बारे में समझाना और उनके उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना और सही वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना तथा प्रश्न पूछकर छात्रों के उत्तर की पुष्टि करना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- अध्यापिका जोड़ों को बारी-बारी ड, ड़, ढ, ढ़ से एक-एक शब्द बताने को कहें। गलत उत्तर | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों से उनके गृहकार्य के बारे में पूछना और पर्यायवाची शब्दोंके उदाहरण पूछना<br>- छात्रों को बारी-बारी अपने-अपने फ़्लैशकार्ड कक्षा के समक्ष आकर दिखाना और कक्षा में लगाना<br>- अच्छे कार्य के लिए तालियाँ बजवाकर छात्रों का प्रोत्साहन बढ़ाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों (2, 3) के बारे में समझाना और उनके उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना और सही वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के उत्तर की पुष्टि करना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से अपने लेखन कार्य को दोहराने के लिए कहना और सही उत्तरों की पुष्टि करना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना |

| | |
|---|---|
| मिलने पर छात्रों को सही उत्तर बताएँ और उच्चारण में अंतर समझाएँ।<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन और लेखन कार्य की जाँच करना | |
| **दिवस 7 कालांश अवधिः 30 मिनट**<br>**प्रस्तावना चरणः (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को पाठ से संबंधित कठिन शब्द दोहराने के लिए कहना<br>**मुख्य चरणः (Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को ध्यानपूर्वक श्रुतलेख सुनने के लिए कहना और उन्हें बताना कि वे प्रत्येक शब्द को तीन बार बोलेंगी।<br>- श्रुतलेख के लिए कविता से उचित शब्द चुनना जैसे- मिसरी, संदेशा, मेघ, मिठास, प्यासी। सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना | - श्रुतलेख देने के बाद अध्यापक द्वारा बोर्ड पर श्रुतलेख के उत्तर लिखना और अपने श्रुतलेख की जांच करना<br>- छात्रों द्वारा परियोजना कार्य करवाना और बोलियों के नाम लिखवाना।<br>**अंतिम चरणः(Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को आओ खेल खेलें में दिया प्रश्न करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना |

## पाठ 12 - रमन बदल गया — निर्धारित कालांश – 9

**पूर्वज्ञान** – शरारती बच्चों से परिचित होना , अच्छे गुणों की पहचान होना
**शब्द भंडार -** पत्थर, कुत्तों, छुट्टियों, तुम्हारी, काँटे, प्रयत्न, उखाड़, मुश्किल, शिकायत, व्यवहार, अच्छे

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-38- रमन बदल गया | - एकाग्रचित्त होकर पठन को ध्यान से सुनना<br>- पाठ से सम्बंधित कठिन शब्दों को ध्यान से सुनकर उनके अर्थ समझना<br>- आत्मविश्वास, उचित गति और लय के साथ सही पठन करना, पठन करते समय शब्दों का शुद्ध और स्पष्ट उच्चारण करना<br>- पाठ के भाव को समझकर अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर देना | शिक्षण नीति- पठन कौशल, सहायक सामग्री-पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक | कक्षाकार्य- पृ०सं०-38<br>गृहकार्य- पाठ का उच्च स्वर में पठन करना |
| 2 | पृ०सं०-39-नए शब्द, शब्दार्थ,सोचो समझो और बोलो | - नए शब्दों और उनके अर्थ को ध्यान से सुनना<br>- उनका सरल वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर देना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-39<br>गृहकार्य- नए शब्द और शब्दार्थ को याद करने के लिए कहना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | पृ०सं०-39-आओ जानें | - सर्वनाम की परिभाषा बताना<br>- शब्द रूप में उदाहरण देना<br>- सरल वाक्यों में सर्वनाम शब्दों का प्रयोग बताना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैक बोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-39<br>गृहकार्य- पुराने हिंदी समाचार-पत्रिकाओं से 5 सर्वनाम शब्द काटकर लाना |
| 4 | पृ०सं०-95-लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- शुद्ध वर्तनी के साथ सही उत्तर लिखना<br>- पूछे गए प्रश्न के अनुसार खाली स्थान में उत्तर लिखना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-95<br>गृहकार्य- प्रश्नों के उत्तर याद करने के लिए कहना |
| 5 | पृ०सं०-96-97 पढ़ो, समझो और लिखो | - प्रश्न पढ़कर सही विकल्प चुनने में सक्षम होना<br>- वाक्य पढ़कर पाठ के आधार पर सही या गलत का निर्णय करना<br>- बिना रुके स्पष्ट रूप से धाराप्रवाह पढ़ना<br>- शुद्ध वर्तनी पहचानना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़, प्रश्नावली | कक्षाकार्य- पृ०सं०-96-97<br>गृहकार्य- प्रश्नों के उत्तर याद करना शुद्ध वर्तनी का अभ्यास करना |
| 6 | पृ०सं०-98-भाषा की बात | - सही सर्वनाम शब्दों का प्रयोग सीखना<br>- सही वचन बदल कर लिखना<br>- दिए गए शब्दों से सरल वाक्य बनाना<br>- नाम और काम वाले शब्द अर्थात संज्ञा और क्रिया शब्द पहचानना<br>- दिए गए शब्दों के लिंग बदलना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका,पें सिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-98<br>गृहकार्य- भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों के उत्तर याद करना |
| 7 | पृ०सं०-99-श्रुतलेख | - शब्दों को ध्यान से सुनाने का अभ्यास कराना<br>- सही उच्चारण पर ध्यान देना<br>- पाठ में से नए और कठिन शब्दों का श्रुतलेख देना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-99<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को पाँच-पाँच बार लिखकर सुधारना |
| 8 | पृ०सं०-99 परियोजना कार्य | - आत्मविश्वास के साथ स्वयं कार्य करने में सक्षम होना<br>- चित्र देखकर वाक्य बनाने में सक्षम होना | चार्ट पेपर, रंगीन पेंसिल, पेंसिल और रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-99 |
| 9 | पृ०सं०-99-आओ खेल खेलें | - समूह में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना<br>- ज्ञान में अभिवृद्धि करना<br>- नाम वाले शब्द, काम वाले शब्द और सर्वनाम का पुनरावलोकन | | कक्षाकार्य- पृ०सं०-99 |

| दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट | दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से पूछना कि कौन-कौन बच्चे सबसे ज्यादा शरारत करते हैं? क्या-क्या शरारतें करते हैं? (छात्र प्रतिक्रिया)<br>- छात्रों की बातों का अनुसरण करते हुए विषय तक लेकर जाना और बताना कि आज हम एक ऐसे ही बच्चे के बारे में पढ़ेंगे जो बहुत ही शरारती लड़का था।<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में बैठकर बारी-बारी से पाठ पढ़ने के लिए कहना<br>- छात्रों को पठन क्रिया के दौरान नए शब्द व शब्दार्थ से परिचित कराना<br>- गलत उच्चारण पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को अच्छे स्वभाव का महत्त्व समझाना<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा पठन कौशल की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- छात्रों से नए शब्द और शब्दार्थ के बारे में पूछना और कुछ शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों से सोचो, समझो, बोलो अनुभाग से मौखिक प्रश्न पूछना<br>- फिर छात्रों को जोड़ों में एक-दूसरे से पाठ से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 10 मिनट**<br>- छात्रों को गोल घेरे में बिठाकर शब्द-अंताक्षरी खिलवाएँ।<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की मौखिक अभिव्यक्ति की जाँच करना |
| **दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- बोर्ड पर कुछ वाक्य लिखना जैसे – रमन अपने माता-पिता के साथ रहता था। रमन बहुत शरारती लड़का था। रमन कुत्तों पर पत्थर फेंकता था। रमन के माता-पिता बहुत परेशान थे।<br>- कुछ छात्रों से बोर्ड पर लिखे वाक्यों को पढ़वाना और पूछना कि क्या उन्हें पढ़ते समय कुछ अटपटा लग रहा है? (छात्र प्रतिक्रिया) छात्रों के सही उत्तर का अनुसरण करते हुए विषय तक लेकर आना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को सर्वनाम के बारे में बताना और बोर्ड पर लिखे वाक्यों के माध्यम से समझाना<br>- छात्रों से सर्वनाम के अन्य उदाहरण बताने के लिए प्रोत्साहित करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को लिखित अभ्यास में दिए गए प्रश्नों के बारे में समझाना और उनके उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना और सही वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के उत्तर की पुष्टि करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट** |

| | |
|---|---|
| - छात्रों की समझ को जाँचने के लिए कुछ छात्रों से प्रश्न पूछना कि तुम्हारा नाम क्या है? इस वाक्य में सर्वनाम बताओ। वह बहुत अच्छा लड़का है। वाक्य में सर्वनाम बताओ। आदि<br>- छात्रों को भाषा की बात में से पृ. 98 पर प्र.1 करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में सर्वनाम से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** - अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के व्याकरण और शब्द भंडार की जाँच करना | - छात्रों को कुछ शब्द बोलना और उन्हें यह बताने के लिए कहना कि वह सर्वनाम शब्द है या नहीं। अध्यापिका शब्द बोलें – जैसे राम और पूछें कि क्या यह सर्वनाम शब्द है? (छात्र प्रतिक्रिया) फिर शब्द बोले – तुम। इस प्रकार छात्रों को शब्द बोलें।<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 5** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 6** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 10 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और छात्रों को चार-चार के समूह में बैठाना तथा प्रत्येक समूह को नाम देना<br>- बोर्ड पर समूहों के अनुसार कॉलम बनाना और प्रत्येक समूह से अब तक पढ़े हुए पाठों से संबंधित प्रश्न पूछना<br>- प्रत्येक सही उत्तर के लिए समूहों को अंक देना और जीतने वाले समूह की प्रशंसा करना और अन्य समूहों को प्रोत्साहित करना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 15 मिनट**<br>- छात्रों को पढ़ो, समझो, लिखो, में दिए गए प्रश्नों (1-4) के बारे में समझाना और उनके उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना और सही वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना तथा प्रश्न पूछकर छात्रों के उत्तर की पुष्टि करना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को अपने कार्य को दोहराने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:** अभ्यास-पुस्तिका द्वारा छात्रों के पठन कौशल का निरीक्षण करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना<br>- छात्रों को ब्लैकबोर्ड के पास बुलाना और उनको कठिन शब्द लिखने के लिए देना<br>- गलत उत्तर लिखने पर शुद्ध वर्तनी के बारे में बताना और समझाना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों (2 - 5) के बारे में समझाना और उनके उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना और सही वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के उत्तर की पुष्टि करना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को अपनी पाठ्य पुस्तिका में सर्वनाम शब्द रेखांकित करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:**-अध्यापक निरीक्षण और भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों द्वारा छात्रों के भाषा कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 7** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 8** **कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- नए शब्दों की वर्तनी का अभ्यास करने के लिए कहना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उन्हें परियोजना कार्य के बारे में बताना और समझाना |

| | |
|---|---|
| **मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए पाठ से उचित शब्द चुनना जैसे- प्रयत्न, उखाड़, मुश्किल, शिकायत, छुट्टियों<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना<br>- श्रुतलेख के बाद छात्रों से उनके कार्य को परखने के लिए कहना<br>- ब्लैकबोर्ड पर श्रुतलेख के शब्द सही वर्तनी के साथ लिखना और समझाना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को अपनी वर्तनी को ठीक करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**:-अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की शुद्ध वर्तनी की जाँच करना | - परियोजना कार्य के लिए आवश्यक वस्तुएँ मँगवाना और छात्रों को देना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को व्यवस्थित रूप से बैठाना (यह कार्य जोड़े या समूह में भी किया जा सकता है।)<br>- आवश्यक निर्देश देना और छात्रों को चार्ट पर निर्धारित समय-सीमा में परियोजना कार्य समाप्त करने के लिए कहना तथा यह सुनिश्चित करना कि सभी छात्रों ने इस कार्य में भाग लिया<br>- प्रत्येक जोड़े या समूह के पास जाकर देखना कि वे ठीक से काम कर रहे हैं या नहीं।<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- जोड़े या समूह को बारी-बारी अपना कार्य कक्षा के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन**: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना |
| **दिवस 9** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को आओ खेल खेलें (पृ.99) के बारे में बताना और खेल के बारे में समझाना<br>- छात्रों को चार-चार के समूह में बैठने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 23 मिनट**<br>- समूहों को बारी-बारी एक शब्द देना और उन्हें यह पहचानने के लिए कहना कि वह कौन-सा शब्द है – नाम वाला, काम वाला या सर्वनाम? प्रत्येक समूह को सही उत्तर के लिए अंक देना<br>- अध्यापिका ब्लैकबोर्ड पर अंक तालिका बना सकती हैं। छात्रों के गलत उत्तर देने पर उनको सही उत्तर के बारे में बताना और समझाना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 2 मिनट**<br>- विजेता टीम की प्रशंसा करना<br>**मूल्यांकन**: अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की समझ को जाँचना | |

| **पाठ 13 - घड़े का घमंड** | **निर्धारित कालांश – 9** |
|---|---|
| **पूर्वज्ञान -** घमंड का अर्थ समझाना, सरल वाक्यों को समझना , कुछ घड़ों का चित्र<br>**शब्द भंडार -** घमंड, ताँबा, सुरक्षित, बाढ़, धन्यवाद, हिम्मत, नरम | |

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-40- घड़े का घमंड | -पाठ के सरल वाक्यों को समझना<br>- नए और कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- पाठ को ध्यान से सुनना<br>- पाठ के अर्थ तथा भाव को समझना | शिक्षण-नीति- स्पष्ट और शुद्ध उच्चारण के साथ पाठ का पठन<br>सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-40<br>गृहकार्य- पाठ 13 पढ़ना और कठिन शब्द याद करना |
| 2 | पृ०सं०-41- सोचो समझो और बोलो | - नए शब्दों और उनके अर्थ को ध्यान से सुनना<br>- शब्दों का सरल वाक्यों में प्रयोग करना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के मौखिक उत्तर देना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-41<br>गृहकार्य- छात्रों को नए शब्द व कठिन शब्द के अर्थ याद करने को कहना |
| 3 | पृ०सं०-42- आओ जानें | - विराम-चिह्नों का अर्थ और आवश्यकता समझना<br>- पूर्ण विराम, प्रश्न-चिह्न और विस्मयादिबोधक चिह्नों के रूप बताना<br>- पूर्ण विराम, प्रश्न-चिह्न और विस्मयादिबोधक चिह्नों का वाक्यों में प्रयोग समझना और उदाहरण बताना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-42<br>गृहकार्य- विराम-चिह्नों के रूप तथा वाक्यों में प्रयोग का अभ्यास करना |
| 4 | पृ०सं०-100- लिखित अभ्यास | - प्रश्नों के उत्तर लिखने में सक्षम होना<br>- शुद्ध वर्तनी के साथ सही उत्तर लिखना<br>- बाढ़ के विषय में दो-तीन वाक्य लिखना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-100<br>गृहकार्य- प्रश्नों के उत्तर याद करने के लिए कहना |
| 5 | पृ०सं०-101- पढ़ो, समझो और लिखो | - सही वाक्यों पर निशान लगाना<br>- संयुक्त तथा द्वित्व वर्ण वाले शब्द पहचानना<br>- सही कारक शब्दों का प्रयोग करना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-101<br>गृहकार्य- संयुक्त तथा द्वित्व वर्ण वाले शब्द सीखना/ पहचानना |
| 6 | पृ०सं०-102- भाषा की बात | - विराम-चिह्नों के रूप जानना<br>- विराम-चिह्नों का वाक्यों में प्रयोग सीखना<br>- शब्दों से वाक्य बनाना<br>- विलोम शब्दों का ज्ञान होना<br>- बिंदु वाले अक्षर जानना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-102<br>गृहकार्य- विराम-चिह्नों के रूप जानना उनका वाक्यों में प्रयोग करने का अभ्यास करना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 7 | पृ०सं०-103- श्रुतलेख | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- नए और कठिन शब्दों की वर्तनी से परिचित होना और लिखना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-103<br>गृहकार्य- माता-पिता/यू-ट्यूब से 'घमंडी हाथी' की कहानी सुनना और याद करना |
| 8 | पृ०सं०-103 परियोजना कार्य | - आत्मविश्वास के साथ रोचकीय स्वर में कहानी सुनाना<br>- माता-पिता से कहानी सुनकर अपने शब्दों में सुनाना<br>- हाव-भाव के साथ कहानी सुनाना | | कक्षाकार्य- पृ०सं०-103<br>माता-पिता/यू-ट्यूब से 'घमंडी हाथी' की कहानी सुनना और कक्षा में सुनाना |
| 9 | पृ०सं०-103 - आओ खेल खेलें | - सजीव तथा निर्जीव चीजों की गतिविधियों की जानकारी होना<br>- सुनकर या चित्र देखकर हल्की और भारी वस्तुओं का अनुमान लगा पाना | सहायक सामग्री- पानी का पात्र, खेल के लिए कक्षा और मैदान में मौजूद वस्तुएँ जैसे- रबड़, पत्ते, पेंसिल, किताब, पत्थर, मिट्टी, आदि | कक्षाकार्य- पृ०सं०-103 |

| **दिवस 1 — कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2 — कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- पाठ का भाव समझाना<br>- सरल वाक्य और उनका अर्थ समझना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को जोड़ों में बैठकर बारी-बारी से पाठ पढ़ने के लिए कहना<br>- छात्रों को पठन क्रिया के दौरान नए शब्द व अर्थ से परिचित कराना<br>- गलत उच्चारण पर छात्रों को शब्दों का शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण बताना<br>- अर्थग्राह्यता की जाँच के लिए छात्रों से बीच-बीच में प्रश्न पूछना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को एक-दूसरे से शब्दार्थ पूछने को कहना और कुछ छात्रों को पाठ का भाव पूछना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के पठन कौशल की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना<br>- छात्रों से नए शब्द और शब्दार्थ के बारे में पूछना और कुछ शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से सोचो, समझो और बोलो में दिए गए प्रश्नों के उत्तर बुलवाना<br>- किसने किससे कहा वाले प्रश्न का उत्तर छात्रों से पूछना<br>- छात्रों को जोड़ों में भी एक-दूसरे से प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- पाठ में आए कठिन शब्दों को दोहराना<br>**मूल्यांकन**:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की मौखिक अभिव्यक्ति की जाँच करना |
| **दिवस 3 — कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4 — कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट** | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट** |

<table>
<tr><td>- ब्लैकबोर्ड पर वाक्य लिखना – छोड़ो मत जाने दो।<br>- छात्रों से पूछना कि इस वाक्य का क्या अर्थ है? (छात्र प्रतिक्रिया)<br>- अब अध्यापिका इस वाक्य में कोमा लगाकर छात्रों को पढ़ने के लिए कहें। जैसे – छोड़ो मत, जाने दो। छोड़ो, मत जाने दो। छात्रों को विषय तक लेकर जाना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- छात्रों को विराम-चिह्नों के बारे में बताना और समझाना<br>- छात्रों को उदाहरण देने के लिए प्रोत्साहित करना<br>- छात्रों को भाषा की बात का प्र.1 करने के लिए कहना<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को जोड़ों में एक-दूसरे से विराम-चिह्न से संबंधित प्रश्न पूछने के लिए कहना<br>मूल्यांकन: - अध्यापक निरीक्षण और प्र.1 द्वारा छात्रों की समझ जाँचना</td>
<td>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और पाठ से संबंधित मौखिक प्रश्न पूछना<br>मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- छात्रों से लिखित अभ्यास में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों के सही उत्तरों की पुष्टि करना और शुद्ध वर्तनी लिखने पर बल देना<br>- छात्रों को अपना कार्य निर्धारित समय-सीमा में समाप्त करने के लिए कहना<br>- कुछ छात्रों से उनके द्वारा लिखे उत्तरों की पुष्टि करना<br>अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को गोल घेरे में बिठाकर शब्द-अंताक्षरी खिलवाना<br>मूल्यांकन:- अध्यापक निरीक्षण और लिखित अभ्यास द्वारा छात्रों के लेखन-कौशल की जाँच करना</td></tr>
<tr><td>दिवस 5 कालांश अवधि: 30 मिनट</td><td>दिवस 6 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
<tr><td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- बोर्ड पर वाक्य लिखना और छात्रों से पूछना कि इस वाक्य में किस विराम-चिह्न का प्रयोग हुआ है?<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- छात्रों को पढ़ो, समझो, लिखो में दिए गए प्रश्नों (1 - 4)के बारे में समझाना और उनके उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना और सही वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के उत्तर की पुष्टि करवाना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को विराम चिह्न का चित्र दिखाना और पूछना कि इसका नाम क्या है?<br>मूल्यांकन:- अध्यापक निरीक्षण और प्र. 1 से 4 द्वारा छात्रों के पठन-कौशल की जाँच करना</td>
<td>प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट<br>- विराम-चिह्नों के रूप और अर्थ जानना और दोहराना<br>मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट<br>- छात्रों को भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों (2 - 4) के बारे में समझाना और उनके उत्तर लिखने को कहना<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना और सही वर्तनी का प्रयोग करने के लिए कहना<br>- प्रश्न पूछकर छात्रों के उत्तर की पुष्टि करना<br>अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट<br>- छात्रों को जोड़ों में एक-दूसरे से ड, ड़, ढ, ढ़ से संबंधित एक-एक शब्द बताने के लिए कहना<br>मूल्यांकन:- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के शब्द भंडार और भाषा-कौशल की जाँच करना</td></tr>
<tr><td>दिवस 7 कालांश अवधि: 30 मिनट</td><td>दिवस 8 कालांश अवधि: 30 मिनट</td></tr>
</table>

| | |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- पाठ में आए कठिन शब्द और उनकी वर्तनी दोहराने के लिए कहना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए पाठ में से शब्द चुनकर देना जैसे-बाढ़, ताँबा, सुरक्षित, घमंड, धन्यवाद<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना<br>- श्रुतलेख के बाद छात्रों से उनके कार्य को परखने के लिए कहना<br>- ब्लैकबोर्ड पर श्रुतलेख के शब्द सही वर्तनी के साथ लिखना और समझाना<br>**अंतिम चरण:(Closure)**<br>- छात्रों को अपनी गलत वर्तनी को सुधारने के लिए कहना<br>**मूल्यांकन:**-अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की शुद्ध वर्तनी की जाँच करना<br>**दिवस 9** **कालांश अवधि: 30 मिनट** | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में चर्चा करना और उन्हें परियोजना कार्य के बारे में बताना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को कहानी सुनाने के नियमों के बारे में बताना और समझाना<br>- बारी-बारी छात्रों को कक्षा के सामने बुलाना और घमंडी हाथी कहानी सुनाने के लिए कहना<br>- छात्रों को बताना कि वे कहानी सुनाते समय निम्न बातों का ध्यान रखना<br>आत्मविश्वास के साथ रोचकीय स्वर में कहानी सुनाना, हाव-भाव के साथ कहानी सुनाना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के कार्य की प्रशंसा करना और उन्हें अपने शब्दों में घमंडी हाथी की कहानी सुनाना<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को आओ खेल खेलें के बारे में बताना और समझाना (यह खेल स्कूल के मैदान में भी खेला जा सकता है।)<br>- अध्यापिका खेल के लिए सारा सामान एकत्रित करें।<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- कक्षा की वस्तुएँ दिखाकर छात्रों से जानना कि वे डूबेंगीं या तैरेगी। छात्रों को बताना कि जब उनका उत्तर डूबना होगा तो उन्हें कूदकर ज़मीन पर बैठना होग। यदि उनका उत्तर तैरना होगा | उन्हें अपने हाथों द्वारा तैरने का अभिनय करना होगा। (अध्यापिका छात्रों को अभिनय करके दिखाएँ।)<br>- अध्यापिका मैदान में मौजूद वस्तुओं की सहायता से भी प्रश्न पूछ सकती हैं।<br>- यदि कोई छात्र गलत उत्तर देता है तो उसकी प्रयोग के माध्यम से शंका का निवारण करना<br>**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों को स्वयं भी प्रयोग करने की अनुमति देना कि पानी में क्या तैरेगा और डूबेगा?<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की समझ को जाँचना |

## पाठ – 14- गिनती संग हँस लो | निर्धारित कालांश – 6

**पूर्वज्ञान** – कविता की समझ है, गिनती की जानकारी

**शब्द भंडार -** बिल्कुल, खुशबू, मकड़ी, इन्द्रधनुष, टोकरी, ठुमक-ठुमक, अंगूठे, उँगलियाँ

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-43-44<br>गिनती संग हँस लो | - कविता के बारे में जानना<br>- कविता को शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- गति तथा लय के साथ गाकर पढ़ना<br>- कठिन शब्दों के अर्थ जानना<br>- अध्यापक द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देना | शिक्षण-नीति- जोड़ो में पठन<br>सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०43-44<br>गृहकार्य- छात्रों को नए शब्द और कठिन शब्दों के अर्थ उत्तर-पुस्तिका में लिखने को व याद करने को कहना |
| 2 | पृ०सं०-45- शब्दार्थ, सोचो समझो और बोलो<br>आओ जानें | - हिंदी में गिनती के अंकों और शब्दों में लिखना | सहायक सामग्री- पाठ्य-पुस्तक, रबड़ ब्लैकबोर्ड, चॉक, उत्तर-पुस्तिका, पेंसिल, | कक्षाकार्य- पृ०सं०-45<br>गृहकार्य- गिनती को अंकों और शब्दों में लिखकर याद करना |
| 3 | पृ०सं०-104- लिखित अभ्यास | - दिए गए प्रश्नों के उत्तर अभ्यास-पुस्तिका में लिखना<br>- दी गई पंक्तियों का आशय स्पष्ट करना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-104<br>गृहकार्य- दिए गए प्रश्नों के उत्तर याद करना |
| 4 | पृ०सं०-105- पढ़ो, समझो और लिखो | - रिक्त स्थान उचित शब्दों से भरना<br>- सही उत्तर चुनना<br>- कविता की पंक्तियाँ पूरी करना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-105<br>गृहकार्य- कविता याद करना |
| 5 | पृ०सं०-106-107- भाषा की बात | - शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाना<br>- चित्र पहचानकर उनके नाम और वचन पहचानना<br>- द्वित्व वर्ण वाले शब्द पूरे करना<br>- बिंदु और चन्द्रबिन्दु लगाना<br>- अंकों को जोड़कर शब्दों में लिखना<br>- गिनती को अंकों और शब्दों में लिखना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-106-107<br>गृहकार्य- गिनती को हिंदी के अंकों और शब्दों में याद करना<br>सप्ताह के दिनों का चार्ट बनाना |
| 6 | पृ०सं०-108- श्रुतलेख परियोजना, आओ खेल खेलें | - शब्दों को ध्यान से सुनकर लिखना<br>- पाठ से संबंधित कठिन शब्दों की शुद्ध वर्तनी से परिचित होना<br>- निर्देशों के अनुसार कार्य करने में सक्षम होना | सहायक सामग्री- अभ्यास-पुस्तिका, ब्लैकबोर्ड, चॉक, पेंसिल, रबड़ | कक्षाकार्य- पृ०सं०-108,109<br>गृहकार्य- श्रुतलेख में हुई गलतियों को पाँच-पाँच बार सुधारना |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | - स्पष्ट और शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- गिनती लिखना सीखना | | |

| **दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 2 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- हिंदी में गिनती को अंकों और शब्दों में बताना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- कविता को स्वयं सही उच्चारण गति और लय के साथ पढ़ना<br>- छात्रों को समूह में बैठाकर उनसे कविता पढ़वाना<br>- कविता के कठिन शब्दों के अर्थ बताना<br>- कविता की अर्थग्राह्यता पर बल देना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के समूहों को एक दूसरे से शब्दों के अर्थ पूछने को कहना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कविता पठन की जाँच करना<br>- छात्रों की समझ जानने के लिए उचित प्रश्न पूछना जैसे-ठुमक-ठुमक कर कौन आया? | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से गृहकार्य के बारे में पूछना और नए शब्दों के उच्चारण तथा अर्थ के बारे में पूछना<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- सोचो, समझो तथा बोलो अनुभाग में दिए प्रश्नों के उत्तर पूछना<br>- मौखिक कौशल के विकास की जाँच करने के लिए हर छात्र से प्रश्न पूछना<br>- सही उच्चारण तथा कविता-पाठ के कौशल पर ध्यान देना<br>- छात्रों को हिंदी में अंकों और शब्दों में गिनती बुलवाना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के साथ हिंदी में गिनती दोहराना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की मौखिक अभिव्यक्ति और भाषा कौशल की जाँच करना |
| **दिवस 3 कालांश अवधि: 30 मिनट** | **दिवस 4 कालांश अवधि: 30 मिनट** |
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से उनके गृहकार्य के बारे में पूछना और जानना कि उन्होंने कविता याद की है।<br>**मुख्य चरण:(Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को लिखित अभ्यास में दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखने को कहना<br>- दी गई पंक्तियों का आशय स्पष्ट करना<br>**अंतिम चरण: (Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों के कार्य की समाप्ति सुनिश्चित करना<br>**मूल्यांकन:-** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के लेखन-कार्य की जाँच करना | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set) समय- 5 मिनट**<br>- कविता याद करना और अर्थ समझना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process) समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों को पढ़ो, समझो, लिखो अनुभाग के प्रश्नों के बारे में बताना और समझाना<br>- शब्दों की सहायता से रिक्त स्थान भरना, शुद्ध वर्तनी पहचानना,<br>- छात्रों को निर्धारित समय-सीमा में अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure) समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से लिखे हुए कार्य को दोहराने के लिए कहना।<br>**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण और पढ़ो-लिखो में दिए गए प्रश्नों के द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना |

| दिवस 5 कालांश अवधि: 30 मिनट | दिवस 6 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- नाम और वचन दोहराना, द्वित्व वर्ण लिखाना<br>- बोर्ड पर गिनती के अंक और शब्द लिखना और कुछ छात्रों से उनके नाम पूछना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- छात्रों से नाम और वचन लिखने को कहना, द्वित्व वर्णों को लिखने को कहना<br>- गिनती अंकों में और शब्दों में जोड़कर लिखवाना<br>- छात्रों को भाषा की बात के प्रश्नों को निर्धारित समय-सीमा में समाप्त करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- छात्रों से अपने लेखन कार्य को दोहराने के लिए कहना,सही उत्तरों की पुष्टि करना<br>**मूल्यांकन:**अध्यापक निरीक्षण और भाषा की बात में दिए गए प्रश्नों के द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना। | **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- कठिन और नए शब्दों की वर्तनी दोहराना<br>**मुख्य चरण: (Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**<br>- श्रुतलेख के लिए कविता से उचित शब्द चुनना जैसे- चाँद, सुइयाँ, दिशाएँ, लड्डुओं, तितलियाँ। सही उच्चारण के साथ स्पष्ट स्वर में श्रुतलेख देना<br>- छात्रों से सप्ताह के दिनों का बनाया चार्ट दिखाना और उन्हें भी समूहों को इस प्रकार से एक चार्ट बनाने के लिए कहना तथा समय पर अपना कार्य समाप्त करने के लिए कहना<br>**अंतिम चरण:(Closure)** **समय- 5 मिनट**<br>- अध्यापक द्वारा बोर्ड पर श्रुतलेख के उत्तर लिखना छात्रों से उनके कार्य को परखने के लिए<br>**मूल्यांकन:**- अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों के कार्य की जाँच करना,<br>- श्रेष्ठ कार्य की कक्षा में प्रशंसा करना और उसे छात्रों के सामने प्रदर्शित करना |

## पठन हेतु – नानी की कहानी     निर्धारित कालांश – 1

**पूर्वज्ञान** – हिंदी में सप्ताह के दिनों के नाम का ज्ञान होना

**शब्द भंडार -** नानी, परियाँ, कहानी, शुरू, गगन, सैर

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-48- नानी की कहानी | - नानी की कहानी कविता पढ़ना<br>- स्पष्ट और शुद्ध उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- सप्ताह के दिन सीखते हुए पाठ को सही उच्चारण के साथ पढ़ना<br>- नए शब्दों के अर्थ जानना | शिक्षण-नीति- जोड़ों में पठन<br>सहायक सामग्री- पाठ्य -पुस्तक | कक्षाकार्य- पृ०सं०48<br>गृहकार्य- पठन-अभ्यास |

| दिवस 1 कालांश अवधि: 30 मिनट |
|---|
| **प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**<br>- नए शब्द जैसे कहानी, परियाँ, गगन, सैर से परिचित होना और छात्रों को कविता का आदर्श वाचन करके दिखाना |

**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**

- उच्च स्वर में कविता का पठन करना और हिंदी में सप्ताह के दिन जानना

**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**

- सभी छात्रों से सप्ताहके दिन पूछना

**मूल्यांकन:** अध्यापक निरीक्षण द्वारा छात्रों की मौखिक अभिव्यक्ति और पठन कौशल की जाँच करना

## पाठ – गतिविधि - व्यंजन सीढ़ी — निर्धारित कालांश – 1

**पूर्वज्ञान** – हिंदी के व्यंजनों का ज्ञान होना , खेल की प्रेरणा

**शब्द भंडार** - व्यंजनों से बनने वाले शब्द जैसे कमल, खरबूज़ा, गमला, घोड़ा आदि।

| दिवस | पृष्ठ सं. और अनुभाग | उद्देश्य | शिक्षण नीति और सहायक सामग्री | कक्षाकार्य / गृहकार्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | पृ०सं०-47 गतिविधि- व्यंजन सीढ़ी | - हिंदी के व्यंजनों का परिचय<br>- व्यंजन अक्षरों से तीन-तीन शब्द बनाना<br>- व्यंजनों का सही उच्चारण<br>- संयुक्त व्यंजनों का परिचय और उनसे बनने वाले शब्द | शिक्षण-नीति- सामूहिक खेल गतिविधि<br>सहायक सामग्री- उत्तर-पुस्तिका | कक्षाकार्य- पृ०सं०-47 |

**दिवस 1** **कालांश अवधि: 30 मिनट**

**प्रस्तावना चरण: (Anticipatory Set)** **समय- 5 मिनट**

- व्यंजनों का परिचय देना और खेल के नियमों के बारे में बताना और उदाहरण देकर समझाना

**मुख्य चरण:(Transactional Process)** **समय- 20 मिनट**

- पाठ में बताए अनुसार छात्र खेल खेलना और व्यंजन की सीढ़ियों पर पासा फेंकते हुए छात्र 'क' से 'श्र' तक की दूरी तय करना तथा हर व्यंजन से तीन-तीन शब्द बनवाना

**अंतिम चरण: (Closure)** **समय- 5 मिनट**

- विजेता की घोषणा करना और उसके कार्य की प्रशंसा करना

**मूल्यांकन:**- मौखिक प्रश्नों से छात्रों के ज्ञान का निरीक्षण करना

# उत्तर पुस्तिका
## स्तर - 3

### ध्यान देने योग्य बाते:-

'आओ खेल खेलें' और 'परियोजना कार्य' के अंतर्गत दी गई गतिविधियों में छात्रों का मार्गदर्शन करें।

अक्षर की ध्वनि में अंतर समझकर पढ़ने के कार्य में छात्रों की सहायता की जानी चाहिए।

## 1. सूरज

### लिखित अभ्यास

1) 1 रोज़ सुबह सूरज आकर, सबको सदा जगाता है।
   2 हमें देता अनाज, फल, फूल, बारिश भी यही कराता है।

2) सूरज, बारिश, घर, फूल

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. ख. सूरज 2. क. पूरब

2) सूरज से संबंधित शब्द -
आकाश, दिन, रोशनी, उजाला, सुबह

### भाषा की बात

1. घर- कर, आता- जाता, जगाता – कराता, काम – शाम
2. आ - आराम, इ - दिन, ई - गरमी, उ - सुबह, ऊ - सूरज, ए - ढले, ऐ - फैलाता, ओ – रोशनी

### श्रुतलेख

सूरज, रोशनी, ढलना, बारिश, अनाज

### आओ खेल खेलें

**समतुकांत शब्द** – (अध्यापिका निम्न शब्दों के फ़्लैशकार्ड पहले से तैयार कर लें।)

अब – कब, दिन – पिन, हिसाब – किताब, नवाब – जवाब, करीब – गरीब, मदद – शहद, दूब - खूब, सुखद – दुखद
शाम – काम, धूल – फूल, छेद – भेद, रेल - जेल, जल – फल, सुख – दुख

## परियोजना कार्य

### सूरज चाचू

सूरज चाचू, सूरज चाचू,
जल्दी क्यों आ जाते हो?
इतनी जल्दी आकर फिर,
नींद हमारी भगाते हो।
क्या मम्मी सोने ना देती,
जो आकर हमें जगाते हो!

### सवेरा

सूरज निकला, मिटा अँधेरा,
देखो बच्चो हुआ सवेरा।
आया मीठी हवा का फेरा,
चिड़ियों ने फिर छोड़ा बसेरा।
जागो बच्चों, अब मत सोओ,
इतना सुन्दर समय न खोओ।

## 2. फूलों का राजा

### लिखित अभ्यास

1) 1. कंचन का घर बहुत खूबसूरत था।
   2. गुलाब के फूल में काँटे होते हैं।
   3. गुलाब लाल रंग का है।
   4. गुलाब फूलों का राजा कहलाता है।
2) 1. गुलाब, 2. लाल, 3. खुशबू

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. क. करनाल, 2. ग. कमल, 3. क. गेंदा
2) 1. खूबसूरत, 2. आँगन, 3. खुशबू, 4. तकलीफ, 5. महकता
3) 1. कंचन, 2. फूल, 3. सुंदर, 4. खुशबू, 5. चमेली
4) 1. - 5, 2. - 4, 3. - 1, 4. - 2, 5. - 3

## भाषा की बात

1) गाँव – शहर, दिन- रात, पास – दूर, खुश – दुख, जवाब – सवाल

2) गेंदा, गुलाब, गुड़हल, चमेली, कमल, सूरजमुखी

3) 1. सिर, सारा, 2. चोर, चारा, 3. गीत, गाता
4. कमी, काम, 5. गोद. गदा, 6. बाल, बाली

4) बिन्दु – खेतों, में, कंचन, फूलों, गेंदा, कानों, चारों, अहंकार
चंद्रबिन्दु – गाँव, आँगन, खाँसी, हूँ, काँटे, वहाँ

## श्रुतलेख

करनाल, अकड़कर, समीप, काँटे, खूबसूरत

## आओ खेल खेलें

गुलाब, कमल, गेंदा, जूही, चमेली

## परियोजना कार्य

कुछ बनना हो तो
गुलाब के फूल की तरह बनो,
यह उसके हाथ में भी खुशबू दे जाता है,
जो इसे मसलकर फेंक देता है।

# 3. सही जगह

## लिखित अभ्यास

1) 1. चंदा मामा, चंदा मामा,
दूर-दूर क्यों रहते हो?
कभी आधे तो कभी पूरे,
घटते-बढ़ते क्यों रहते हो?

2. गाँव का नाम चंदनपुर था।

3. चंदा मामा सतरंगी छतरी लेकर आए थे।

4. तारे उदास थे।

**2) पढ़ो, समझो और लिखो**

1. शिक्षक समतुकांत शब्द और नुक़ते के शब्दों का उच्चारण करते व करवाते हुए छात्रों को अंतर समझाएँ।

2) 1. बहुत दूर, 2. बहुत ज़ोर, 3. बहुत पास, 4. बहुत बार

3) मछली – पानी, सूरज – आकाश, तितली – फूल, शेर – जंगल, कमल – कीचड़

4) 1. चंदा मामा, चंदा मामा – दूर-दूर रहते हो।

2. दादी ने जूही को - चंदा मामा की कहानी सुनाई।

3. चारों ओर – अँधेरा छा गया था।

4. चंदा मामा की सही जगह – आकाश में तारों के साथ है।

**भाषा की बात**

1) कहानियाँ, लड़कियाँ, तालियाँ, बकरियाँ, तारे, लड़के, घोड़े, छाते

2) झाँका, चंदा, चिंता, सतरंगी,चाँद, अँधेरा, तारों, पसंद

3) 1. एक अंडा – एकवचन

2. तीन चूहे - बहुवचन

3. चार घोड़े – बहुवचन

4. एक छतरी – एकवचन

5. छह लड़कियाँ - बहुवचन

4) चटाई, चटनी, चमेली, चरखा

छलनी, छतरी, छड़ी, छत

जून, जूता, जूट, जूठन

झाड़ना, झाग, झाड़ी, झाड़ू

5) च – चंदनपुर, चंचल

छ – छोटा, छत

ज – जूही, जगह

झ – झरना, झूम

## श्रुतलेख

गाँव, चंचल, गुनगुनाना, सतरंगी, आकाश

## आओ खेल खेलें

फल –फल, रात – रातें, नदी-नदियाँ, गिलहरी – गिलहरियाँ, बहन- बहनें, आँख – आँखें, बगीचा – बगीचे, घोंसला – घोंसले, झाड़ी – झाड़ियाँ, चूड़ी – चूड़ियाँ

**परियोजना कार्य -** (छात्र चार्ट स्वयं बनाकर लाएँगे।)

आँख – आँखें, कली – कलियाँ, सड़क – सड़कें, पानी – पानी, पुस्तक – पुस्तकें, बेटा – बेटे, केला – केले, बहन – बहनें, कौआ – कौए, लड़की – लड़कियाँ।

# 4. बिल्ली की घंटी

## लिखित अभ्यास

1) 1. बिल्ली का नाम किट्टी था।

2. चूहे बिल में छिपते थे।

3. बिल्ली के गले में घंटी बाँधनी है।

4. घंटी की आवाज़ टन-टन-टन है।

5. सब चूहों ने भाग-भागकर अपनी जान बचाई।

2) <u>बिल्ली</u> – बिल्ली का भोजन चूहे होते हैं।
चूहों को पकड़ने के लिए वह दबे पाँव आती है।
दूध पीते समय वह अपनी आँखें बंद कर लेती है। उसे लगता है कि उसे कोई नहीं देख रहा है।
<u>चूहा</u> – चूहे बिल में रहते हैं।
उनके दाँत बहुत नुकीले होते हैं।
सख्त चीज़ भी वे कुतर-कुतर कर खा लेते हैं।

3) हाथी, शेर, बंदर, गिलहरी, गेंडा, जिराफ़, चीता आदि।

## पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. किट्टी नाम की थी एक बिल्ली, रहती थी वह शहर दिल्ली।

2. तभी म्याउँ-म्याउँ करती बिल्ली रानी आई, सब चूहों ने भाग-भाग कर अपनी जान बचाई।

2) छात्र देखकर वाक्य पुनः लिखेंगे।

3) घंटी – टन-टन, ढोल – ढम-ढम, चूड़ी – खन-खन, पायल – छन-छन, बादल – गड़-गड़

4. हलंत् का महत्त्व समझाते हुए दिए गए शब्दों का उच्चारण करवाएँ।

5. रोज – खोज
दिल्ली – बिल्ली
होश – जोश
आई – बचाई

## भाषा की बात

1) दिल्ली, छज्जा, टक्कर, मक्का, गुब्बारा

2) मिट्टी, पट्टी, छुट्टी   बच्चा, सच्चा, कच्चा

डिब्बा, मुरबा, अब्बा   लस्सी, रस्सी, अस्सी

3) 1. पत्ता, 2. लट्टू, 3. घंटा

4) बिल्ली- एकवचन   घंटी – एकवचन

चूहे– बहुवचन   बूढ़ा – एकवचन

5) टन-टन-टन, मिट्ठू, डर, ढम-ढम, ढोल

## श्रुतलेख –

किट्टी, बिल्ली, छज्जा, रौनक, म्याऊँ

**आओ खेल खेलें** (अध्यापिका पहले से ही निम्न शब्दों की परचियाँ बनाकर रख लें।)

ट्टा – भुट्टा, खट्टा

ब्ब – डिब्बा, मुरब्बा

क्क – पक्का, धक्का

त्त – कुत्ता,भत्ता

ल्ल – दिल्ली, बिल्ली

ज्ज – छज्जा, लज्जा

च्चा – कच्चा, सच्चा

स्स – रस्सी, लस्सी

## परियोजना कार्य

छात्र स्वेच्छा से चित्र बनाएँगे।

# 5. कौन था भूत?

## लिखित अभ्यास

1) 1. तनय शहर में पढ़ाई करता था।
   2. गाँव का रास्ता कच्चा तथा कंकड़-पत्थरों से भरा था।
   3. तनय पत्तों की ओट में छिप गया।
   4. तनय के मित्र का नाम नन्हे था।
   5. तनय, तारे, थक, दिमाग, धुँधली,  नन्हे,

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. ख. नटखट 2. ग. कच्चा 3. क. भूत

2) 1. न्त, परन्तु, अन्त 2. प्राप्त, समाप्त, सप्ताह 3. अस्त, सस्ता, स्तर
   4. पत्थर, कत्था, जत्था 5. विद्या, विद्यालय, उद्यान

3) ड – डाक, डर ड़ – पेड़, घड़ा
   ढ – ढील, ढक्कन ढ़ – पढ़ना, बढ़ना

4) नटखट बालक, कच्चा रास्ता, डरावनी ध्वनि, धुँधली छाया

5. पत्थर, रास्ता, विद्यालय, समाप्त

### भाषा की बात

1) मच्छर, मक्खी, पत्थर, सब्ज़ी, बस्ता

2) 1. पत्थर – पहले लोगों ने पत्थर को रगड़कर आग निकाली थी।
   2. सब्ज़ी – हमें हरी सब्ज़ी खानी चाहिए।
   3. विद्यालय – विद्यालय के नियमों का पालन करो।

3) 1. क्ष – कक्षा, रक्षा 2. त्र – त्रिशूल, त्रिकोण
   3. ज्ञ – ज्ञानी, यज्ञ 4. श्र – श्रमिक, परिश्रम
   5. च्छ – मच्छर, अच्छा 6. क्य – क्या, क्यारी
   7. प्य – प्यास, प्यारा 8. ट्ठ – मट्ठा, अट्ठारह

4) 1. है 2. हैं 3. हो 4. है 5. हैं

### श्रुतलेख

वर्षीय, विद्यालय, पगडंडी, धुँधली, पट्टी

**आओ खेल खेलें** (अध्यापिका निम्न शब्दों की परचियाँ पहले से तैयार कर लें।)

संयुक्ताक्षर – क्त – संयुक्त, फ्त – दफ्तर, द्य – विद्या, ह्न – चिह्न, ह्म – ब्रह्मा, श्र – श्रम, क्ष – शिक्षा, द्व – विद्वान, द्ध – बुद्धि, क्ष्म – लक्ष्मण, ष्ट – दृष्टि, ज्ञ - ज्ञानी

**परियोजना कार्य** –

छात्र स्वयं पुस्तक में शब्द चिपकाएँगे।

## 6. बीरबल की चतुराई

### लिखित अभ्यास

1) 1. बादशाह अकबर का दरबार लगा हुआ था।

   2. दरबारी रेत और चीनी के मिश्रण से भरा काँच का जार लेकर दरबार में आया।

   3. चीनी के दाने चींटी ने बटोर लिए।

   4. अंत में बादशाह ने कहा, "अब तुम्हें चीनी ढूँढ़नी है, तो चींटियों के बिल में घुसना होगा।"

   5. बीरबल ने दरबारी के कान में कहा, "रेत से अलग हो गई।"

2) राजा कृष्णदेवराय, हुमायूँ, शिवाजी महाराज

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. तेनालीराम राजा कृष्णदेवराय के दरबार के सबसे प्रमुख और बुद्धिमान दरबारी थे।

2. तेनालीराम बहुत हँसोड़ और हाज़िरजवाब व्यक्ति थे।

3. तेनालीराम की हास्यपूर्ण बातें और मज़ाक सुनकर लोग बहुत आनंदित होते थे।

4. हाज़िरजवाब तेनालीराम

5. कृष्णदेवराय

2) 1. क. अकबर    2. ग. रेत और चीनी का मिश्रण    3. क. बिल    4. ख. बीरबल

3) अध्यापिका छात्रों से स्पष्ट उच्चारण करवाएँ।

4) स्त्रीलिंग – गाय, गंगा, बकरी, तितली, मछली, बुढ़िया, चिड़िया

   पुल्लिंग – धोबी, राजा, हाथी, बैल, चूहा, रवि, कुत्ता, शेर, चोर

### भाषा की बात

1) काँच, वहाँ, हूँ, पहुँचा, ढूँढ़नी

2) स्त्रीलिंग – गाय, रानी, शेरनी, औरत, दीदी

   पुल्लिंग – बीरबल, दादा, भाई, घोड़ा, लड़का

3) 1. प, फ, ब, भ, म

   2. पानी, फल, बंदर, भालू, मंदिर

4) बादशाह - पुल्लिंग, महारानी - स्त्रीलिंग, चींटी - स्त्रीलिंग, हाथी - पुल्लिंग

   अध्यापिका - स्त्रीलिंग, आदमी - पुल्लिंग, बैल - पुल्लिंग, बकरी - स्त्रीलिंग

### श्रुतलेख

बादशाह, मुस्कराए, मिश्रण, चतुराई, गुणगान

**आओ खेल खेलें** (अध्यापिका पहले से ही निम्न शब्दों की परचियाँ बना कर रख लें।)

देव-देवी, नर-नारी, चूहा-चुहिया, माली-मालिन, धोबी-धोबिन, मोर-मोरनी, सिंह-सिंहनी, सेठ-सेठानी, राजा-रानी, भाई-भाभी

**परियोजना कार्य** (छात्र स्वयं लिंग का चार्ट या फ़्लैशकार्ड बनाकर लाएँगे।)

सास-ससुर, नर-मादा, युवक-युवती, नाना-नानी, शिष्य-शिष्या, माता-पिता, बैल-गाय, लड़का-लड़की, छात्र-छात्रा, पाठक-पाठिका

## 7. डरपोक रेलगाड़ी

### लिखित अभ्यास

1) 1. नया-नवेला इंजन रेलवे शेड में पहुँचा।
   2. इंजन की पहली यात्रा तमिलनाडु से शुरू हुई थी।
   3. इंजन की यात्रा जम्मू में समाप्त होने वाली थी।
   4. इंजन की आवाज़ सुनकर चिड़ियाँ डर के मार उड़ने लगीं। यह देखकर इंजन को हँसी आ गई।
   5. अंत में इंजन ने तय किया कि अब वह किसी से नहीं डरेगा और साहस से आगे बढ़ेगा।

2) बस – बस में टिकट लेने वाला कंडक्टर होता है।
बस हमें हमारी मंज़िल तक पहुँचाती है।
रेलगाड़ी – रेलगाड़ी इंजन की सहायता से चलती है।
इसमें यात्रियों की सुविधा की सभी व्यवस्थाएँ होती हैं।
जहाज़ – पानी में चलने वाले जहाज़ एक बहुत बड़े डिब्बे की तरह होते हैं।
ये समुद्र में चलते हैं।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. क) हरी झंडी 2. ख) तमिलनाडु 3. क) गाय

2) 1. तो 2. में 3.ने 4. के 5. की

3) रेलगाड़ी – छुक-छुक, घड़ी – टिक-टिक, घंटी – टन-टन, ढोल – ढम-ढम, पायल – छम-छम

4) हमने आइसक्रीम खाई। तुमने कहानी पढ़ी।

## भाषा की बात

1) साइकिल, कार, रेलगाड़ी, ट्रक, हवाईजहाज़, जलयान (पानी का जहाज़)

2) 1. नया-नवेला, 2. रंग - बिरंगा, 3. सैर - सपाटा, 4. इधर - उधर, 5. चाय - वाय, 6. ऊपर - नीचे

3)1. यात्रा पर जाने से पहले पूरी तैयारी कर लेनी चाहिए।

2. हिमालय पर्वत बहुत ऊँचा है।

3. चिड़ियाँ बहुत मेहनती होती हैं।

4. बस का चालक हर समय सतर्क रहता है।

4) क्ष – कक्षा, परीक्षा त्र – यात्रा, त्रिशूल ज्ञ – यज्ञ, ज्ञान श्र – श्रम, आश्रम

## श्रुतलेख

आधुनिक, सुसज्जित, तमिलनाडु, हिमालय, पर्वत

## आओ खेल खेलें

नाम वाले शब्द – गठरी, टोपियाँ, पेड़, बंदर, फल, फूल

**परियोजना कार्य (**छात्र प्रतिक्रिया)

विद्यालय से घर जाते समय हमें गाड़ियाँ, घर, बैंक, दुकानें, ए.टी.एम, मॉल, कार, बस बहुत-सी चीज़ें दिखाई देती हैं।

# 8. हम बालक हैं नादान

## लिखित अभ्यास

1) 1. भारत की शान नन्हे-नन्हे बच्चों से है।

2. चाँद-तारों से सजाकर धरती को सुन्दर बनाया जा सकता है।

3. कविता में नादान बच्चों के बारे में बात की जा रही है।

2) छात्र स्वयं अपने बारे में लिखेंगे।

## पढ़ो, समझो और लिखो

1) भेदभाव की नहीं पहचान, हम बालक है नादान।

जग में आगे बढ़ते जाना, यही हमारा उद्देश्य महान्।।

2) 1. क) धरती, 2. क) अंबर

3) 1. सुंदर, 2. भेदभाव, 3. खुशबू

4) छात्र प्रतिक्रिया (अध्यापिका छात्रों को शब्दों के उच्चारण में अंतर स्पष्ट करवाएँ।)

## भाषा की बात

1) चाँद - चन्द्र, बालक - बच्चा, सूरज - रवि, धरती - भूमि, खुशबू - सुगंध,

2) 1. आम, 2. बाग, 3. कम, 4. धारा

3) विशेष, खुशबू, शरीर

   रोशनी, धनुष, सब्ज़ी

   सपना, आसमान, ऋषभ

4) 1. भारत – भारत को पहले सोने की चिड़िया कहते थे।

   2. धरती – धरती की शोभा उपवन से है।

   3. खुशबू – फूल खुशबू फैलाते हैं।

## श्रुतलेख

उपवन, अंबर, उद्देश्य, भेदभाव, इन्द्रधनुष

**आओ खेल खेलें -** छात्र प्रतिक्रिया

## परियोजना कार्य

नन्हे-मुन्ने बच्चे तेरी मुट्ठी में क्या है..

मुट्ठी में है तकदीर हमारी...

हमने किस्मत को बस में किया है

भोली-भाली मतवाली आँखों में क्या है...

# 9. ज्ञान का दीपक

## लिखित अभ्यास

1) 1. यात्री आश्रम में ठहरे हुए थे।

   2. यात्री ने श्रमिक से दीपक खरीदा।

   3. दूसरा यात्री आश्रम से पहले यात्री के साथ ही निकल गया।

   4. दूसरे यात्री को रास्ते में महात्मा बुद्ध मिले।

   5. महात्मा बुद्ध ने यात्री को ज्ञान दिया, "यात्री! आप अपना दीपक स्वयं बनिए। अपने कार्य ही अपना दीप हैं। वही हमें सही मार्ग दिखाते हैं।"

2) प्राणी मात्र की हिंसा से विरत रहना। (हिंसा नहीं करनी चाहिए।)

## पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. मित्रों को कहानी स्वामी विवेकानंद सुना रहे थे।

   2. मास्टर जी ने छात्रों से प्रश्न पूछे।

   3. मास्टर जी ने छात्रों को बेंच पर खड़े होने की सज़ा दी।

   4. स्वामी जी ने कहा, "सर, मुझे भी खड़ा होना होगा क्योंकि मैं ही इन छात्रों से बातें कर रहा था।"

   5. सुनना, पूछना, बोलना, कहना, देना, होना

2) 1. क) दो, 2. ख) श्रमिक, 3. ग) ज्ञान का दीपक जलाओ

3) महात्मा बुद्ध - आप अपना दीपक स्वयं बनिए।

   दूसरा यात्री - श्रम और ज्ञान का महत्त्व समझ गया।

   पहला यात्री - दीपक खरीद लिया।

   क्षत्रिय - आश्रम में ठहरे हुए थे।

4) 1. यात्री, 2. ज्ञान, 3. क्षमा, 4. श्रम, 5. अँधेरे, दीपक

5) 1. यात्री, 2. क्षत्रिय, 3. विश्राम, 4. श्रमिक, 5. ज्ञान

## भाषा की बात

1) सूरज, बल्ब, ट्यूबलाइट, टॉर्च, चाँद, दीपक, अग्नि, लैंप

2) 1. चलना, 2. रुकना, 3. खेलना, 4. पढ़ना, 5. लिखना

3) शाम – सुबह, बेचना – खरीदना, गरीब – अमीर, उजाला – अँधेरा, ज्ञानी – अज्ञानी

4) क्ष – क्षत्रिय, क्षमा, त्र – यात्री, क्षत्रिय, ज्ञ – ज्ञान, ज्ञानी, श्र – आश्रम, विश्राम

## श्रुतलेख

ज्ञान, मार्ग, महात्मा, विश्राम, श्रमिक

## आओ खेल खेलें

क्ष – दक्ष, क्षत्रिय, क्षमा, क्षण, क्षितिज, क्षीर, क्षति, क्षणदा

त्र – त्रिशूल, त्रिकोण, त्रण, त्रिकाल, त्रिनेत्र, नेत्र, त्रासदी, त्रिदेव

ज्ञ – ज्ञान, यज्ञ, प्रज्ञ, आज्ञा, ज्ञानदा, ज्ञापन, ज्ञप्ति, ज्ञानोदय

श्र – श्रद्धा, श्रम, श्रमण, श्रवण, श्रव्य, श्राप, श्रीखंड

## परियोजना कार्य

छात्र स्वयं शब्दों की सूची चार्ट पर लिखेंगे।

# 10. नाम से बड़ा काम

## लिखित अभ्यास

1) 1. आचार्य ने मरकट को सर्वत्र घूम आने की सलाह दी।

   2. मरकट एक आदमी, सेठ और पंथक से मिला।

   3. नहीं, मरकट को नया नाम नहीं मिला।

2) छात्र प्रतिक्रिया

## पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. गलत, 2. गलत. 3. गलत, 4. सही, 5. सही

2) छात्र शब्दों को उच्च स्वर में पढ़ेंगे।

3) 1. सूर्य, प्रकाश 2. चन्द्रमा 3. मेट्रो 4. ट्रक 5. प्रेम, प्रिय

4) पढ़ाई, मृत्यु, प्रत्येक, प्रार्थना, मूर्खता

## भाषा की बात

1) चक्र, सूर्य, वर्षा, ट्रक, ट्रेन, समुद्र

2) र – राम, रक्षा　　　रु – तरु, रुपया　　　रू – रूप, रूठना

3) रेफ़  - दर्पण, कर्म, दर्ज़ी, सूर्य, सर्प, वर्षा, प्रदर्शन, दर्शन, वर्ग, मर्तबान

पदेन -  - प्रथम, चन्द्र, प्रकार, सम्राट, चक्र, प्रकाश, प्रभा, प्रदर्शन, प्रतिभा पदेन-

 - ट्रेन, राष्ट्र, ड्रम,ट्रक

4) 1. प्रसन्न – फूल खिलने पर मन प्रसन्न होता है।

   2. मृत्यु – मृत्यु एक अटल सत्य है।

   3. मूर्खता – मूर्ख से दोस्ती मूर्खता ही सिखाती है।

5) 1. रहे हो?　2. रही है।　3. रहा है।　4. रहे हो?

6) 1. शिक्षक　2. अमर　3. पंथक

   4. धनवती　5. दर्ज़ी　6. सुनार

## श्रुतलेख

विद्यालय, सहपाठी, आचार्य, सर्प, मृत्यु

### आओ खेल खेलें

छात्र कक्षा में इस पाठ का अभिनय करेंगे।

### परियोजना कार्य

कर्म, सूर्य, सर्प, वर्षा, प्रदर्शन, दर्शन, वर्ग, प्रथम, चन्द्र, प्रकार, चक्र, प्रकाश, प्रदर्शन, प्रतिभा, ट्रेन, राष्ट्र, ड्रम आदि।

## 11. कोयल

### लिखित अभ्यास

1) 1. कोयल की बोली मीठी है।
   2. कोयल मेघों से पानी माँगती है।
   3. कोयल कूक-कूक कर आमों में मिसरी घोलती है।
   4. कोयल को उसकी माँ ने डाल-डाल पर उड़ना, मीठा बोलना सिखाया है।

2) कौआ – कौए का रंग काला होता है। यह काँव-काँव करता है।

कबूतर – कबूतर का शरीर परों से ढका रहता है। यह गुटर-गूँ करता है।

मोर – मोर हमारा राष्ट्रीय पक्षी है। इसका रूप सुन्दर और पैर कुरूप होते हैं।

तोता – तोते के गले में लाल कंठ होता है। यह मनुष्यों की बोली की नकल कर सकता है।

3) 1. मिसरी-सी - मीठी 2. कौए-सा - काला 3. शेर-सा - बहादुर
   4. दूध-सा - सफेद 5. फूल-सा - कोमल 6. बर्फ़-सा - ठण्डा

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. ख. कुकड़ूँ-कूँ 2. ख. भौं-भौं 3. क. पपीहा
   4. कोयल, तोता, मैना 5. पशु-पक्षियों की बोली

2) क. काली, बोली, कूक-कूक, मिसरी
   ख. डाल-डाल, सिखाया, मीठा-मीठा, बताया

3) ड – डाक, डब्बा, ड़ – दौड़ना, लड़ना, ढ – ढाँचा, ढाका, ढ़ – ढूँढ़ना, बढ़ना

4) 1. सलिल 2. पवन 3. जनक 4. शशि

### भाषा की बात

1) 1. यह बहुत सुन्दर पुष्प है।

2. पृथ्वी गोल है।

3. पेड़ पर नभचर/खग बैठे हैं।

4. सूर्य पूरब से उदय होता है।

2) 1. बोली - घोली, 2. सिखाया - बताया, 3. डाली - बाली, 4. आई - भाई, 5. रानी - नानी, 6. मानी - पानी

3) कोयल की बोली मीठी होती है। कोयल कूहू-कूहू करती है।

कोयल डाल-डाल पर बैठती है। कोयल आम के पेड़ पर बैठी है।

कोयल सब चिड़ियों की रानी है। कोयल काली है।

4) फूल, पुष्प, सुमन पेड़, वृक्ष, पादप

सूरज, सूर्य, दिनकर पक्षी, विहंग, नभचर

**श्रुतलेख**

मिसरी, संदेसा, मेघ, मिठास, प्यासी

**आओ खेल खेलें -** छात्र प्रतिक्रिया

**परियोजना कार्य**

घोड़ा – हिनहिनाना, बकरी – मिमियाना, शेर – दहाड़ना, गाय – रंभाना, हाथी – चिंघाड़ना

## 12. रमन बदल गया

### लिखित अभ्यास

1) 1. दशहरे की छुट्टियों में रमन गाँव में अपने दादा जी के पास गया था।

2. दादा जी ने रमन को झाड़ी उखाड़ने के लिए कहा।

3. रमन के हाथ में काँटे चुभ गए।

4. इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है कि अपनी शरारतों से दूसरों को परेशान नहीं करना चाहिए।

2) 1. कक्षा में बहुत शोर किया। अध्यापक जी को और सहपाठियों को बहुत परेशानी होती थी।

2. भाई-बहन की चीज़ें उनसे पूछे बिना लेना। उनकी पुस्तकों में लकीरें खींचना आदि।

3. माता-पिता की बात न मानकर धूप में खेलने जाना। धूल-मिट्टी में रहना आदि।

3) रमन के बारे में – रमन बहुत शरारती बालक था। सभी को सताता रहता था। माता-पिता का कहना नहीं मानता था। दादाजी के कहने पर वह सुधर गया।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. क. माता-पिता 2. ग. दशहरे 3. ख. पौधा

2) 1. गलत	2. सही	3. गलत	4. गलत	5. सही

3) छात्र स्वयं पढ़ेंगे।

4) 1. मुश्किल	2. छुट्टियाँ	3. व्यवहार	4. पत्थर	5. तुम्हारी

### भाषा की बात

1) 1. वह	2. उसे	3. उनके	4. तुम्हारी	5. वह

2) 1. वे बहुत शरारती बच्चे हैं।	2. वे घोड़े हैं।

3. वे मछलियाँ हैं।	4. ये मेरी पुस्तकें हैं।

3) 1. शरारती बच्चों को कोई पसंद नहीं करता है।

2. हम परीक्षा में अच्छे अंक लाने का प्रयत्न करेंगे।

3. मुश्किल के समय घबराना नहीं चाहिए।

4) नाम वाले शब्द – रमन, दादाजी, पौधा, माता, हाथ, झाड़ी

काम वाले शब्द – मारता, निकालना, कहा, उखाड़ना, समझाया, पकड़ना

5) पिता, दादी, लड़की, मोरनी, चुहिया, मुर्गी, नौकरानी, बुढ़िया, धनवती

### श्रुतलेख

शरारती, दशहरा, उखाड़ना, कंटीली, छुट्टियाँ

### आओ खेल खेलें

सर्वनाम – मैं, तू, आप, यह, वह, जो, सो, कौन, क्या, कोई, कुछ, स्वयं, उसने, तुमने

### परियोजना कार्य

पौधा – पौधा लगाते समय ऊपरी भाग की चार-पाँच पत्तियाँ रहने देना चाहिए। अधिक पत्तियाँ रहने से पानी अधिक उड़ता है। इससे पौधा मर भी सकता है।

झाड़ी – झाड़ियाँ कंटीली होती हैं। इसके काँटे चुभ जाते हैं।

## 13. घड़े का घमंड

### लिखित अभ्यास

1) 1. बाढ़ के पानी में एक ताँबे का और एक मिट्टी का घड़ा बहकर आया।

2. ताँबे का घड़ा सुन्दर और दृढ़ था।

3. ताँबे का घड़ा अपने वज़न के कारण पानी में डूब गया।

2) बाढ़ आने पर सब कुछ तहस-नहस हो जाता है। घर, दुकानें, पेड़-पौधे सब कुछ बाढ़ के पानी में बह जाते हैं। कभी-कभी  गाँव के गाँव भी पानी में डूब जाते हैं।

## पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1. सही 2. सही 3. गलत 4. गलत

2) संयुक्त वर्ण – धन्यवाद, ध्यान, परन्तु, सुरक्षित द्वित्व वर्ण – मिट्टी, हिम्मत

3) 1. में 2. से 3. ने 4. की 5. के 6. का, का

4) मछली - तैरगी, लकड़ी का टुकड़ा - तैरेगा, सेब - डूबेगा, पत्ता - तैरेगा

पत्थर - डूबेगा, बोतल - तैरगी, कपड़ा - तैरेगा, ताला - डूबेगा

## भाषा की बात

1) 1. (।) 2. (?) 3. (।) 4. (?) 5. (वाह!, ।)

2) 1. सेना – सेना हमारी सुरक्षा निश्चित करती है।

2. धन्यवाद – किसी से मदद लेने पर धन्यवाद कहना चाहिए।

3. घमंड – हमें घमंड नहीं करना चाहिए।

3) 1. कठोर 2. दूर 3. ताकतवर

4. ऊँचा 5. झूठ 6. सूखा

4) ड – डर, डूब, डिब्बा ड़ – सड़क, घड़ा, गाड़ी

ढ – ढक्कन, ढेर, ढोलक ढ़ - पढ़ाई, बाढ़, चढ़ना

## श्रुतलेख

ताँबा, मिट्टी, सुरक्षित, हिम्मत, नाज़ुक

## आओ खेल खेलें

डूबेगा – बोर्ड, डस्टर, कुर्सी, टेबल, बस्ता, मेज़

तैरेगा – कागज़, कैलेंडर, चार्ट, पेंसिल,  टिफिन (प्लास्टिक)

## परियोजना कार्य

छात्र प्रतिक्रिया

## 14. गिनती संग हँस लो

### लिखित अभ्यास

1) 1. सूरज और चाँद आकाश में रहते हैं।
   2. पाँच तितलियाँ खुशबू के संग फुर-फुर उड़ती हैं।
   3. नौ केलों के साथ ठुमक-ठुमुक कर बंदर और बंदरिया आते हैं।

2) घड़ी की तीन सुइयाँ हमें निरंतर समय बताती रहती है। वह बिल्कुल आराम नहीं करती हैं। दिन-रात बिना रुके चलती रहती हैं।

### पढ़ो, समझो और लिखो

1) 1, छह, 2. खुशबू, 3. घड़ी, 4. उँगलियों, 5. टोकरी

2) 1. ग. एक 2. क. सर-सर 3. ठुमक-ठुमक कर
   4. ख. नौ 5. ग. दो

3) छह टाँगों की मकड़ी भी, मस्ती से जाल बनाए।
   सात रंगों का इन्द्रधनुष भी, बादलों में छिप जाए।

4) 1. सूरज, 2. बिल्कुल, 3. तितलियाँ, 4. स्कूल, 5. चाँद

### भाषा की बात

1) 1. आराम – विश्राम – घड़ी कभी आराम नहीं करती है।
2. खुशबू – सुगंध – फूलों की खुशबू अच्छी लगती है।
3. इन्द्रधनुष – सात रंगों का आवरण – इन्द्रधनुष सतरंगी होता है।
4. चाँद – चन्द्र – मनुष्य आज चन्द्रमा पर पहुँच गया है।

2) हिरन – एकवचन बोतलें – बहुवचन
   मछली – एकवचन गेंदें – बहुवचन

3) 1. मक्का, धक्का 2. अम्मा, सम्मान 3. डिब्बा, मुरब्बा 4. मट्ठा, गट्ठर

4) 1. पाँच, 2. दिशाएँ, 3. संग, 4. टाँग, 5. तितलियाँ, 6. रंग, 7. बंदर, 8. सुइयाँ

5) ४ + ४ – आठ ४ + ५ – नौ ५ + ५ – दस

6) 11 - ग्यारह 15 - पन्द्रह 18 - अट्ठारह
21 – इक्कीस 25 – पच्चीस

## श्रुतलेख

चाँद, सुइयाँ, दिशाएँ, खुशबू, तितलियाँ

## आओ खेल खेलें

छात्र प्रतिक्रिया

## परियोजना कार्य

छात्र प्रतिक्रिया

# अभ्यास पत्र 1

## 1) निम्न पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।

रोज़ सुबह सूरज आकर,
सबको सदा जगाता है।
शाम ढले आराम करने,
अपने घर वो जाता है।

**प्रश्न-**

1. रोज़ सुबह कौन जगाता है?
2. वह आराम करने कब जाता है?
3. ऊपर लिखी कविता का क्या नाम है?
4. 'सुबह' का विलोम शब्द पहचानो। ( )
   अ) शाम आ) प्रातः इ) रात
5. कविता में किसके बारे में बताया गया है? ( )
   अ) तारे आ) चाँद इ) सूरज

## 2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. सूरज कहाँ से निकलता है?
2. सूरज कहाँ छिपता है?
3. फूलों का राजा कौन कहलाता है?

## 3) निर्देशानुसार करो।

### 1. निम्न शब्दों की शुद्ध वर्तनी पर गोल घेरा लगाओ।

चामेली चामेलि चमेली

खशबू खुशबू खुशबु

**2. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो।**

रोशनी -                                  खुद -

## 4) निर्देशानुसार करो।

**1. समतुकांत शब्दों की जोड़ी बनाओ।**

| | |
|---|---|
| घर | कराता |
| आता | शाम |
| जगाता | कर |
| काम | जाता |

**2. दिए गए अक्षरों में मात्राएँ लगाकर दो-दो नए शब्द बनाओ।**

स र .......... ..........

क म .......... ..........

च र .......... ..........

ग द .......... ..........

**3. दिए गए फूलों के नाम लिखो।**

## 5) आश्चर्यजनक प्रश्न

**प्र. सूरज की तरह आकाश में और कौन-कौन रहते हैं? लिखो।**

*(उद्देश्य - पाठ 1, 2 तक अर्जित ज्ञान की जाँच करना।)*

# अभ्यास पत्र 2

## 1) निम्न पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।

मिठ्ठू चूहे ने ढम-ढम ढोल बजाया,
किट्टू चूहे ने एक उपाय बताया।
जब बिल्ली के गले में घंटी बँध जाएगी,
तब टन-टन की आवाज़ आएगी।

**प्रश्न-**

1. मिठ्ठू चूहे ने क्या किया?
2. उपाय किसने बताया?
3. चूहे किसके गले में घंटी बाँधना चाहते हैं?

4. घंटी की आवाज़ कैसी होगी? ( )

अ) ढम-ढम आ) टन-टन इ) झन-झन

5. मिठ्ठू, किट्टू कैसे शब्द हैं? ( )

अ) द्वित्व आ) संयुक्त इ) दोनों

## 2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. जूही को चिंता क्यों होने लगी?
2. सब चूहों ने अपनी जान कैसे बचाई?
3. नन्हे की नाक पर चोट कैसे लगी?

## 3) निर्देशानुसार करो।

### 1. नीचे दिए गए शब्दों को वाक्यों में प्रयोग करो।

पत्थर - ________________________________

लट्टू - ________________________________

### 2. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो।

आकाश - .....................

उपाय - ....................

## 4) निर्देशानुसार करो।

### 1. उचित शब्द से खाली स्थान भरो।


- तनय पाठशाला से लौट आया ......... । (है/हैं/हो)
- तुम क्या कर रहे .........? (है/हैं/हो)

### 2. निम्न शब्दों के वचन बदलकर लिखो।

घंटी - ..................

छाता - .................

### 3. अक्षर जोड़कर शब्द बनाओ।




................. .................. .................. .................

## 5) आश्चर्यजनक प्रश्न

**प्र. जिस तरह बिल्ली को देखकर चूहे भागते हैं, उसी तरह बिल्ली किसे देखकर भागती होगी? बताओ।**

*(उद्देश्य – पाठ 3 से 5 तक अर्जित ज्ञान की जाँच करना।)*

# अभ्यास पत्र 3

## 1) निम्न गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।

नए इंजन को रेलवे शेड छोड़कर जाने की इच्छा नहीं थी। वह घबराया हुआ था। एक लाल इंजन ने उसे समझाया – "तुम बहुत बलवान हो। इंजन चालक तो तुम्हारे साथ है ही। तुम आधुनिक यंत्रों से भी सुसज्जित हो। गार्ड, जो हरी झंडी दिखाता है, वह भी तुम्हें पहचानता है।"

**प्रश्न**

1. कौन घबराया हुआ था?
2. इंजन ने क्या समझाया?
3. गार्ड क्या करता है?
4. पाठ का नाम क्या है? ( )

   अ) डरपोक रेलगाड़ी आ) सूरज इ) सही जगह
5. 'यंत्रों' का वचन बदलो। ( )

   अ) यंत्रओं आ) यंत्रएँ इ) यंत्र

## 2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. बीरबल की परीक्षा क्या थी?
2. अंत में इंजन ने क्या तय किया?
3. धरती को सुन्दर कैसे बनाया जा सकता है?

## 3) निर्देशानुसार करो।

### 1. सही मिलान करो।

| | |
|---|---|
| रेलगाड़ी | ढम-ढम |
| घड़ी | छुक-छुक |
| घंटी | टिक-टिक |
| ढोल | टन-टन |

### 2. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो।

दरबार - .......................

यात्रा - .......................

**4) निर्देशानुसार करो।**

**1. दिए गए शब्द स्त्रीलिंग हैं या पुल्लिंग लिखो।**

बादशाह - ........................... बैल - ...........................

हाथी - ........................... आदमी - ...........................

**2. समानार्थी शब्दों की जोड़ी बनाओ।**

| | |
|---|---|
| चाँद | बच्चा |
| बालक | चन्द्र |
| सूरज | भूमि |
| धरती | रवि |

**3. क्ष, त्र, ज्ञ, श्र वर्णों से एक-एक शब्द लिखो।**

...................., ....................,

...................., ....................,

**5) आश्चर्यजनक प्रश्न**

**प्र. रेलगाड़ी की तरह यदि हवाई जहाज़ भी डरता होता तो वह क्या कहता? लिखो।**

*(उद्देश्य - पाठ 6 से 8 तक अर्जित ज्ञान की जाँच करना।)*

## अभ्यास पत्र 4

**1) निम्न गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।**

स्वामी विवेकानंद कक्षा में मित्रों को कहानी सुना रहे थे। मास्टरजी ने पूछा, "कौन बात कर रहा है?" कोई कुछ न बोला। मास्टरजी ने पाठ से संबंधित प्रश्न पूछे। कोई उत्तर न दे सका। स्वामी जी ने उत्तर दे दिया। उन्हें छोड़कर सभी को बेंच पर खड़े होने की सज़ा दी गई। स्वामी जी ने कहा, "सर, मुझे भी खड़ा होना होगा क्योंकि इन छात्रों से मैं ही बातें कर रहा था।" उनकी सच बोलने की हिम्मत से सभी बहुत प्रभावित हुए।

प्रश्न-

1. गद्यांश में किसके बारे में बताया गया है?
2. गद्यांश को उचित शीर्षक दो।
3. मास्टरजी – लिंग बदलो।
4. कहानी कौन सुना रहा था? ( )

   अ) मास्टरजी आ) छात्र इ) स्वामी विवेकानंद
5. सज़ा किसे दी गई? ( )

   अ) छात्रों को आ) स्वामी विवेकानंद इ) किसी को नहीं

**2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।**

1. महात्मा बुद्ध ने यात्री को क्या ज्ञान दिया?
2. मरकट नया नाम क्यों नहीं ढूँढ़ पाया?
3. कोयल को उसकी माँ ने क्या-क्या सिखाया है?

**3) निर्देशानुसार करो।**

**1. हाँ या नहीं में उत्तर दो।**

1. दीपक बेचने वाला व्यक्ति क्षत्रिय था। ( )

2. मरकट तक्षशिला विद्यालय का छात्र था। ( )

**2. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो।**

दरबार - .......................

यात्रा - .......................


## 4) निर्देशानुसार करो।

### 1. दिए गए वाक्यों में काम वाले शब्द रेखांकित करो।

1. छुक-छुक गाड़ी चल रही है।

2. केशव बहुत अच्छा लिखता है।

### 2. नीचे दिए गए चित्रों के पर्यायवाची लिखो।



## 5) आश्चर्यजनक प्रश्न

**प्र. अपनी कल्पना से बताओ कि कोयल की तरह मोर को उसकी माँ ने क्या-क्या सिखाया होगा?**

*(उद्देश्य - पाठ 9 से 11 तक अर्जित ज्ञान की जाँच करना।)*

## अभ्यास पत्र 5

### 1) निम्न गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दो।

ताँबे के घड़े को अपनी सुन्दरता और दृढ़ता पर बड़ा घमंड था। उसने मिट्टी के घड़े से कहा, "अरे भाई, तुम तो नरम मिट्टी के बने हो और बहुत नाज़ुक हो! अगर तुम चाहो तो मेरे पास आ जाओ। मेरे पास रहने से तुम सुरक्षित रहोगे।"

प्रश्न-

1. ताँबे के घड़े को घमंड क्यों था?
2. उसने मिट्टी के घड़े से क्या कहा?
3. पाठ का नाम बताओ।
4. ताँबा, घड़ा – ये शब्द क्या हैं? ( )

   अ) सर्वनाम आ) नाम वाले इ) काम वाले
5. सुन्दर का उल्टा अर्थ क्या है? ( )

   अ) नवीन आ) असुन्दर इ) कुरूप

### 2) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखो।

1. दादाजी ने रमन को क्या समझाया?
2. बाढ़ के पानी में क्या-क्या बहकर आया?
3. सूरज और चाँद कहाँ रहते हैं?

### 3) निर्देशानुसार करो।

#### 1. हाँ या नहीं में उत्तर दो।

1. दादाजी ने रमन को टहनी उखाड़ने के लिए कहा। ( )

2. मिट्टी का घड़ा पानी में डूब गया। ( )

#### 2. दिए गए शब्दों के अर्थ लिखो।

संदेशा - .......................

प्रयत्न - .......................

## 4) निर्देशानुसार करो।

### 1. दिए गए वाक्यों में सही सर्वनाम शब्द लिखो।

1. रमन पर ............ समझाने का कोई असर नहीं हुआ। (उनके/उसके/उन्होंने)
2. अब ......... अच्छे बच्चे की तरह व्यवहार करता है। (तुम/मैं/वह)

### 2. दिए गए वाक्यों में उचित स्थान पर विराम चिह्न लगाओ।

1. तुम कहाँ रहते हो (।/ ? / !)
2. वाह तुमने तो कमाल कर दिया (। / ? / !)

### 3. क्क, म्म से द्वित्व वर्ण वाले दो-दो शब्द लिखो।

**क्क-** ..................., ...................,

**म्म -** ..................., ...................,

## 5) आश्चर्यजनक प्रश्न

**प्र. नदी की बाढ़ में यदि फूल और काँटा बहकर आते तो आपस में क्या बातें करते? सोचकर लिखो।**

*(उद्देश्य - पाठ 12 से 14 तक अर्जित ज्ञान की जाँच करना।)*